फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 317 प्रभात जयपुर, बुधवार 22 जून, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**The Yadgar Traffic Police Clock Towers Needs To Be Saved!**

Yadgar Traffic Police Station clock tower can be missed, "You can't blame yourself for not noticing it before... the structure is in dire need for some upkeep."

**Biodegradable Plastic**

**Perfect Puddle Jumping**



*रात्रि में होने वाला प्रकाश प्रदूषण मोनार्क तितली के आन्तरिक कॉम्पस को उलट सकता है और रास्ता ढूंढने की उसकी क्षमता में व्यवधान डाल सकता है। कृत्रिम प्रकाश, जैसे घर के पोर्च की लाइट, सड़क की लाइट, मोनार्क तितली की सर्केडियन रिद्म (शरीर की आंतरिक घड़ी की लय) को बाधित कर सकती है, जिससे मोनार्क तितलियां रास्ता भटक सकती हैं। युनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी के सहायक प्रोफेसर और शोध लेखक पैट्रिक ग्वेरा ने कहा कि, तितलियों के लिए अंधेरा बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि सर्केडियन क्लॉक तभी काम करती है जब तितलियाँ प्राकृतिक दिन-रात के चक्र के सम्पर्क में आती हैं, अंधेरे के बिना तितली की सर्केडियन क्लॉक काम नहीं कर सकती। हर साल लाखों की तादाद में मोनार्क तितलियां माइग्रेशन करती हैं और उत्तरी अमेरिका के उत्तरी भाग से कैलिफोर्निया और मैक्सिको जाती हैं और वहां से लौटती हैं। लेकिन गलत समय पर बहुत सारा प्रकाश मिलने से तितलियां गलत समय पर उड़ने के लिए प्रेरित हो सकती हैं, जबकि उस समय उन्हें विश्राम करना चाहिए। ग्वेरा ने कहा, ''हमारा लक्ष्य यह समझना था कि, किस प्रकार मौजूदा पर्यावरणीय तनाव, जैसे शहरीकरण के कारण उत्पन्न विभिन्न प्रकार के तनाव, जानवरों के माइग्रेशन को प्रभावित करते हैं। शोध के लिए वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में तितली पर कृत्रिम रौशनी के प्रभाव का अध्ययन किया। उन्होंने कहा, तितली को फ्लाइट सिम्युलेटर (एक तरह का बटर फ्लाई ट्रैडमिल) पर रखा गया, जिस पर हम उनके उड़ान सम्बंधी व्यवहार का अध्ययन कर सकते हैं। हमने उनका कृत्रिम प्रकाश से सामना करवाया। हमने देखा, जब अंधेरे में तितली को फ्लाइट सिम्युलेटर पर रखा गया तो वे शांत बैठी रहीं पर जैसे ही वैज्ञानिकों ने लाइट जलाई वे उड़ने लगीं, क्योंकि प्रकाश से संपर्क में आते ही उन्हें लगा कि दिन हो गया है। इस स्थिति में आने पर उन्हें रात में देर तक उड़ना पड़ सकता है या वे सुबह वे जल्दी उड़ना शुरु कर सकती हैं। ग्वेरा ने कहा कि, प्रकाश प्रदूषण, खासकर रात के समय के प्रकाश प्रदूषण के कारण जानवरों को ऐसे समय में दिन का अनुमान होने लगता है, जब असल में रात होती है और उस समय उन्हें आराम करना होता है। ये नतीजे जर्नल साईन्स में छपे हैं।*

## भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को चुना

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जून। झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मु (59 वर्ष), जो ओडिशा की आदिवासी महिला नेता हैं, को राष्ट्रपति चुनाव के लिए एन.डी.ए. का प्रत्याशी चुना गया है।

वे मई 2015 में झारखंड की राज्यपाल बनी थीं और पूरे 5 साल इस पद पर रहीं।

- **मुर्मू, जो झारखण्ड की राज्यपाल थीं, तथा ओडिशा की आदिवासी महिला हैं, अब भाजपा की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार होंगी।**

भाजपा के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में बाद घोषणा की कि, पहली बार आदिवासी महिला प्रत्याशी को प्राथमिकता दी गई है।

नड्डा ने कहा कि, हम आगामी राष्ट्रपति चुनावों में एन.डी.ए. प्रत्याशी के रूप में भाजपा द्रौपदी मुर्मु की उम्मीदवारी की घोषणा करते हैं।

मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, रक्षा मंत्री रामनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह व केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी व अन्य प्रमुख नेता भी मौजूद थे।

# यशवंत सिन्हा राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के प्रत्याशी बने

## यशवंत सिन्हा 1993 में भाजपा नेता लाल कृष्ण अडवाणी द्वारा पार्टी में शामिल किये गये थे तथा अडवाणी खुद सिन्हा के ''संरक्षक'' रहे थे भाजपा में

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जून। विपक्ष के नेता आज अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में केन्द्रीय मंत्री रह चुके यशवंत सिन्हा को 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिये अपना सर्वसम्मत उम्मीदवार बनाने के लिए सहमत हो गये।

इसे एक विडम्बना या परिस्थितियों का उलटफेर ही कहा जायेगा कि जिन सिन्हा को भाजपा के निर्माताओं में से एक एल.के. आडवाणी, जो देश के उपप्रधानमंत्री भी रह चुके हैं, भाजपा में लाये थे, वही सिन्हा आज सत्तारूढ़ भाजपा के प्रत्याशी को चुनौती दे रहे हैं।

मुझे 1993 की वह प्रेस कॉन्फ्रेंस याद आ रही है, जिसमें आडवाणी ने सिन्हा के पार्टी में प्रवेश को ''दिवाली का उपहार'' बताया था। आडवाणी

- **अपनी जीवनी, ''रिलैन्टलैस'' में सिन्हा ने लिखा है कि, उनकी जन्म तिथि इतिहास की भूल भूलैया में कहीं ''खो'' गयी है, पर स्कूल रिकॉर्ड में उनका जन्म दिन 6 नवम्बर, 1937 दर्ज है।**
- **सिन्हा, पोलिटिकल साइन्स में, पटना युनिवर्सिटी से एम.ए. करने के बाद 1960 में आई.ए.एस. बने, तथा 25 वर्ष के कार्यकाल में कई पदों पर रहने के बाद, केन्द्रीय सरकार में वित्त सचिव भी बने।**
- **1987 में, जयप्रकाश नारायण से प्रभावित होकर, सरकारी सेवा से इस्तीफा देकर, राजनीति में कूदे, तथा 1986 में जनता पार्टी के महासचिव नियुक्त हुए, तथा फिर पार्टी ने उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाया।**
- **1990 में चन्द्रशेखर की सरकार में वित्त मंत्री बने।**
- **2018 में सिन्हा ने राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की पर, फिर 2021 में प. बंगाल के विधानसभा चुनाव से पूर्व ममता बनर्जी का नेतृत्व स्वीकार करते हुए, तृणमूल कांग्रेस से जुड़े तथा, उपाध्यक्ष का पद संभाला।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगेगा?

**-श्री नन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जून। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शिव सेना के मंत्री एकनाथ शिन्दे के राज्य से गायब हो जाने के परिणाम स्वरूप, महाराष्ट्र राष्ट्रपति शासन के दौर की तरफ बढ़ रहा है। ऐसी रिपोर्ट हैं कि शिन्दे, शिव सेना के कुछ विधायकों के साथ, गुजरात के सूरत शहर में डेरा डाले हुये हैं।

288 सदस्यीय विधान सभा (एक सीट खाली) में, किसी पार्टी या गठबंधन को सामान्य बहुमत के लिये 144 सीटें चाहिये। इस समय भाजपा के विधायकों की संख्या 106 है तथा भगवा पार्टी के लिये यह बड़ा मुश्किल होगा कि वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एम.वी.ए. सरकार के गिरने की स्थिति में, इतने कम समय में बहुमत के आँकड़े तक पहुँचने की व्यवस्था कर सके। महाराष्ट्र विधानसभा में 16 निर्दलीय विधायक हैं, जिनमें से कई विधायक शिव सेना कोटा से मंत्री बने हुए हैं। यह भी अनिश्चित ही है कि शिन्दे को उतने विधायकों का समर्थन मिल जायेगा, जितने विधायकों की जरूरत, दलबदल-विरोधी कानून से बचने के लिये होगी।

भाजपा सूत्रों ने कहा कि इसलिये, अगर ठाकरे सरकार अपने निजी अन्तर्विरोधों के चलते गिर भी जाती है तो भाजपा सरकार बनाने के लिये अपना दावा प्रस्तुत करने के लिये कुछ समय चाहेगी। पिछले विधान सभा चुनावों के बाद, भाजपा का ''पैचवर्क'' सरकार का अनुभव उस समय बहुत ज्यादा खराब रहा था, जब देवेन्द्र फड्नवीस को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के चन्द दिन के अन्दर ही इस्तीफा देना पड़ा था। इस बीच एम वी ए पार्टनर नुकसान को रोकने तथा उसकी भरपाई करने के लिये जबरदस्त कोशिश कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने शिन्दे से बातचीत करने के लिये अपना एक दूत सूरत भेज दिया है। एन सी पी नेता शरद पवार, जो आज दिल्ली में थे, देर शाम के समय मुम्बई लौट गये हैं, जहाँ वे एन सी पी विधायकों की मीटिंग लेंगे। कांग्रेस ने कमलनाथ को भेज दिया है, जिनके स्वयं के साथ यह विडम्बना रही कि जब वे मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री थे, उस समय वे ज्योतिरादित्य के नेतृत्व में होने वाली बगावत को नहीं भांप सके थे।

- **शिव सेना के विधायकों की बगावत के बाद भी, भाजपा महाराष्ट्र विधानसभा में शायद बहुमत हासिल न कर पाये।**

शिव सेना अतीत में भी कई संकटों से सफलतापूर्वक गुजर चुकी है। 1991 में छगन भुजबल, जो इस समय महाराष्ट्र में मंत्री हैं, ने बगावत कर दी थी तथा शिवसेना (बी) पार्टी बना ली थी। इसके बाद, बाल ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे ने 2005 में पार्टी छोड़ कर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली थी। उसी साल,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अग्निपथ

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जून। मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने, छत्तीसगढ़ के कांग्रेस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मांग की प्रतिक्रिया स्वरुप जारी विरोध प्रदर्शनों के कारण अग्निपथ स्कीम वापस लिए जाने की संभावना से इंकार कर दिया।

बघेल ने कहा, पूरा देश इस योजना के विरोध में आंदोलन कर रहा है और यह देश के लोक-कल्याण के हित में नहीं है, युवा नाराज़ है। मु.मंत्री ने कहा,

- **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने स्पष्ट किया, अग्निपथ स्कीम को वापस लेने की कोई संभावना नहीं है।**

''भाजपा कह रही है वो उन्हें (4 वर्ष बाद रिटायर हो रहे युवाओं) ऑफिसों में चपरासी की नौकरी देगी। क्या केन्द्र ने क्लास फॉर के पद अभी से समाप्त कर दिए हैं। ये लोग आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।''

अग्निपथ योजना को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों हैशटैग अग्निपथ स्कीम पर एन.एस.ए. अजीत डोवाल ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शिव सेना नेता व नगरीय विकास मंत्री शिंदे ने अपने 21 विधायकों के साथ पार्टी छोड़ी

## मु.मंत्री उद्धव ठाकरे ने शिंदे को पार्टी के मुख्य सचेतक के पद से हटाया

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जून। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तीन पार्टियों की गठबंधन सरकार के समक्ष एक बड़ी चुनौती आ खड़ी हुई क्योंकि वरिष्ठ मंत्री गत रात्रि सूरत चले गए और अपने साथ 21 विधायकों को भी ले गए उन्होंने अपनी पार्टी शिवसेना के खिलाफ बगावत कर दी है।

उद्धव ठाकरे ने शिंदे के खिलाफ त्वरित कार्यवाही की और उन्हें पार्टी के महत्वपूर्ण ''चीफ व्हिप'' (मुख्य सचेतक) पद से हटा दिया है। इधर शिंदे ने भी ट्विटर पर से शिव सेना में अपनी भूमिका का उल्लेख हटा दिया है।

शिंदे गुजरात के सूरत के एक रिसॉर्ट में हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके नेतृत्व में जी-22 ऐसे राज्य में ठहरा है जहां भाजपा की सरकार है इसलिए इस बगावत के पीछे भाजपा की भूमिका उजागर होती है।

महाराष्ट्र का संकट कथित रुप महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेन्द्र फड़नवीस की देन है, जो आज दिल्ली गए और अमित शाह से मिले फड़नवीस ने ही शिंदे के सूरत में ठहरने की व्यवस्था की है।

- **शिंदे की बगावत में पूर्व मु.मंत्री फड़णविस की मुख्य भूमिका।**
- **शिंदे की बगावत का तत्कालिक कारण गत रात्रि मु.मंत्री ठाकरे द्वारा शिंदे को लताड़ पिलाना बताया जाता है। ठाकरे की नाराज़गी का कारण शिव सेना के विधायकों द्वारा एम.एल.सी. के चुनाव में शिव सेना के उम्मीदवार के खिलाफ वोट करना था। ठाकरे इस कृत्य के लिये शिंदे को जिम्मेवार मानते हैं।**
- **पर, शिंदे काफी समय से शिव सेना के नेता संजय राउत को मु.मंत्री द्वारा दिये जा रहे महत्व से नाखुश भी थे।**

ठाकरे ने आज शाम ही एक आपातकालीन बैठक बुलाई पर उसमें बहुत कम लोग थे। उन्होंने शिंदे को मुख्य सचेतक पद से हटा दिया।

ठाकरे की सरकार शिव सेना, कांग्रेस और शरद पवार की एन.सी.पी. के सहयोग से बनी थी। यह गठबंधन 2019 में पवार ने बनाया। इस संकट में उनकी भूमिका पर भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या इस संकट में उनकी भी भूमिका है। क्योंकि पवार ने कहा है कि यह संकट शिव सेना का आंतरिक मामला है पर उन्हें कहा कि वे तीन पार्टी की सरकार के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है।

पवार ने सुबह यह भी कहा था कि वे शाम को बम्बई जाकर ठाकरे से मिलेंगे। सुबह वे दिल्ली में विपक्ष की एक मीटिंग में थे जिसमें यशवंत सिन्हा को संयुक्त विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद का प्रत्याशई घोषित किया गया।

यह संकट असल में ठाकरे द्वारा एकनाथ शिंदे को फटकारने से शुरु हुआ था क्योंकि सोमवार को हुए एक प्रमुख चुनाव में शिव सेना विधायकों ने भाजपा के लिए वोट क्रॉस वोटिंग की। उनकी इस हरकत की वजह से विधान परिषद की 10 में से 5 सीटें भाजपा जीत गई जबकि उसके हिस्से में सिर्फ चार सीटें ही आनी थीं।

शिंदे असल में शिव सेना में संजय राउत के बढ़ते दबदबे से नाखुश थे,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कमलनाथ

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जून। महाराष्ट्र का सत्तारूढ़ गठबंधन, जहाँ इस समय राजनैतिक रूप से अशांत है, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को वहाँ, अगले माह होने वाले राष्ट्रपति चुनाव तक के लिये पार्टी-पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है।

जिस अशान्ति से शिव सेना गुजर रही है, उससे कांग्रेस अप्रभावित बनी हुई है, लेकिन पार्टी नेतृत्व इस बात को लेकर परेशान है कि कांग्रेस को सोमवार को होने वाले विधान परिषद चुनावों में केवल एक ही सीट मिल रही है, जबकि विपक्षी दल भाजपा 5 सीटें जीत रहा है।

- **महाराष्ट्र में चल रही उथल-पुथल में कांग्रेस को सुरक्षित रखने की जिम्मेवारी कमलनाथ को सौंपी गई है।**

लेकिन नैशनलिस्ट पार्टी प्रमुख शरद पवार, जो महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) की शिव सेना के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के गठन में ''किंग मेकर'' की भूमिका में थे,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'यूक्रेन को दीर्घकाल तक मदद देकर हम यूक्रेन की ही नहीं अपनी भी सुरक्षा कर रहे हैं'

## नाटो के उच्चतम अधिकारी स्टोल्टेनबर्ग का यह भी कहना है कि, यूक्रेन को सहायता देकर हम विश्व को पुतिन जैसे लोगों के महत्वाकांक्षी व खतरनाक सपनों से बचायेंगे

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जून। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि यूक्रेन को एक लम्बे समय तक मजबूत समर्थन देकर ''हम तथा हमारे सहयोगी यूक्रेन के साथ ही अपनी खुद की भी सुरक्षा करेंगे और पुतिन तथा उनके जैसा काम करने के मंसूबे रखने वालों के घातक मंसूबों से दुनिया की रक्षा करेंगे।''

जॉनसन ने लिखा ''समय एक महत्वपूर्ण कारक है। सब कुछ इस पर निर्भर करेगा कि रूस जब तक हमला करने की अपनी क्षमता को पुनः जुटाए तब तक क्या यूक्रेन उससे भी तीव्र गति से अपनी सरजमीं की रक्षा करने की क्षमता बढ़ा सकता हैं। हमारा काम यूक्रेन की समय पर मदद करना है।''

स्टोल्टेनबर्ग आशावादी थे कि युद्ध में यूक्रेन पासा पलट सकता है ''हालांकि दोन्बास को रूस बहुत क्रूरता से अपने अधिकार में लेने के प्रयास में है। लेकिन यूक्रेन के सैनिक बहादुरी से लड़ रहे हैं। अधिक आधुनिक शस्त्रों के प्रयोग से संभावना यह बढ़ रही है कि यूक्रेन दोन्बास से एक बार फिर से पुतिन की सेना को खदेड़ने में कामयाब होगा।''

यूक्रेन की सेना सोवियत युग के गोला बारूद से लड़ रही है जो लड़ाई के पुराने सिस्टम में फिट बैठता है। जहां पश्चिमी हथियार सिस्टम यूक्रेन पहुंच रहे हैं, वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ैलैन्स्की ने इस हफ्ते चेतावनी दी कि इनके शीघ्रता से पहुंचने की जरुरत है क्योंकि रुस ने पूर्वी यूरोप में उसके दो शहरों के आसपास तोपें तैनात कर एडवांटेज ले ली है।

अमेरिकी अधिकारी जोर देकर कहते हैं कि लड़ाई के अग्रिम मोर्चे, पर पश्चिमी हथियार अब भी पहुंच रहे हैं, लेकिन स्थानीय खबरें इन हथियारों की कमी बता रही हैं और अग्रिम मोर्चे पर खड़े यूक्रेन के अधिकारी इन हथियारों की कमी की बड़े विचलित होकर शिकायत कर रहे हैं, जिससे इसको लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं कि पश्चिमी हथियारों की सप्लायी लाइन कितनी प्रभावी है?

- **''हमारे प्रयत्नों की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि, यूक्रेन कितनी जल्दी पश्चिमी देशों की सामरिक मदद से अपने आप को सुसज्जित कर लेता है, और किस स्पीड से रूस अपने नष्ट हो रहे हथियारों को नये हथियारों से ''रिप्लेस'' करता है।''**

बाइडन प्रशासन ने बुधवार को घोषणा की कि वह यूक्रेन को एक अरब डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता उपलब्ध करवाएगा। इस पैकेज में होवित्ज़र्स, गोला बारुद और तटीय सुरक्षा सिस्टम्स के अतिरिक्त शिपमैन्ट शामिल हैं। जॉनसन ने कहा कि ''यू.के. की योजना अपने मित्रों के साथ काम कर यूक्रेन की सेना को प्रशिक्षित करने की है और प्रत्येक 120 दिन में 10 हजार सैनिक तैयार किए जाएंगे।''

रुस जहां पूर्वी यूक्रेन में क्रमिक रुप से बढ़त बना रहा है, वहीं जॉनसन ने भीषण युद्ध में रुस की सेना के क्षीण हो जाने पर यह कहते हुए जोर दिया कि रुस को अपना पुराना सैन्य सिस्टम बदलने के लिए वर्षों, शायद दशकों की जरुरत पड़ेगी, लेकिन रुस की सेनाएं युद्ध के मोर्चे पर सैन्य उपकरण और गोलाबारुद इकट्ठा कर रही हैं कि शायद इतना जल्दी तो उसकी फैक्ट्रियों में इनका उत्पादन भी नहीं हो रहा होगा।

मई माह के अन्त में यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा था कि रुस की सैन्य यूनिट्स को सोवियत युग के असक्रिय टी-62 टैंकों से पुनः सुसज्जित किया गया है और लगता है कि ये टैंक पुराने स्टोर में से निकाले गए हैं।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि ''यू.के. और हमारे मित्रों को यह सुनिश्चित करते हुए प्रतिक्रिया देनी चाहिए कि यूक्रेन के पास स्वयं का अस्तित्व बनाए रखने के लिए सामरिक धैर्य हो और अन्ततः वह अपना संघर्ष जारी रखे।''

उन्होंने यूक्रेन की सहायता के लिए उठाए जाने वाले जरुरी कदमों के बारे में बताया। इनमें यह सुनिश्चित करते हुए यूक्रेन का संरक्षण कि उसे हथियार, सैन्य उपकरण, गोला-बारुद और सैन्य प्रशिक्षण इतनी शीघ्रता से मिले कि आक्रमणकारी इस सहायता से पहले अपनी सैन्य क्षमता में वृद्धि ना कर सके।

इसमें ब्लैक सी के रुस के मुख्य निर्यात मार्गो को अवरुद्ध कर यूक्रेन की अर्थव्यवस्था पर पकड़ बनाने की उसे रोकने के लिए वैकल्पिक भू मार्ग विकसित करना शामिल है।

## 'हमें भी सुनें'

**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 21 जून। सेना में निचले स्तर के पदों पर भर्ती के लिए बनी अग्निपथ योजना की राह में कोई रोड़ा ना अटके इसके लिए केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की है कि स्कीम के खिलाफ दायर याचिका पर कोई भी आदेश देने से पूर्व उनका पक्ष सुना जाए।

इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। एक याचिका में मांग की गई है कि रेल्वे सहित अन्य सार्वजनिक सम्पतियों को नुकसान पहुंचाने और केन्द्र की अग्निपथ योजना के खिलाफ चल रहे हिंसक प्रदर्शनों की जांच के लिए स्पेशल इन्वैस्टिगेशन टीम (एस.आई.टी.) गठित की जाए।

- **केन्द्रीय सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि, अग्निपथ स्कीम पर निर्णण देने से पहले वे केन्द्रीय सरकार का पक्ष जरूर सुनें।**

याचिका में केन्द्र और उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, हरियाणा और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**अधिकार जताने से अधिकार सिद्ध नहीं होता। –टैगोर**

# संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में हिन्दी वालों का भविष्य

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की 2021 की सिविल सेवा परीक्षा के इस बार के नतीजों ने एक बार फिर इसमें हिन्दी माध्यम के अभ्यर्थियों के सफल होने के अवसर का मुद्दा उठा दिया है। इस साल 685 उम्मीदवार सफल हुए हैं जिसमें राजस्थान के रवि कुमार सिहाग 18वीं रैंक के साथ इस बार हिंदी मीडियम से परीक्षा देने वालों में टॉपर बन कर इस मुद्दे को ऊपर ले आये हैं। 22वीं रैंक लाने वाले सुनील कुमार धनवंता हिंदी मीडियम के दूसरे टॉपर हैं। तो क्या इस परीक्षा में अपना स्थान हासिल करने लगी है यह सवाल उचित ही है। सात साल के बाद हिंदी माध्यम का कोई छात्र यूपीएससी पास करने वाले शीर्ष 25 उम्मीदवारों में जगह बना पाया है। इससे पहले सिविल सेवा की 2014 की परीक्षा में निशांत कुमार जैन 13वें स्थान पर रहे थे। पूछा जा सकता है कि क्या यूपीएससी पैटर्न में 2013 में हुए बदलाव के बाद, हिंदी माध्यम में परीक्षा देने वालों के लिए यह बेहतरीन प्रदर्शन है? केवल टॉप 25 में हिंदी मीडियम के दो सफल उम्मीदवारों को देखकर अभी से इस बात का अंदाज़ा लगाना मुश्किल है कि इस बार के नतीजे हिंदी मीडियम वालों के लिए पिछले 9 सालों में सबसे बेहतर हैं या नहीं। यूपीएससी इस बात की जानकारी नहीं देती कि सफल उम्मीदवारों ने किस मीडियम में परीक्षा दी थी, इसलिए इस प्रश्न का सीधा-सटीक उत्तर मिलना भी संभव नहीं है। किन्तु हिंदी मीडियम में यूपीएससी परीक्षा देने वालों की संख्या का अंदाज़ा यूपीएससी की वार्षिक रिपोर्ट और लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ़ एडमिनिस्ट्रेशन के आंकड़ों से मिलता है। कोचिंग संस्थानों के सर्वे से भी इन आंकड़ों की सच्चाई का एक अनुमान जरूर मिल जाता है,

देश की शासन व्यवस्था चलाने के लिए ब्यूरोक्रेसी की क़रीब 50 सेवाएं हैं। इनमें से लगभग आधे यानी 24 के लिए चयन सिविल सेवा परीक्षा के ज़रिए ही होता है। इस परीक्षा के ज़रिए तीन अखिल भारतीय सेवाओं में से दो यानी आईएएस और आईपीएस का चयन किया जाता है। वहीं भारतीय राजस्व सेवा (इनकम टैक्स), भारतीय राजस्व सेवा (कस्टम एंड एक्साइज़ ड्यूटी), भारतीय रेल की चार सेवाओं सहित कुल 22 केंद्रीय सेवाओं के लिए अफ़सरों का चयन इसी परीक्षा से होता है।

इस बार ऐसा जरूर लग रहा है कि यूपीएससी के परिणाम, बदलाव के बाद के सालों में बेहतर है। लेकिन यह अपवाद भी हो सकता है, क्योंकि 2020 और 2021 में तो हिंदी मीडियम का एक भी अभ्यर्थी टॉप 100 में नहीं था और उसके पहले के तीन चार सालों के हालात भी ऐसे ही थे। मेन्स का सिलेबस बदलने के पहले, टॉप 100 में हिंदी के 10-12 अभ्यर्थी होते थे। लेकिन नए सिलेबस पर 2013 में परीक्षा होने के बाद 2014 में जब परिणाम आया तो हिंदी मीडियम का जनरल कैटेगरी से एक भी कैंडिडेट आईएएस नहीं बन सका। उस बार हिंदी मीडियम का टॉपर 107 रैंक का था जबकि कुल सिलेक्शन क़रीब 25 ही लोगों का हुआ। हालांकि 2014 की परीक्षा में हिंदी मीडियम के प्रदर्शन में सुधार दिखा और क़रीब पाँच प्रतिशत अभ्यर्थी इसमें सफल हुए। उस साल हिंदी मीडियम के टॉपर की रैंक 13वीं थी।

लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ़ एडमिनिस्ट्रेशन की वेबसाइट पर मौजूद आंकड़ों के अनुसार, 2015 और 2016 की परीक्षा में हिंदी मीडियम वालों की सफलता दर लगभग चार-पांच प्रतिशत रही, लेकिन 2017 और 2018 की परीक्षा में ये आंकड़ा फिर से दो-तीन प्रतिशत के बीच पहुंच गया। 2017 की परीक्षा के जो नतीज़े 2018 में आए उनमें हिंदी मीडियम का टॉप रैंक 337 रहा। इस वजह से सामान्य श्रेणी के तहत हिंदी मीडियम से परीक्षा देने वाला एक भी कैंडिडेट आईएएस, आईपीएस या आईआरएस अधिकारी नहीं बन सका। वेबसाइट पर 2019 और 2020 के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। यूपीएससी की वार्षिक रिपोर्ट में मेन्स लिखने वालों के आंकड़ों को देखकर पता चलता है कि 2015 के बाद से हिंदी मीडियम से परीक्षा देने वालों का जो आंकड़ा गिर रहा है, वह 2019 और 2020 में भी गिरता गया है। साल 2015 में हिंदी मीडियम से परीक्षा देने वालों की संख्या 2,439 थी जो 2019 में घटकर 571 और 2020 में 486 रह गई। इस साल हिंदी मीडियम से परीक्षा पास करने वालों का सटीक आंकड़ा मिलना फ़िलहाल संभव नहीं है। जानकार लोग उम्मीद जता रहे हैं कि इस बार 50 से 60 लोग हिंदी मीडियम से चयनित हुए होंगे लेकिन ये भी पैटर्न में बदलाव से पहले की तुलना में कम है।

**हिंदी में परीक्षा देने वालों का ख़राब प्रदर्शन देश की शिक्षा व्यवस्था, अंग्रेज़ी को लेकर सरकारों की नीति, और देवनागरी लिपि को लिखने में अंग्रेज़ी की तुलना में ज़्यादा वक़्त लगने आदि को भी माना जाता है। भाषा का संस्कृति के साथ संबंध गहरा संबंध होता है।**

2010 में खन्ना समिति की सिफ़ारिश के बाद 2011 से प्रारम्भिक परीक्षा का पुराना पैटर्न बदलकर दूसरे पेपर के रूप में सिविल सेवा योग्यता परीक्षा को लाया गया जिसे लेकर पूरे काफ़ी विरोध और विवाद हुआ। 2014 में तो इसके ख़िलाफ़ जमकर विरोध प्रदर्शन होने के बाद यूपीएससी ने बासवान समिति बनाई, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद 2015 से इसे क्वालिफाईंग बना दिया गया। प्रारम्भिक (प्रिलिमिनरी) के इस पेपर में अब किसी अभ्यर्थी को कुल 200 अंकों में से केवल 66 अंक ही लाने होते हैं। इसके बावजूद अब भी कई लोग इसे पूरी तरह हटाए जाने की मांग कर रहे हैं। यूपीएससी ने पीटी का पैटर्न बदलने के दो साल बाद यानी 2013 में मेन्स के पैटर्न और सिलेबस को भी बदल दिया। इस बदलाव की ख़ासियत यह रही कि इसमें चुने जा सकने वाले वैकल्पिक विषय को दो (चार पेपर) से घटाकर एक (दो पेपर) कर दिया गया। इसके साथ ही, सामान्य अध्ययन के पेपरों को दो से बढ़ाकर चार कर दिया गया। निबंध और दो अनिवार्य भाषाओं के कुल तीन पेपर पहले की ही तरह बने रहे। इस बारे में सबकी राय एक जैसी नहीं है। किसी के अनुसार यह यूपीएससी की नीति और परीक्षा पैटर्न के चलते हुआ है, तो कोई इसे छात्रों की विफलता क़रार देते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो इसके लिए सरकार की नाकामी और देश के सिस्टम की विफलता को ज़िम्मेदार मानते हैं।

बहुत से लोग यूपीएससी में हिंदी मीडियम के ख़राब प्रदर्शन की वज़ह अंठोज़ी के बढ़ते दबदबे को मानते हैं। उनका कहना है कि, प्रशासन में बैठे कुलीन लोग शिक्षा और भाषा को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। उनकी यह चुप्पी बताती है कि अंग्रेज़ी के दबदबे को बढ़ाने में उनकी सहमति है। तो दूसरी तरफ यह भी कहा जा रहा है कि आज के दौर में जब किसी अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि वह दुनिया को जाने और उनसे इन्टरैक्ट करें तो इसके लिए अंग्रेज़ी जानना तो ज़रूरी होगा ही। छात्रों को इन बातों में ज़्यादा वक़्त गंवाने के बजाय अंग्रेज़ी पर काम करने पर लगाना चाहिए। वहीं इस बार की परीक्षा में चयनित एक अभ्यर्थी का कहना है कि असल समस्या अंग्रेज़ी नहीं हिंदी है। वर्ष 2011 में सी सेट आने से पहले क़रीब चार से पांच हज़ार छात्र हिंदी मीडियम से मेन्स की परीक्षा देते थे, लेकिन 2015 में सी सेट की परीक्षा से अंग्रेज़ी के हटने के बाद भी यह आंकड़ा घटकर केवल पांच से छह सौ रह गया है। इसकी वजह अंग्रेज़ी नहीं हिंदी का ख़राब और मशीनी अनुवाद है। जैसे एक दो साल पहले सिविल डिस ओबिडिएंस मूवमेंट का अनुवाद असहयोग आंदोलन किया गया था। इंप्लीकेशन का अनुवाद उलझन, लैंड रिफ़ॉर्म का अनुवाद आर्थिक सुधार किया गया था। दिक्कत यह है कि निर्देश में लिखा होता है कि किसी ग़लती की सूरत में अंग्रेज़ी टेक्स्ट ही मान्य होगा। यूपीएससी ऐसा कहकर अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है।

यह भी दावा किया जा रहा है कि जब से सी सेट और मेन्स का नया पैटर्न आया है तब से मानविकी और कला के साथ-साथ ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए इस परीक्षा में आगे बढ़ना मुश्किल हो गया है। सीसेट यह कहकर लाया गया था कि इससे सभी पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए एक समान स्तर तैयार हो सकेगा, पर हुआ इसका ठीक उल्टा। 2011 के पहले की तुलना में अब केवल 10 फ़ीसदी हिंदी मीडियम के विद्यार्थी ही पीटी क्वालिफ़ाई कर पा रहे हैं। मेन्स के सिलेबस मटीरियल की कमी 2015 या 2016 तक समस्या की वजह बनी, लेकिन पीटी की समस्या अब भी बनी हुई है। आंकड़े भी इसकी गवाही देते हैं। पैराग्राफ़ के जटिल अनुवाद, गणित और रीज़निंग के चलते जो इन चीज़ों में सहज नहीं हैं, उनके लिए सी सेट का पेपर क्वालिफ़ाइंग होते हुए भी आसान नहीं रह गया है। जानकारों का कहना ह। आई कि यदि पीटी पास करने वालों की संख्या बढ़ेगी तो हिंदी मीडियम का प्रदर्शन भी सुधर जाएगा।

हिंदी में परीक्षा देने वालों का ख़राब प्रदर्शन देश की शिक्षा व्यवस्था, अंग्रेज़ी को लेकर सरकारों की नीति, और देवनागरी लिपि को लिखने में अंग्रेज़ी की तुलना में ज़्यादा वक़्त लगने आदि को भी माना जाता है। भाषा का न केवल संस्कृति के साथ संबंध गहरा संबंध होता है, बल्कि वह व्यक्ति की आर्थिक हैसियत से भी गहराई से जुड़ी होती है। इसी से तकनीक की उपलब्धता भी तय होती है। इसके लिए सरकार को सहानुभूति वाला रवैया अपनाकर अनुकूल रुख़ अपनाना होगा,क्योंकि हर जाति और धर्म की तरह हर भाषा में प्रतिभा समान रूप से पाई जाती है। हमें उन पर भरोसा करके सही नीति के ज़रिए उनका विकास करना होगा, नहीं तो अंगेज़ी की ज़रूरत बताते-बताते एक दिन हमारी भाषा इतनी पिछड़ जाएगी और वैश्वीकरण के चक्कर में हम अपनी भाषा के साथ संस्कृति से भी विमुख हो जाएंगे।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# दर्पण कोशिकाएँ - मन दर्पण -2



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

**इमिटेशन कोशिकाएँ :** कुछ दिनों का अबोध नवजात शिशु। आपकी ओर देख रहा है। आप उसे जीभ निकाल कर चिढायें। प्रतिक्रिया में शिशु भी जीभ निकाल देता है। यह कैसे हुआ? उसने जीभ निकालना कब सीखा? जीभ निकालते देखा और जीभ निकाल दी। यह सब दर्पण कोशिकाओं से संभव हुआ। दर्पण कोशिकाओं में दृश्य अनुरूप मांस-पेशियों को उद्वेलित करने की क्षमता जन्मजात होती है जो और विकसित होती रहती है। आवाज सुन कर उसी अनुरूप स्वर-यंत्र की मांस-पेशियों को उद्वेलित करने की क्षमता का आधार भी यही है। देख-सुन कर बोलना सीखने का यही आधार है। बड़ी उम्र में बहरा हुआ व्यक्ति आपके होठों के हिलने और हाव-भाव से बोली समझ लेता है, जवाब देता है। बढ़ई अपने पिता को काम करते हुए देख कर काष्ठ कला में क्षमता और दक्षता हासिल कर लेता है। यह सब दर्पण कोशिकाओं का कमाल है। भाषा सीखने - लेंगवेज लर्निंग - में दर्पण कोशिकाओं की प्रमुख भूमिका होती है। भाव और भाषा द्वारा बहुआयामी संप्रेषण की आधार कोशिकाएँ दर्पण कोशिकाएँ होती हैं।

**हाव-भाव, बाडी लेंग्वेज व एक्शन अन्डरस्टेंडिग :** प्रयोगों से यह ज्ञात हुआ है कि दर्पण कोशिकाओं में चेहरे के हाव-भाव और शरीर की भंगिमा को देख, उनका विश्लेषण कर, उनके पीछे उस व्यक्ति का सोच क्या है, यह समझने की क्षमता होती है। एक व्यक्ति टेबल पर रखे पानी के गिलास को उठाने के लिए हाथ बढ़ा रहा है। सामने वाले व्यक्ति के मस्तिष्क में दृश्य अंकित हो रहा है। दर्पण कोशिकाएँ लक्ष्यपरक कर्म के पीछे के सोच को समझने की क्षमता रखती हैं। आँखें बोलती हैं, मन के भाव वहाँ प्रतिलक्षित होते हैं, चेहरे के भाव, शरीर की हर जुम्बिश, भंगिमा, मन के भाव बोलते हैं। सामने वाले की दर्पण कोशिकाओं में सब प्रतिबिम्बित होता है- क्रियाएँ, कर्म, संवेग और सोच। आपका मन (दर्पण कोशिकाएँ) सामने वाले के मन (दर्पण कोशिकाओं) का दर्पण होता है। हर कर्म में नियत सोच, विचार की चेतना, अनुभूति और स्मृति।

**विचार और मांस-पेशियों का एक्शन पोटेन्शियल :** किसी कर्म के पीछे विचार और आशय को समझने की विलक्षण क्षमता दर्पण कोशिकाओं में होती है। सामने वाले व्यक्ति ने दोनों मुट्ठियाँ बंद कर हाथ बाक्सर की मुद्रा में उठा लिए हैं, गुस्सैल नजरों से घूर रहा है। आपकी दर्पण कोशिकाएँ प्रतिबिम्ब का आशय भांप जाती है कि सामने वाला आक्रमण करने वाला है। बचाव में आपको भागना है या मुकाबला करना है। और उसी के अनुरूप मांसपेशियों को तैयार रहने की सूचना भेजनी है। प्रयोग से मालूम हुआ कि विचार के अनुरूप प्रायोजित मांसपेशियों में उत्तेजना बढ़ जाती है, वे कार्य करने को तत्पर हो जाती हैं। यह तत्परता इलेक्ट्रिक एक्टिविटि - एक्शन पोटेंशियल - के रूप में मांस-पेशियों में मापी जा सकती है। दर्पण कोशिकाओं में बिम्ब और सामने वाले की मांस-पेशियों से जनित बॉडी लेंग्वेज के अनुरूप आपकी मांस-पेशियों में प्रतिक्रियात्मक तैयारी हो जाती है। ये कोशिकाएँ सामने वाले के हाव, भाव, भंगिमा का बड़ा सूक्ष्म विश्लेषण करती हैं।

**आँखें बोलती हैं :** एक प्रयोगकर्ता ने बंदर को अक्षर ज्ञान सिखाया। वे बंदर को अक्षर का नाम बोलते, उसकी ओर इशारा कर अक्षर पहचानवाते, फिर अक्षर का नाम बोल उसे हाथ से उठाने को कहते। सही अक्षर उठाने पर उसे उसकी प्रिय चीज इनाम के रूप में खाने को देते। बंदर अंग्रेजी वर्णमाला के सभी अक्षर पहचानने लगा। प्रयोगकर्ता बड़े फख से इसको दिखाते। एक बार जब वे ऐसा करने को आये तो उन्होंने काला चश्मा पहन रखा था। अक्षर का नाम बोल कर उसे उठाने को कहा। बंदर उनकी ओर ताकता रहा, उसने अक्षर नहीं उठाया। बार-बार कहने, फुसलाने, डाटने पर भी नहीं। तब चश्मा उतार कर उन्होंने बंदर से आँख मिलाई और आँख के इशारे से बोला गया अक्षर उठाने को कहा। बंदर ने तुरंत वह अक्षर पहचान लिया। चश्मा उतारे जितनी बार उन्होंने अक्षर पहचानवाया, बंदर ने पहचाना। लेकिन जैसे ही प्रयोगकर्ता ने वापस चश्मा पहन कर ऐसा किया, बंदर अक्षर नहीं पहचान पाया। जाहिर था कि बंदर आँखों के सूक्ष्म इशारे के अपने मस्तिष्क में बने प्रतिबिंब का आशय पहचान कर ऐसा कर रहा था। उसकी दर्पण कोशिकाएँ प्रयोगकर्ता के आँखों के बोल सुन और समझ रही थीं।

**सामाजिक सरोकार, सभ्यता, संस्कृति :** मनुष्यों में सामाजिक सरोकार की जनक दर्पण कोशिकाएँ ही हैं। बाहरी जगत से सतत समग्र संवाद का माध्यम ये कोशिकाऐं हैं। भाषा और बोली का विकास इन्हीं से संभव हुआ है। भावानुभूति और भावाभिव्यक्ति का आधार इन्हीं से है। दर्शन का उद्गम ये कोशिकाएँ ही हैं। ओटिज्म, जिसका प्रमुख लक्षण बच्चे में सामाजिक सरोकार और सम्बन्ध बनाने में कमी होती है, दर्पण कोशिकाओं में दोष के. कारण होती है।

**सेल्फ इमेज :** ज्ञानेन्द्रियों से प्राप्त सतत संवेगों के समन्वय से स्वयं के शरीर का मानसिक चित्र दायें कोर्टेक्स के अग्र भाग में बनता है। वहाँ स्थित दर्पण कोशिकाएँ इस स्वचित्र के निर्माण और इसके बाहरी जगत से संवाद और सरोकार में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। बाहरी जगत से बहुआयामी संवाद का केन्द्र-बिन्दु ये ही होती हैं। किसी भी प्राणी का अस्तित्व सर्वथा स्वतंत्र नहीं होता। अपनी सेल्फ इमेज के आधार पर प्राणी सदा अपने परिवेश से सतत संवाद कर जुड़ा रहता है। इस बहुआयामी सतत संवाद से ही जीवन संभव है।

**ट्रांसक्रेनियल मेग्नेटिक स्टिमुलेशन :** इस विधि में एक उपकरण द्वारा चुम्बकीय तरंगे उत्पन्न की जाती हैं। ये तरंगे बिजली के करंट जैसे खोपड़ी की हड्डी के पार जा कर मस्तिष्क को प्रभावित कर सकती हैं। उपकरण को खोपड़ी पर उचित जगह रख वहां अन्दर स्थित मस्तिष्क के चिन्हित भाग को उद्वेलित या क्रियाशून्य किया जाता है। प्रयोगकर्ताओं ने मनुष्य में चिन्हित दर्पण कोशिकाओं को उद्वेलित या क्रियाशून्य कर उसका असर देखा।

क्रियाशून्य हुई दर्पण कोशिकाओं से सम्बंधित लक्ष्य परक कर्म के पीछे विचारों को आंकने और उसके अनुरूप आचार, व्यवहार और समाजिक सरोकार में कमी मिली। इस प्रकार दर्पण कोशिकाओं के चिन्हित समूह की कार्यक्षमता को पहचाना गया। अब इस विधि से मस्तिष्क के चिन्हित भागों को प्रभावित कर मानसिक रोगों का उपचार किया जाता है, विशेषकर उनका जो दवाओं से ठीक नहीं होते या ठीक नहीं हो सकते।

**डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

## बीछवाल में बायोलॉजिकल पार्क के पास ही 25 हैक्टेयर में बनेगा बॉटैनिकल गार्डन

- **शहर का बायोलॉजिकल पार्क टूरिज्म सेंटर होगा**

**बीकानेर,** (कासं)। जल्दी ही बीकानेर की जनता को बीछवाल में 25 हैक्टेयर में तैयार बॉटनिकल गार्डन मिलेगा जो रमणीय स्थल होने के साथ ही राजस्थान की जलवायु वाले पेड़-पौधों की जानकारी भी देगा। इस पर पांच करोड़ रुपए खर्च होंगे। बीकानेर में वन विभाग बॉटनिकल गार्डन बना रहा है। इसके लिए बीछवाल में बायोलॉजिक पार्क के पास 25 हैक्टेयर जमीन चिह्नित कर ली गई है। इसमें राजस्थान की जलवायु में पनपने वाले अलग-अलग प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे।

ये पौधे ब्लॉक बनाकर आकर्षक तरीके से लगाए जाएंगे और उनके बारे में जानकारी भी अंकित की जाएगी । वन विभाग गार्डन को टूरिज्म से जोड़ेगा। उसे रमणीय बनाया जाएगा जिससे कि स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले लोग भी वहां पहुंचकर जानकारी हासिल कर सके। जल्दी ही बॉटनिकल पार्क की डीपीआर तैयार की जाएगी। चिह्नित जमीन का सर्वे कर तय किया जाएगा कि कुल कितने पौधे लगेंगे और उनके बीच की दूरी क्या होगी। बबूल, पलाश, खेजड़ी, अमलताश, बोरड़ी, कैर, जाल, रोहिड़ा, गोरख इमली, झरबेला, फोग, नीम, ऐलोविरा, कुमटा। इनके अलावा औषधीय पौधे कंटकारी, पीली कंटीली, अश्वगंधा। प्रायोगिक तौर पर शहतूत व अन्य पौधे भी लगाए जाएंगे। शहर के नजदीक बीछवाल में वन विभाग के पास खासी जमीन है। वहीं बायोलॉजिकल पार्क भी तैयार किया जा रहा है जो बीकानेर शहर में टूरिज्म सेंटर होगा। इसे देखते हुए बॉटनिकल पार्क भी बायोलॉजिक पार्क के पास ही बनाने का फैसला किया गया है जिससे कि पर्यटन को बढ़ावा मिले।

## नवजात का शव कचरे में फेंका

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के न्यू पावर हाउस रोड स्थित इंद्रा गांधी पार्क के पास में बने डंपिंग स्टेशन पर आज सुबह स्कूटी पर सवार होहर आई महिलाओं ने एक नवजात का शव कचरे में फेंका और भाग निकली। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और नवजात के शव को बरामद कर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। नवजात कन्या होना बताया गया है।

सेक्टर 4 एफ के नजदीक कचरा बीनने वाली एक लडकी ने क्षेत्र के लोगों को बताया कि एक स्कूटी पर सवार होकर आई दो महिलाएं एक प्लास्टिक के कट्टे में कोई चीज कचरा पात्र में फैंक कर गई है। थोड़ी देर बाद लड़की ने बताया कि इसमें एक बच्ची है। इससे लोग चौंक उठे।

सूचना मिलने पर वार्ड नंबर 49 दक्षिण के पार्षद दौलतसिंह भी मौके पर पहुंचे। आशंका है कि नवजात कन्या के शव को अवैध पैदाइश छुपाने के इरादे से डाला गया। क्षेत्र में आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से स्कूटी सवार महिलाओं के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरस में 3 माह से चिकित्सक का पद रिक्त

- **कंपाउंडर का भी हुआ ट्रांसफर, एएनएम का पद पहले से ही है रिक्त**
- **मरीजों को हो रही है परेशानी**

**निवाई,** (निसं)। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरस में चिकित्सक व एएनएम का पद रिक्त होने से मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

सरपंच शिवजीराम जाट, ताराचंद चौधरी, रमेश गोस्वामी, लक्ष्मण सिंह चौहान, गिरधर सिंह व नेमीचंद जैन सहित अन्य लोगों ने बताया कि चिकित्सा विभाग की अनदेखी के चलते स्वास्थ्य केन्द्र पर असुविधा बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में नियुक्त चिकित्सक का स्थानांतरण हो जाने के 3 महीने बाद भी दूसरा चिकित्सक नहीं लगाया गया है। इसकी वजह से मरीजों को टोंक या निवाई जाना पड़ता है। वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एक कंपाउंडर के भरोसे ही चल रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक लगाने के बजाय कार्यरत कम्पाउण्डर का ट्रांसफर भी करने के आदेश कर दिए हैं जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया है। स्वास्थ्य केन्द्र में एएनएम का पद भी काफी समय से रिक्त चल रहा है जिसकी वजह से प्रसव पीड़ित महिलाओं को दूर-दराज में अन्यत्र ले जाना पड़ता है जिससे भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

सरपंच शिवजीराम जाट सहित ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरस पर चिकित्सक व पूरा स्टाफ लगाने की मांग की है।

# भारत के सभी धर्मों में आदिकाल से रहा है योग का महत्व



हरिओमसिंह गुर्जर

भारत की सांस्कृतिक विरासत योग को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने के लिए 27 सितम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69 वें सत्र को संबोधित करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व समुदाय से आव्हान किया। 11 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 177 सह-समर्थक देशों के साथ 21 जून को "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" मनाने का संकल्प सर्वसम्मति से अनुमोदित किया जाए ।

**प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस :** प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का 21 जून, 2015 को राजपथ नई दिल्ली में सफल आयोजन किया। जिसमें दो गिनीज विश्व रिकॉर्ड बने प्रथम 35,985 प्रतिभागियों के साथ सबसे बड़ा योग सत्र तथा दूसरा अभ्यास सत्र में 84 देशों के नागरिकों की प्रतिभागिता का होना। इसी श्रृंखला में "सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए योग" विषय पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई जिसमें भारत तथा विदेश से लगभग 1300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**योग का संक्षिप्त इतिहास -** श्रुति परम्परा के अनुसार भगवान शिव योग विद्या के प्रथम आदि गुरू या आदियोगी हैं। हजारों वर्ष पूर्व हिमालय में कांति सरोवर झील के किनारे आदियोगी ने योग का गूढ़ ज्ञान पौराणिक सप्त ऋषियों को दिया था।

सिंधु, सरस्वती घाटी सभ्यता में योग साधाना करती अनेक आकृतियों के साथ प्राप्त ढ़ेरों मुहरें एवं जीवाश्म अवशेष इस बात के प्रमाण है कि प्राचीन भारत में योग का अस्तित्व था। वैदिक एवं उपनिषद परम्परा, शैव, वैष्णव तथा तांत्रिक परम्परा, भारतीय दर्शन, रामायण एवं श्रीमद् भगवत गीता समेत महाभारत जैसे महाकाव्यों, बौद्ध एवं जैन परम्परा के साथ-साथ विश्व की लोक विरासत में भी योग मिलता है। महर्षि पतंजलि ने उस समय के प्रचलित प्राचीन योग अभ्यासों को व्यवस्थित व वर्गीकृत किया और उनके निहितार्थ और इससे संबंधित ज्ञान को पांतजलीयोगसूत्र नामक ग्रन्थ में क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्थित किया।

**सनातन धर्म में योग दर्शन :** योग शब्द का अर्थ समाधि अर्थात चित्त की वृतियों का निरोध है। योग की प्रमुख चार पद्धितयां सनातन धर्म में प्रचलित रही हैं ज्ञान योग, भक्ति योग, कर्म योग एवं राजयोग। गीता में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कर्म योग एवं ज्ञान योग के बारे में संदेष दिया है। इसी प्रकार हठयोग में ह का अर्थ सूर्य अर्थात पिंगला नाडी एवं ठ का अर्थ चन्द्र अर्थात सुषुम्ना नाडी या स्वरों का मिलन से है।

महर्षि पतंजलि ने चित्त की वृत्तियों को पांच भागों में विभक्त किया है। प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति। इन पांचों प्रकार की क्लिष्टि और अक्लिष्ट वृत्तियों को रोक देना ही योग है। महर्षि पतंजलि का अष्टांग योग सार्वभौमिक, सार्वदेषिक, सार्वकालिक, प्रमाणिक व वैज्ञानिक माना जाता है। इसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि प्रमुख है।

स्वामी विवेकानन्द का भक्ति योग, महर्षि अरविन्द के दर्शन में सम्पूर्ण जीवन योग हैं और सम्पूर्ण मानवीय क्रियाऐं योग है। वर्तमान में स्वामी रामदेव द्वारा पतंजलि योगपीठ के माध्यम से भारतीय जनमानस तक योग के महत्व को साकार किया जा रहा है।

**बौद्ध योग दर्षन :** ध्यान बौद्ध साधना का हृदय है। बौद्ध परम्परा के अनुसार अकुशल चित्त के कारण ही साधक को संसार भ्रमण करना पड़ता है। इसलिए चित्त को स्थिर करने के लिये ही ध्यान की आवश्यक हैं। अर्थात् किसी एक पवित्र विषय पर चित्त स्थिर करना ही ध्यान है।

बौद्ध योग की भारत में प्रचलित ध्यान प्रणाली विपष्यना हैं। विपष्यना के लिए तीन शर्तें हैं जिनमें अनित्य का ज्ञान, दुखः का ज्ञान, और अनात्म का ज्ञान होने पर ही विपष्यना प्रगट होती है। विपष्यना में मौन का कड़ाई से पालन कराया जाता है।

**जैन योग दर्षन :** भगवान महावीर के सैकड़ों शिष्य केवलज्ञानी, अवधिज्ञानी और मनः पर्ययज्ञानी थे। जैन योग में चार युग देखने को मिलते हैं ध्यान योग, शास्त्रीय ज्ञान और मंत्र योग, उसके बाद तंत्र, मंत्र एवं हठ योग तथा उसके बाद प्रेक्षाध्यान योग का अभ्युदय हुआ। प्रेक्षा ध्यान में कायोत्सर्ग, श्वास प्रेक्षा, शरीर लेक्षा, चैतन्य केन्द्र प्रेक्षा और लेष्या ध्यान प्रमुख योग पद्धितयां है।

आर्चाय श्रमाश्रमण ने वि.सं. छठी शताब्दी में ध्यान शतक की रचना की, कुन्दकुन्द, जिनभद्रगणि श्रमाश्रमण और पूज्यपाद के ग्रन्थों में ध्यान की मौलिक पद्धित सुरक्षित है। आचार्य हरिभद्र ने विक्रम आठवीं शताब्दी में महर्षि पतंजलि के योगदर्शन की पद्धति को जैन साधना पद्धित के साथ जोड़ा। 'नमस्कार महामंत्र कल्प', 'पद्मावती कल्प', 'भैरव कल्प', 'शत्रु जय कल्प' आदि अनेक कल्पों एवं जप विधियों का निर्माण हुआ। शुभचन्द ने 'ज्ञानार्णव' और आचार्य हेमचन्द्र के 'योगशास्त्र' की रचना की। आचार्य रत्नशेखर ने गुणस्थान क्रमारोह लिखा।

विक्रम की बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आचार्यश्री तुलसी ने विलुप्त जैन योग परम्परा को पुर्नजीवित कर संस्कृत की सूत्रात्मक शैली में 'मनोनुशासनमृ' नामक ग्रन्थ लिखा।

इस प्रकार भारतीय दर्शन में योग का महत्व आदि काल से रहा है तथा सनातन, जैन, बौद्ध परम्पराओं द्वारा इसे उत्कृष्टता प्रदान की जाती रही है।

**हरिओमसिंह गुर्जर,**
**उप निदेषक जनसम्पर्क**
**विभाग कोटा**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 22 जून, 2022**

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, रेवती नक्षत्र गुरूवार प्रातः 6:14 तक, शोभन योग रात्रि 4:56 तक, तैतिल करण प्रातः 5:38 तक, चन्द्रमा मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मीन, बुध-वृष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज से राष्ट्रीय आषाढ मास आरम्भ होगा। आज पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:03 तक, शुभ 10:46 से 12:29 तक, चर 3:54 से 5:37 तक, लाभ 5:37 से सूर्योदय तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:19

**मेष**
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी और कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिवार में सुख-सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है।

**कर्क**
धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है और शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सुसंदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**सिंह**
नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सुसंदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**धनु**
कुछ कठिन मामले सामने आ सकते हैं। शारीरिक व मानसिक परेशानी रहेगी। व्यापार के लिए यात्रा हो सकती है। स्वास्थ्य ठीक-ठाक रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना बन सकती है। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

# 'अग्निपथ' योजना के विरोध प्रदर्शन में मालपुरा में नहीं जुट पाई भीड़

## धारा 144 के बावजूद व्यास सर्किल पर किया पीएम का पुतला दहन

**मालपुरा, (निसं)।** अग्निपथ योजना को वापस लेने व केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के जरिए सोनिया व राहुल गांधी को पूछताछ के नाम पर प्रताड़ित किये जाने के विरोध प्रदर्शन में मुट्ठीभर कांग्रेसी ही जुट पाये। जिन्होंने पीएम का पुतला दहन किया।

विरोध प्रदर्शन को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसियों सहित कांग्रेस संगठन के विभिन्न पदों पर काबिज पदाधिकारियों व कांग्रेस पार्टी के बैनर से जीते जनप्रतिनिधियों ने भी विरोध प्रदर्शन से दूरियां बना ली। लम्बे समय से कांग्रेस में चली आ रही गुटबाजी के चलते मालपुरा में कांग्रेस संगठन तीन धड़ों में बंटा हुआ है। जो कि किसी भी आयोजन को लेकर जारी अपील के बाद एक-दूसरे के कार्यक्रम को विफल कर उस धड़े के मुखिया की संगठन में छवि धूमिल करने के प्रयास में जुटा रहता है।

- **कांग्रेस पार्टी के बैनर से जीते जनप्रतिनिधियों ने भी विरोध प्रदर्शन से दूरियां बना ली**



मालपुरा में अग्निपथ योजना के विरोध में नहीं जुटे कांग्रेसी।

डाक बंगले में जुटे मुट्ठीभर कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए धारा 144 के बावजूद जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे व राजस्थान के लौहपुरूष स्व. दामोदर लाल व्यास की प्रतिमा के सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन कर अल्प समय के लिए धरना दिया।

## अग्निपथ का विरोध, युवा नजर नहीं आए

**अलवर, (निसं)।** केंद्र सरकार को घेरने के लिए मंगलवार को अलवर के शहीद स्मारक पर अलवर शहर कांग्रेस कमेटी ने सत्याग्रह कर विरोध जताया। अग्निपथ पर भी सरकार को घेरा। वहीं युवाओं को सलाह भी दी कि राष्ट्रीय संपत्ति का नुकसान नहीं करें। हालांकि कांग्रेस के इस विरोध में युवा नजर नहीं आए।

कांग्रेस के शहर अध्यक्ष जोगेंद्र कोचर ने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस सहित अन्य विरोधी पार्टियों के नेताओं को कभी ईडी तो कभी सीबीआई से डराती है। कहीं इनकम टैक्स के छापे डाले जाते हैं। हम सबको इसके विरोध में आना चाहिए। वरना लोकतंत्र को बचाना मुश्किल होगा। खास बात यह है कि अलवर शहर के बीच में कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन रहा लेकिन इसमें युवा बिल्कुल नहीं दिखे। कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी ही दिखे। हालांकि इस मामले में कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि शहर कांग्रेस कमेटी का विरोध प्रदर्शन था। जिसमें अधिकतर वरिष्ठ कार्यकर्ता व नेता ही शामिल हुए हैं।

# पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन के साथ दलाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

## साढे तीन साल पूर्व दिए बिलों के शेष भुगतना के लिए ली रिश्वत


भीलवाड़ा एसीबी की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा/भीम, (निसं)।** भीलवाड़ा एसीबी की टीम ने राजसमंद जिले के भीम में रिश्वतखोरी के बडे कांड का खुलासा करते हुए पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन के साथ ही एक दलाल को गिरफ्तार किया है।

एसीबी एएसपी ब्रजराज सिंह ने बताया की परिवादी ठाकुर सिंह द्वारा डी.एम.एफ.टी. योजना फेज द्वितीय के अन्तर्गत 4 सड़कों के डामरीकरण कार्य (देवगढ -आमेट रोड से सोलंकियो का गुढा, माद से मुंडकोशिया, देवरिया से माताजी का गांव, सासरिया से दौलाजी का खेडा) करीब 1 करोड़ 16 लाख रूपये के देवगढ क्षेत्र में वर्ष 2018 में करवाये थे। डी.एम.एफ.टी. योजना फेज द्वितीय के अन्तर्गत 4 सड़कों के डामरीकरण कार्य के बिल तैयार करवा परिवादी ने अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय भीम में करीब साढे तीन साल पूर्व पेश कर दिये थे, जिसमें से करीब 12 लाख का भुगतान पूर्व में हो गया था।

- **भीलवाड़ा एसीबी की टीम ने राजसमंद जिले के भीम में की कार्रवाई**

शेष करीब 98 लाख रूपये के भुगतान की एवज में केशराम अधिशाषी अभियन्ता, भीम द्वारा दस जून को परिवादी से 5 लाख रूपये रिश्वत की मांग की और कहां कि मैं तुम्हारे बिल ट्रैजरी भुगतान हेतू भेज रहा हूँ। 5-6 दिन मे तुम्हारे खाते में भुगतान हो जायेगा, तुम जल्दी ही 5 लाख रूपये मुझे दे जाना। परिवादी ने चौदह जून को ए.सी.बी. कार्यालय भीलवाडा-द्वितीय पर उपस्थित होकर शिकायत की। परिवादी की शिकायत पर 17 जून को मांग सत्यापन करवाया तथा 18 जून को पुनः मांग सत्यापन करवाया। मांग सत्यापन के दौरान आरोपी केशराम मीणा ने 1 लाख रूपये प्राप्त कर 4 लाख रूपये की और मांग कर 21जून को परिवादी को बुलाया।

मंगलवार को आरोपी ने रिश्वत राशि प्राप्त कर अपने निवास पर बैड की रैक में रखवायी, परिवादी के ईशारे पर ए.सी. बी. टीम सरकारी आवास, अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड-भीम पहुंची जहाँ आरोपी केशराम मीणा ने टीम को दूर से आता देख रिश्वत राशि 2,00,000 रूपये अपने साथी गोपाल सिंह रावत ठेकेदार को कहकर रैक से उठवाकर गोपाल सिंह की पेन्ट की जेब में रखवा दी थी। जहां से रिश्वत राशि 2,00,000 रूपये बरामद की गई है।

# बदमाशों ने पेपर देकर आ रहे स्टूडेंट को गोली मारी

**भरतपुर, (निसं) ।** भरतपुर के सेवर थाना इलाके में दो बाइक सवार बदमाशों ने पेपर देकर आ रहे एक स्टूडेंट को गोली मार दी। स्टूडेंट की हालत गंभीर बनी हुई है जिसे इलाज के लिए जयपुर रैफर कर दिया गया है। स्टूडेंट पंकज पेपर देकर बाइक से अपनी बहन के घर जा रहा था। तभी पीछे से आए बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया।

घटना सेवर थाना इलाके की है। पंकज उम्र 22 साल नाम स्टूडेंट नदबई थाना इलाके के भदीरा गांव का रहने वाला है और वह बिलौंठ में अपनी बहन के घर रहकर पढ़ाई कर रहा है। आज पंकज का बीए का पेपर था। वह पेपर देकर अपनी बहन के घर बिलौंठ जा रहा था। जैसे ही वह सेवर के लुधावई टोल प्लाजा से कुछ किलोमीटर आगे पहुंचा तो पंकज के पीछे से दो बदमाश आए और उन्होंने हथियार निकाल कर पंकज पर फायर कर दिया। गोली पंकज के पेट के दाहिने तरफ लगी। गोली लगते ही पंकज घायल होकर सड़क पर गिर गया, और बदमाश बाइक से फरार हो गए।

- **हालत गंभीर जयपुर रैफर किया**

पंकज सड़क पर घायल हालत में पड़ा था इतने में कुछ युवक वहां ने निकले तो उन्होंने पंकज को घायल हालत में सड़क पर पड़ा देखा जिसके बाद उन्होंने पंकज को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पंकज की हालत गंभीर बनी हुई है जिसे इलाज के लिए जयपुर रैफर कर दिया गया है। मामले में सेवर थाना अधिकारी अरुण चौधरी का कहना है कि, पंकज पेपर देकर बिलौंठ जा रहा था। तभी पीछे से दो नकाबपोश बदमाश आये और उन्होंने पंकज को गोली मार दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की कोशिश की जा रही है।

## 29 से 30 जून तक सांख्यिकी अधिकारी की काउंसलिंग

**अजमेर, (कासं)।** सांख्यिकी अधिकारी संवीक्षा परीक्षा-2021 के तहत विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 29 से 30 जून 2022 तक आयोग कार्यालय में आयोजित की जाएगी। विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र (दो प्रतियों में) समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल-निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों सहित निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। सचिव अटल ने कहा कि काउन्सलिंग के लिए अभ्यर्थियों को पृथक से कोई बुलावा पत्र जारी नहीं किये जाएंगे। काउन्सलिंग में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा किसी भी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। उन्हौंने बताया कि अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी।

# चुनाव में उम्र की बाध्यता को धारीवाल ने नकारा

**जयपुर, (का.प्र.)।** चुनाव मैं टिकट वितरण के दौरान बढ़ती उम्र की बाध्यता को नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने नकारते हुए कहा है कि कांग्रेस में ऐसा कोई मापदंड नहीं है,लेकिन आलाकमान जो तय करेगा, हम सब उसे मानेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी में टिकट के लिए 75 वर्ष का मापदंड तो है, लेकिन राज्यपाल और वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी का उदाहरण देकर यह भी कह डाला कि इसे भाजपा ही नहीं मानती।

जयपुर के राजभवन में वीडियो से बात करते हुए शांति धारीवाल ने कहा कि जो जीतने की क्षमता रखने वाला है और एक्टिव है उसे ही टिकट मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कोटा में मैंने जो बात कही थी वह वहां के स्थानीय कुछ कांग्रेस के नेताओं के सिलसिले में थी, लेकिन मेरे बयान को मीडिया ने तोड़ मरोड़ और तड़का लगाकर पेश कर दिया। शिक्षा मंत्री डॉक्टर बी डी कल्ला की मौजूदगी में संसदीय कार्य मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने कहा कि बीजेपी में

- **साथ ही कहा- आलाकमान जो तय करेगा उसे मानेंगे**

75 वर्ष के नेताओं को टिकट न देने का नियम और मापदंड जरूर बनाया है,लेकिन खुद भाजपा पार्टी उसे नहीं मानती। उन्होंने इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र का भी उदाहरण दिया और कहा कि मिश्र एक्टिव पॉलिटिक्स में थे, बावजूद इसके उन्हें यहां राज्यपाल बनाकर भेज दिया,जबकि घनश्याम तिवाड़ी 75 वर्ष के हो गए पर उन्हें टिकट देकर राज्यसभा पहुंचा दिया गया। ऐसे में टिकट देने में उम्र के मापदंड को कौन मानता है ? उल्लेखनीय है कि 2 दिन पहले ही शांति धारीवाल ने कोटा में हुए कांग्रेस के कार्यक्रम में कहा था कि कांग्रेस पार्टी ने पहले भी दो बार हारे प्रत्याशियों को टिकट न देने का मापदंड बनाया था, लेकिन बीकानेर की बात आई तो उस मापदंड को तोड़कर डॉ बी डी कल्ला को टिकट दे दिया गया।

# चूरू में 33 एमएम बारिश दर्ज

## किसान अभी मूंग, बाजरा आदि की बुवाई अधिक कर रहे हैं


चूरू में हुई बारिश के दौरान सड़कों पर पानी में चलते वाहन।

**चूरू, (का. सं.)।** शेखावाटी में आज बारिश होने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में मंगलवार को 33 एमएम बारिश हुई है। आज यहां अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। यहां किसानों ने खेतों में बुवाई का काम शुरू कर दिया है।

गांवों में तो लोगों ने बुवाई करने के लिए दूर-दराज से अपने रिश्तेदारों के ट्रैक्टर बुला लिए हैं। आस-पास के गांवों में किसान अभी मूंग, बाजरा आदि की बुवाई अधिक कर रहे हैं । कुंडों, टांकों और जोहड़ों में बारिश का पानी एकत्रित होने से पशुओं के लिए पेयजल समस्या का भी किसी हद तक समाधान हो गया है।

## गैंगरेप का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ बहला फुसला कर एकांत में ले जाकर गैंगरेप करने का मामला पुलिस थाने में दर्ज करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 19 जून रात में फोन कर बुलाने पर मैं मौके पर गई। जहां से आरोपी मुझे एकांत में जंगल की तरफ ले गए जहां बारी बारी से मेरे साथ आरोपियों ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर धमकाते हुए भाग गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। जिसकी जांच की जा रही है।

# बहुमंजिला भवन की नक्शा फाइल नगर निगम से चोरी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के सिविल लाइन में सावित्री कॉलेज के सामने बन रही बहुमंजिला भवन की नक्शा फाइल नगर निगम से चोरी होने का मामला सामने आया है। नगर निगम द्वारा संज्ञान लेते हुए बहुमंजिला भवन नक्शा फाइल की चोरी को लेकर कोतवाली थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सावित्री कॉलेज के सामने मैसर्स दीपमाला इंफ्राएस्टेट एंड टाउन्स प्राईवेट लिमिटेड जरिए अधिकृत आरडी थारवानी पुत्र डीडी थारवानी द्वारा भवन निर्माण किए जाने बाबत न्यूज प्रकाशित की थी जिसमें प्रमुखता से इस बात को उठाया था कि जिस भूमि पर यह भवन निर्माण किया जा रहा है वह भूमि राजस्व रिकॉर्ड में अजमेर नगर निगम के खाते में दर्ज है, उसके बाद से ही नगर निगम प्रशासन मामले की जांच में जुट गया था। पार्षद मोहम्मद शकीर द्वारा दी गई शिकायत के बाद महापौर ब्रजलता हाड़ा ने उपायुक्त सीता वर्मा को जांच के निर्देश दिए थे। नगर निगम अजमेर के वार्ड संख्या 13 के पार्षद मोहम्मद शाकिर पार्षद ने मेयर को दी शिकायत में बताया गया कि मैसर्स दीपमाला इन्फ्राएस्टेट एंड टाउन्स प्राइवेट लिमिटेड जरिए अधिकृत आरडी थारवानी पुत्र डीडी थारवानी द्वारा सावित्री कॉलेज के सामने सिविल लाईन्स अजमेर एक आवासीय सम्पत्ति जिसका एएमसी नंबर 714/18 110/108/49, 9/49 10/49 का भाग है, जो सावित्री कॉलेज के सामने सिविल लाईन्स तहसील व जिला अजमेर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1498.34 वर्गमीटर पर आवासीय बहुमंजिला/ फ्लेट्स मानचित्र स्वीकृत किया गया था। यह भूमि नगर निगम अजमेर के नाम राजस्व रिकॉर्ड में खसरा नंबर 3038 थोक मालियान प्रथम में दर्ज है। संबंधित व्यक्ति द्वारा नगर निगम को गुमराह करते हुए व तथ्य को छिपाते हुए सरकारी भूमि का नक्शा स्वीकृत कर लिया गया है और बहुमंजिला निर्माण किया जा रहा है। अतः नक्शे को निरस्त करते हुए सम्पूर्ण निर्माण को ध्वस्त कराकर सरकारी भूमि को मुक्त कराया जाए। नगर निगम के कनिष्ठ लिपिक गजेन्द्रसिंह गौड ने कोतवाली थाने में बहुमंजिला भवन की फाइल चोरी मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

- **नगर निगम अजमेर ने मुकदमा दर्ज कराया**

# बारिश शुरू, बहरोड में तीन माह से चल रहा जोहड़ का कार्य अधूरा

## जोहड़ की मिट्टी बेचकर भ्रष्टाचार करने से खुदाई कार्य में इतना विलंब हुआ

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ नगर पालिका क्षेत्र का सेसाड़ा जोहड़ में खुदाई का कार्य बारिश का मौसम शुरू होने पर भी अधर झूल में लटका हुआ है । नगर पालिका के चेयरमैन की कर्मचारियों की जेब भराई तथा खुदाई करने वाले ठेकेदार की मिलीभगत के चलते लोगों की नजरों से बचाते हुए लीपापोती कर कार्य पूर्ण दिखाने की भरसक कोशिश की जा रही है।

लगभग 3 महीने से खुदाई कार्य चलने के बाद भी श्मशान में शवों को ले जाने वाला मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध है । अवरुद्ध मार्ग में भरा हुआ भारी कीचड़ और उसी के साथ पीड़ित परिजनों के कंधों पर शव निरंतर देखा जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के सेसाड़ा जोहड़ के नजदीकी लोगों का कहना है कि नगरपालिका बहरोड़ के चेयरमैन व नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों सहित ठेकेदार के कर्मचारियों ने कार्य को जल्द पूर्ण करने की बजाय जानबूझकर भ्रष्टाचार करते हुए मोटा पैसा कमाने के उद्देश्य के चलते शिथिलता बरती गई है। ठेकेदार ने कहा कि शायद अप्रैल माह में कार्य शुरू किया गया था तथा खुदाई में मिट्टी निकालने का कार्य पूरा हो चुका है व शीघ्र ही गंदे नाले के पानी का जलभराव मार्ग चालू करते हुए कार्य पूरा हो जाएगा। नगर पालिका बहरोड़ के अधिकारी ईओ रोहित कुमार मील से मौके से जानकारी लेने पर बताया कि अभी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है तथा अन्य किसी प्रकार की जानकारी ऑफिस पहुंचकर ली जा सकती है।


पालिका चैयरमेन व ठेकेदार की मिलीभगत से अधूरा पड़ा सेसाड़ा जोहड़।

## बयाना होकर चलने वाली आधा दर्जन यात्री ट्रेनों का संचालन स्थगित

**बयाना, (निसं)।** केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना के हो रहे विरोध व उग्र आंदोलनों के चलते रेलवे प्रशासन की ओर से बयाना होकर चलने वाली लम्बी दूरी की आधा दर्जन यात्री ट्रेनों का संचालन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। जिससे आज दूसरे दिन भी इन ट्रेनों का संचालन नही हो सका था। इन यात्री ट्रेनों का संचालन स्थगित हो जाने से रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों की और दिनों जैसी भीड़ नही थी। इधर रेलवे स्टेशन पर खान पान की वस्तुएं बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले लोगों व टेम्पू रिक्शा चलाने वाले लोगों का धंधा मंदा हो गया है। बयाना के स्टेशन अधीक्षक बद्रीप्रसाद मीणा ने बताया अग्निपथ योजना के विरोध में उग्र आंदोलनों के चलते रेलवे व रेलयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फिलहाल यहां होकर चलने वाली आधा दर्जन ट्रेनों का संचालन स्थगित किया गया है। जिनमें प्रमुख रूप से अवध एक्सप्रेस, पटना एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस व अजीमाबाद एक्सप्रेस की अप व डाउन साईड की यात्री ट्रेनों का संचालन स्थगित किया गया है।

# आर्मी की तैयारी में जुटे युवक ने की आत्महत्या

**चिड़ावा, (निसं)।** शहर की स्टेशन रोड पर वार्ड न. सात में एक युवक ने कमरे में पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार झांझोत के सरकारी स्कूल में एलडीसी पद पर कार्यरत कोलसिया की नेहरा की ढाणी निवासी पूनम स्टेशन के पास मुकेश बराला के मकान में किराए पर रहती है। उसका भाई अंकित एक दिन पूर्व ही ननिहाल भोड़की से उसके पास आया था। सुबह पूनम योग दिवस पर स्कूल चली गई। पीछे से युवक अंकित ने कमरे में पंखे पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पूनम घर पहुंची और बदहवास हो गई।

आस-पड़ोस के लोगों व महिलाओं ने उसे संभाला। वहीं सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतरवाकर मोर्चरी पहुंचाया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद अंकित के नाना मोहनलाल डूडी भोड़की और कोलसिया से ताऊ लेखराज पहुंचे। अंकित के ताऊ लेखराज में रिपोर्ट दी है कि उसका भतीजा पुलिस व सेना भर्ती की तैयारी में जुटा था। पहले तो पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द हो गई। इसके बाद अब केंद्र सरकार के अग्निपथ योजना की घोषणा कर दी। इसके बाद होने वाली सेना भर्ती रद्द कर दी गई। जिससे युवक अंकित दुखी था। मानसिक रूप से परेशान होकर युवक ने आत्महत्या की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


अंकित

- **परिजन बोले- अग्निपथ योजना लागू होने और भर्ती रद्द होने से दुखी होकर दी जान**

## सहायक आचार्य-राजनीति विज्ञान के साक्षात्कार 4 से 21 जुलाई तक

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को सहायक आचार्य- राजनीति विज्ञान (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2020 की साक्षात्कार तिथि जारी की गई। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार साक्षात्कार 4 जुलाई से 21 जुलाई 2022 तक आयोजित किये जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति प्रस्तुत करने होंगे। इनके अभाव में साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिये जाएंगे। सचिव अटल ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, वे अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय विस्तृत आवेदन-पत्र दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यथियों को राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन की पूर्णतः पालना करनी होगी।

# यू-टर्न लेते वक्त बजरी से भरे ट्रेलर से भिड़ी तेज रफ्तार बस, 8 घायल

## जयपुर-सीकर हाईवे पर हरमाड़ा के नजदीक राजावास में हुआ हादसा

- हरमाड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 8 घायलों को तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती कराया
- हादसे के कारण हाईवे पर करीब 2 कि.मी. लंबा ट्रेफिक जाम लगा, एक घंटे की मशक्कत के बाद पुनः यातायात सुचारू हुआ

**जयपुर** । जयपुर-सीकर हाईवे पर राजावास में यू-टर्न लेते समय बजरी से भरे ट्रेलर में लोक परिवहन की बस जा घुसी। टक्कर के दौरान पीछे आ रही कार भी बस से टकरा गई। हादसे में ट्रेलर और बस के ड्राइवर समेत 8 लोग घायल हो गए। हरमाड़ा थाना पुलिस ने घायलों को हाईवे एम्बुलेंस की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया। हादसे के बाद हाईवे पर लगे जाम को करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद खुलवाया गया।

पुलिस ने बताया कि हादसा सुबह करीब 8:15 बजे राजावास पुलिया के पास हुआ। जयपुर से चौमूं की ओर से जा रहे ट्रेलर ने अचानक राजावास पुलिया के पास यू-टर्न ले लिया। इसी दौरान पीछे आ रही जयपुर से पिलानी जा रही लोक परिवहन की बस ट्रेलर में जा घुसी। हादसे के बाद बस में सवार लोगों में हड़कंप मच गया। तभी पीछे से आ रही एक कार भी ब्रेक नहीं लगने से बस से टकरा गई। सवारियों के चीखने-चिल्लाने सुनकर स्थानीय लोग दौड़े। सूचना पर हरमाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों की मदद से बस से सवारियों को बाहर निकाला। हादसे में ट्रेलर व बस के ड्राइवर गंभीर घायल हो गए। बस में सवार 6 लोगों को भी गंभीर चोट आई। घायलों को हाईवे एम्बुलेंस की मदद से तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल सजना देवी निवासी नवलगढ़, पंकज जांगिड़ निवासी नांगल पुलिया जयपुर, बनवारी लाल निवासी चाकसू, दिनेश निवासी सवाई माधोपुर, नीता मंडल निवासी कोलकाता, मेनूका दास निवासी कोलकाता, जितेंद्र सिंह निवारू रोड झोटवाड़ा और प्रीति गुर्जर निवासी जयपुर है। कार ड्राइवर सहित बस में अन्य सवारियों के मामूली चोट आई है। बीच हाईवे पर एक्सीडेंट से ट्रैफिक जाम हो गया। हाईवे पर 2 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को रोड किनारे करवाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बाधित ट्रैफिक को चालू करवाया गया।

## आठ पाक विस्थापितों को मिली भारतीय नागरिकता

**जयपुर** (कासं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) दिनेश कुमार शर्मा ने मंगलवार को 8 पाक विस्थापित नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की। इस अवसर पर दिनेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) ने 47 वर्षीय निर्मला, 19 वर्षीय एशूवर राम, 28 वर्षीय खेतकुमार, 22 वर्षीय अजीत कुमार, 25 वर्षीय तानियान, 28 वर्षीय संतोष, 17 वर्षीय हरिवंति लाल और 18 वर्षीय जगदेश लाल पाक विस्थापित नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान करते हुये सभी को बधाई देते हुये जिम्मेदार भारतीय नागरिक बनने की शुभकामना भी दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) मोहम्मद अबूब्रक भी उपस्थित रहें।

इस अवसर पर सभी पाक विस्थापित नागरिकों ने खुशी जाहिर करते हुये कहा कि उन्हें भारतीय होने पर गर्व है तथा अब वें सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकती है।

# राज्यपाल से सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने शिष्टाचार भेंट की



राज्यपाल कलराज मिश्र से मंगलवार को राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल से कई मुद्दों पर चर्चा भी की।

# आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को स्कॉच गोल्ड अवार्ड भेंट

**जयपुर,** (कासं)। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड के अफसरों और कार्मिकों की मेहनत व कार्यकुशलता का ही परिणाम है कि आवासन मंडल को राष्ट्रीय स्तर पर एक के बाद एक निरन्तर अवार्ड और सम्मान प्राप्त हो रहे हैं। इससे आमजन में हाउसिंग बोर्ड की प्रतिष्ठा फिर से कायम हुई है। उन्होंने स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिलने पर पूरी टीम को बधाई दी है।

दरअसल मंगलवार शाम को आवासन अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में मुख्य अभियन्ता प्रथम के.सी. मीणा व उप आवासन आयुक्त प्रतीक श्रीवास्तव ने कमिश्नर पवन अरोडा को स्कॉच गोल्ड अवार्ड भेंट किया। उल्लेखनीय है कि स्कॉच ग्रुप ने राजस्थान को हाउसिंग सेक्टर में देश के अग्रणी राज्य के रूप में शामिल करते हुए आवासन मंडल को उसके द्वारा अर्जित सफलताओं, कायाकल्प तथा नवाचारों के कारण यह गोल्ड अवार्ड प्रदान किया है। मुख्य अभियन्ता के.सी. मीना और उप आवासन आयुक्त प्रतीक श्रीवास्तव ने यह अवार्ड शनिवार को दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में ग्रहण किया था। इससे पूर्व आवासन मंडल को मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान तथा आई.बी.सी. जैसे कई अवार्ड मिल चुके है। इस अवसर पर सचिव संचिता विश्नोई, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, मुख्य अभियन्ता जी.एस. बाघेला एवं मनोज गुप्ता, अन्य अधिकारी तथा राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दशरथ कुमार सहित संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।



हाऊसिंग बोर्ड के मुख्य अभियन्ता के.सी. मीणा और उप आवासन आयुक्त प्रतीक श्रीवास्तव ने मंगलवार को कमिश्नर पवन अरोडा को स्कॉच गोल्ड अवार्ड भेंट किया।

## ट्रांसजेंडर्स को कई सुविधाएं और आर्थिक सहायता देय : समित शर्मा

**जयपुर** (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव, डॉ.समित शर्मा ने बताया कि ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों के कल्याण व उत्थान के लिए 10 करोड़ रुपये के ट्रांसजेंडर उत्थान कोष का गठन किया गया है। कोष के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों को विभिन्न सुविधाएं एवं आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोष का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय का समावेशी विकास करना है। मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में ट्रांसजेंडर उत्थान कोष के गठन की घोषणा की गई थी। ट्रांसजेंडर्स की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए जयपुर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा व भरतपुर संभाग स्तर पर काउंसिल की व्यवस्था करेंगे। कोष से ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों के पढ़ाई से लेकर व्यवसाय करने की सुविधा मुहैया कराएंगे। पूर्व मैट्रिक-उत्तर मैट्रिक बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, अनुरक्षण भत्ता, फीस का पुनर्भरण तथा अगर घर से बाहर पढ़ाई करेंगे तो उनके मकान किराए हेतु भी आर्थिक सहायता देय है।

# बहू के सेंट बर्नाड डॉग ने किया सास पर हमला

## वृद्धा की शिकायत पर पहुंची नगर निगम की टीम ने श्वान को पकड़ा

- निगम कर्मचारियों ने लाइसेंस मांगा तो बहु ने आधे घंटे तक उनसे जिद-बहस की

**जयपुर** (कासं)। शहर के महावीर नगर स्थित गोविंद पथ पर मंगलवार को एक बुजुर्ग महिला की शिकायत पर नगर निगम की टीम पुलिस के साथ सेंट बर्नाड नस्ल के पालतू कुत्ते बॉब को लेने पहुंची। कुत्ते को पालने वाली सपना शर्मा इसे नहीं ले जाने दे रही थी। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद नगर निगम की टीम कुत्ते को लेकर चली गई।

दरअसल, गोविंद पथ निवासी 80 वर्षीय बीना शर्मा ने निगम में शिकायत की थी कि उसके घर में बहू सपना शर्मा और बेटे मनीष शर्मा ने कुत्ता पाल रखा है, जो उसे 2 बार काट चुका है। अब तक 14 इंजेक्शन लग चुके हैं। मेरा घर में रहना मुश्किल हो गया है। बहू और बेटा कुत्ता घर में ही रखना चाहते हैं। मेरे दो और बेटे कुत्ते की वजह से परेशान है। पीड़िता ने 10 जून को बजाज नगर थाने में भी शिकायत की थी। इस पर ग्रेटर निगम की टीम शाम को कुत्ते को लेने पहुंची। जहां सपना शर्मा से आधा घण्टे तक तकरार हुई। निगम अधिकारियों ने लाइसेंस मांगा, नहीं मिलने पर ले जाने की बात कही तो तकरार बढ़ गई। पुलिस के दखल के बाद कुत्ते को ले जाने दिया। मौके पर महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा भी पहुँची। उन्होंने बताया कि पीड़ित वृद्धा महापौर सौम्या गुर्जर से मिली थीं और उन्होंने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए थे। गौरतलब है कि जयपुर में कुत्तों द्वारा लोगों को काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

## सार-समाचार

### स्वेजफार्म पार्क में सामूहिक योगाभ्यास



**जयपुर,** (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामनगर विस्तार के स्वेज फार्म पार्क में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। सैकडों लोगों को योगाचार्य रामबाबू अग्रवाल ने यौगिक क्रियाओं व योगासन करवाये। महेश अग्रवाल ने जीवन में योग के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष देवीसिंह नरूका ने बताया कि योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ रहता है तथा नियमित रुप से योगाभ्यास से मधुमेह, हृदय रोग, घुटनों का दर्द आदि रोगों का उपचार किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि योगाचार्य रामबाबू अग्रवाल गत 20 वर्षों से स्वेजफार्म पार्क में प्रात: नि:शुल्क योगाभ्यास करा रहे हैं।

### द पैलेस स्कूल में मनाया योग दिवस

**जयपुर** (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत द पैलेस स्कूल, सिटी पैलेस, जयपुर के सर्वतोभद्र परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मानसिक स्वास्थ्य का उत्प्रेरक होने के कारण योग मन और शरीर की एकता का प्रतीक है। स्कूल के योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने इस अवसर पर इन आसनों के फायदे भी बताए। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों व विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय न्यास की एग्जीक्यूटिव ट्रस्टी रमा दत्त के संबोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या उर्वशी वार्मन ने जीवन में स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग का अभ्यास करने के महत्त्व को बताया। यह कार्यक्रम आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से करवाया गया था। मीडिया कार्डिनेटर आभा पाराशर ने बताया कि बसंत कुमार द्वारा योग, प्राणायाम, ध्यान के साथ हास्य योग भी करवाया गया। करीब 70 लोगों ने कार्यक्रम का लाभ उठाया जिसमें 15 से 60 साल तक के लोगों ने भाग लिया। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और योग को दिनचर्या में शामिल करने का प्राण लिया।

### बाल तस्करी से मुक्त कराए 50 बच्चे

**जयपुर** (कासं)। जयपुर जिला कलक्टर राजन विशाल ने बताया कि बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह के दौरान जिले में बाल श्रम एवं मानव तस्करी से 50 बच्चों को मुक्त कराया गया है। बाल श्रम अगर कहीं भी हो रहा है तो आमजन 1098/100 एवं पेंसिल पोर्टल पर भी शिकायत कर सकता है। विशाल ने बताया कि सप्ताह के दौरान बाल श्रम उन्मूलन से सम्बंधित विभिन्न गतिविधियां, रेस्क्यू अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान रेस्क्यू अभियान में विशेष टीम का गठन किया गया जिसके द्वारा शास्त्रीनगर, भट्टा बस्ती, रामगंज, विश्वकर्मा, कोटपूतली, जयसिंह पूरा खोर एवं गलता गेट थाना क्षेत्र से 50 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। सम्बंधित थाना अधिकारी द्वारा बच्चो की काउंसलिंग के बाद प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए दोषियों को गिरफ्तार किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक रोहित जैन ने बताया कि अभियान के तहत मुक्त करवाए गए 71 बच्चों को सोमवार को विशेष टीम का गठन कर स्पेशल ट्रेन के माध्यम से उनके गृह राज्य बिहार भिजवाया गया। सभी बच्चों का पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर बैंक खाता खुलवाया हैं।

### योग के महत्व से अवगत कराया

**जयपुर** । जयपुर. एस. एस. जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय की एन एस एस व आर आर सी इकाइयों द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर छात्राओं को योग के महत्व से अवगत कराया इस अवसर पर विशेष अतिथि योग प्रशिक्षिका कृष्णा दगडी( फाउंडर योगा विद हरे कृष्णा) ने योग के विभिन्न आसनो की जानकारी दी. प्राचार्य डॉ.रेनू जोशी ने उनका स्वागत किया तथा छात्राओं को योग के महत्व व भारतीय सनातन धर्म में निरंतर किए जाने वाले योग के बारे में अवगत किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डॉ.रेणू जोशी, उपप्राचार्या डॉ. इंदु शर्मा और अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी छात्राओं के साथ योग प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

### सड़क सीमा से अतिक्रमण हटाये

**जयपुर** । जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को सड़क सीमा में आ रहे अतिक्रमणों पर बुलडोजर चलाया। 80 फीट रोड, महेश नगर से सरकारी स्कूल करतापुरा पुलिया तक 60 फीट रोड सीमा के अत्यधिक अतिक्रमित होने पर अतिक्रमणों बाउण्ड्रीवाल, दुकान, लेटबाथ, टीनशेड आदि को ध्वस्त किया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि 12 अतिक्रमियों को जेडीए एक्ट के तहत अप्रैल में नोटिस दिया था। जिसकी पालना नहीं की गई। सात अतिक्रमियों द्वारा अपीलीय अधिकरण जेडीए से स्थगन आदेश प्राप्त किया हुआ है। जेडीए द्वारा प्रभावी पक्ष रखा जाकर स्थगन खारिज करवाकर कार्रवाई की गई। यहां सड़क पर 15 फीट तक अतिक्रमण कर लिया गया था। जेडीए ने 3 मकानो की बाउण्ड्रीवाल, 5 टीनशेडनुमा कोठरी, 3 बाथरूम, 12 दुकाने, 6 चबूतरे व अन्य अवैध निर्माण-अतिक्रमण तोड़े।

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट थाना इलाके में युवक का अपहरण कर उस पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीडित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया गांव लाल्या का बास महापुरा निवासी बाबूलाल जाट ने मामला दर्ज करवाते हुए आरोप लगाया है कि 8 जून की रात सुरेश चौधरी, रमेश चौधरी, जीतू और हंसराज कार में उसका अपहरण कर ले गए और सुनसान जगह पर मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

- आरोपी ने अश्लील फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर भी वायरल की

**जयपुर** । बनीपार्क थाना इलाके में एक नाबालिग किशोरी से संबंध बनाने का दबाव बनाकर उसकी फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार इलाके निवासी एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि वह मजदूरी करता है। करीब एक माह पहले वह मजदूरी पर गया था और उसकी पत्नी किसी परिचित की शोकसभा में गई थी। इस दौरान 14 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। पीडित का आरोप है पडौसी विजय वर्मा उसकी बेटी को किसी काम के बहाने अपने घर ले गया, जहां कमरा बंद कर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इस दौरान उसने बेटी की अश्लील तस्वीर खींच ली। जैसे-तैसे पीड़िता वहां से भाग निकली। इसके बाद विजय लगातार बेटी पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाता रहा और जब बेटी ने साफ-साफ इंकार कर दिया तो 19 जून को उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। फोटोज के वायरल होने का पता चलने पर पीड़िता ने अपनी मां को आपबीती सुनाई। गुस्साए परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपित विजय के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। इधर मालपुरा गेट थाना इलाके में महिला की अश्लील तस्वीरें खींचकर ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि 31 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित रवि ठाकुर ने पूर्व में कुछ अश्लील तस्वीरें खींच ली थी। अब वह लगातार उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। इधर ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## 7 किलो गांजे के साथ तस्करी करने वाला भी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 किलो गांजे के साथ तस्कर को दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार भी जब्त की है।

डीसीपी (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करने के लिए एडिशन डीसीपी सुलेश चौधरी, थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद झोटवाड़ा में कार्रवाई करते हुए आरोपी तस्कर को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राहुल मालावत गांव सासियों की ढाणी गोविन्दगढ़ जयपुर का रहने वाला हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से 7 किलो गांजा और परिवहन के लिए काम में ली गई कार जब्त कर ली हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह गांजा कहां से लेकर आया था और यहां किन लोगों को सप्लाई किया करता था।

# चारदीवारी में नाला सफाई में लापरवाही पर निगम के दो इंजीनियर्स पर सख्ती

- हैरिटेज निगम आयुक्त अवधेश मीणा ने हवामहल-आमेर जोन के जेईएन विजय शर्मा को चार्जशीट, एक्सईएन मधुसूदन गैना को कारण बताओ नोटिस थमाया

**जयपुर** (कासं)। जयपुर चारदीवारी के बरसाती नालों की सफाई अधरझूल में हैं। बार-बार चेताने के बावजूद हैरिटेज नगर निगम की इंजीनियरिंग विंग नाला सफाई को नजरअंदाज करती रही। जिसका खामियाजा प्री-मानसून की बारिश में लोगों को भुगतना पड़ा। कलक्टर की ग्राउंड रिपोर्ट के बाद हैरिटेज निगम आयुक्त अवधेश मीणा ने शहर के नालों की सफाई की जांच करवाई। इस दौरान सफाई कार्य एवं कचरा प्रबंधन मामले में घोर लापरवाही सामने आई। जिसके बाद आयुक्त ने तुरंत हवामहल-आमेर जोन के अधिशाषी अभियंता मधुसूदन गैना को कारण बताओ नोटिस और कनिष्ठ अभियंता विजय शर्मा को 17 सीसीए की चार्जशीट थमाई है।

आयुक्त ने बताया कि सोमवार को नालों की सफाई का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से दिल्ली रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मन्दिर के पास स्थित नाला, आमेर रोड पर एयरफोर्स के पास स्थित नाला, रेनवों रेस्टोरेन्ट के पास स्थित नाले की सफाई संतोषजनक नही पायी गई। यहां कचरे के ढेर मिले। नाले कचरे से भरे हुए थे। कनिष्ठ अभियंता विजय शर्मा द्वारा राजकीय कर्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता बरती गई है और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की गई है। साथ ही अपने उत्तरदायित्यों का भली भांति निर्वहन नही किया गया है।

## प्रदेश में 114 नए करोना मरीज मिले, 82 रोगी रिकवर हुए

**जयपुर** (कासं)। राज्य में नए करोना संक्रमितों की संख्या में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मंगलवार को एक बार थोड़ी वृद्धि के साथ 114 नए संक्रमित मरीज मिले है, जबकि 82 रोगी इस बीमारी से ठीक भी हुए है। प्रदेश में अब एक्टिव केस भी बढ़कर 708 हो चुके हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को प्रदेश के 14 जिलों में नए मामले मिले है। इनमें सबसे ज्यादा 39 मरीज जयपुर में ही सामने आए हैं। इसके अलावा बीकानेर में 25, अलवर और जोधपुर में 9-9, नागौर में 7, अजमेर में 5, सीकर में 4, भीलवाडा, चूरू और गंगानगर में 3-3, राजसमंद और जालोर में 2-2 तथा झालावाड मं एक संक्रमित सामने आया है। जयपुर में मिले 39 मामलों के साथ इस दिन यहां 30 संक्रमित ठीक भी हुए हैं। अब यहां 297 एक्टिव केस है।

इस बीच मंगलवार को यहां वैशाली नगर में 9 मामले सामने आए है। मालवीय नगर में 6, जगतपुरा और मानसरोवर में 4-4, बनीपार्क, सी स्कीम, गोपालपुरा में 2-2 तथा बापू नगर, सिविल लाइन्स, दुर्गापुरा, गांधी नगर, झालाना डूंगरी, मुरलीपुरा, रामगंज, रावण गेट और सांभर में एक-एक संक्रमित मिला है। एक मरीज का पता नहीं नहीं लिखवाया गया है।

# पीतल से सोना बनाने का झांसा युवक से 6 लाख रुपये ठगे

## आरोपी ने विदेश तक धंधा होने और पार्टनर बनाने का वादा करके पीड़ित को फंसाया था

- जब मुनाफा और रकम दोनों नहीं मिली तो पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया

**जयपुर** (कासं)। भांकरोटा थाना इलाके में पीतल से सोना बनाने का झांसा देकर एक युवक से 6 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित की ओर से थाने में ठगी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि मुंडिया रामसर निवासी भैराराम ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके जानकार रामप्रकाश मीणा ने जनवरी 2022 में उसकी मुलाकात मोहम्मद सलीम से करवाई थी। जहां मोहम्मद सलीम ने पीड़ित भैरूराम को बताया कि वह पीतल से सोना बना कर विदेश में बेचने का काम करता है और विदेश से चोरी-छिपे सस्ता सोना खरीद कर उसे भारत में ऊंची कीमत पर बेचने का काम करता है। इसके बाद आरोपित ने पीड़ित को विदेश से सस्ता सोना खरीद कर उसे भारत में बेचकर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। इस पर पीड़ित उसकी बातों में आ गया और विदेश से सस्ता सोना खरीदने के लिए उसे 6 लाख रुपए दे दिए। साथ ही आरोपित मोहम्मद सलीम ने मोटा मुनाफा कमाकर देने के साथ ही व्यापार में पार्टनर बनाने का भी झांसा दिया। पीड़ित का आरोप है कि दिए गए 6 लाख रुपये की राशि लेने के 4 महीने बाद तक न तो मूल राशि लौटाई गई और ना ही कोई मुनाफा दिया गया। इस पर पीड़ित ने आरोपित मोहम्मद सलीम से संपर्क कर जब 6 लाख रुपए वापस लौटाने के लिए कहा तो उसने उसे तीन-तीन लाख रुपए के दो चेक भरकर थमा दिए। जब पीड़ितम ने दोनों चेक बैंक में लगाए तो अकाउंट में राशि नहीं होने का हवाला देकर उसे बैंक की ओर से अनादरित कर दिया गया। इसके बाद फिर से मोहम्मद सलीम से संपर्क किया तो उसने कुछ ही दिन में नकद राशि का भुगतान ब्याज सहित करने की बात कही। जिसके बाद में आरोपित ने पीडित का फोन उठाना बंद कर दिया। अपने स्तर में जब पीड़ित ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि आरोपित मोहम्मद सलीम एक फर्जी व्यक्ति है, जो कि पीतल से सोना बनाने का झांसा देकर कई लोगों से रुपए ऐंठ चुका है। इस पर पीड़ित पुलिस थाने पहुंचा और आरोपित मोहम्मद सलीम के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज करवाया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

# अष्टोतर शतनाम से की भगवान की पूजा



**जयपुर** (कासं)। उत्तर भारत की प्रमुख श्रीवैष्णव पीठ गलताजी में हनुमान जन्म भूमि किष्किंधा कर्नाटका से पधारे भगवान श्रीरामजी, लक्ष्मणजी, सीताजी और हनुमानजी का सोमवार को अष्टोत्तर शत अर्चन किया गया। गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य ने प्रभु का अष्टोत्तर शत अर्चन किया। श्रीगलता पीठ के युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि श्रीहनुमत जन्म भूमि किष्किंधा से श्री किष्किंधा हनुमत रथ में पधारे हनुमानजी, रामजी, सीताजी एवं लक्ष्मणजी का स्वामी अवधेशाचार्य ने विधि विधान से पूजन कर अर्चना की। भगवान श्रीराम, सीताजी व लक्ष्मणजी के विग्रहों का भगवान राम के 108 नामों से अर्चन किया गया। इसके बाद माता अंजनी की गोद में विराजे बाल हनुमान का हनुमानजी के 108 नामों के साथ अर्चन किया। इस अवसर पर रथ यात्रा के साथ आए शंकराचार्य स्वरूपानंद स्वरस्वती के शिष्य स्वामी गोविंदानन्द स्वरस्वती आदि ने भी भगवान की अर्चना की। इसके बाद भगवान को भोग लगाकर आरती की गई।



## World Rainforest Day

The rainforests keep our planet alive. They're home to half the world's animal species; provide us with freshwater and are essential for keeping our climate stable. Yet every second, one and a half hectares is lost, while each year 78 million hectares of precious rainforest are destroyed. That's why World Rainforest Day has been created to take decisive action to combat deforestation, reduce the effects of climate change and protect our rainforests for future generations.

#J'ADORE

# Perfect Puddle Jumping



The fact that you and your little one have to actually leave the house on a rainy day is hard enough. Make the wet journey more tolerable by making sure your sweetie's feet are toasty and dry.

One of the fondest memories of childhood is jumping in muddy puddles during rainy days. So, we have listed some of the best rain boots for kids for a fun, splashy time. These boots are durable, of high-quality and prevent your child from slipping. They keep your child's feet dry and clean, and are easy to maintain. Easy to put on and take off these rain boots are also available in various colours and sizes to suit your needs. Take a look at our list to choose the right pair for your child.

### Light Up Rain Boots

These dino-inspired rain boots are almost too cool for school. The fun pattern provides just as much of a statement as the typical yellow rain boot and your kiddo will love standing out amongst the pack. Did we mention these bad boys light up, too?

### Crocs Kids' Handle It Rain Boot



Chances are your kid already has a pair or two of Crocs in their closet. They'll get the same lightweight durability found in those classic clogs here in this rain boot.

### Hunter Rain Boots



There's a reason these rain boots are a favourite with parents. Basic but sturdy, the range of colours means you can find a pair that'll go with just about anything your kid wears.

### Glitter Rain Boots



We seriously wish these came in adult sizes! These special kids' rain boots add a little sparkle to the gloomiest of days - and who wouldn't love that?

### Mid Rain Boot



Tell me these aren't the cutest rain shoes you've ever seen. They're extremely easy to put on and take off thanks to the Velcro straps and yet they're still 100% waterproof. They're the perfect rain boot for unpredictable weather.



### Waterproof Rubber Rain Boots

These colourful kids' rain boots are a simple, durable style that will leave your kid's feet comfortable and dry. They're 100% waterproof and come in tons of different patterns to match any personality.

# Pink City's Historic Clock Towers Need To Be Saved! (...1)

#HERITAGE

Inside, a winding old staircase leads to the third floor where the clock mechanism was placed. "The mechanism of the clock occupied the complete third floor of the tower, but it was in complete disarray. The clock had stopped functioning at some point in time," said Anjali adding, "most of the timekeeping mechanism, including the time train, the escapement and the tool (to run the clock) were kept enclosed in a rugged box." The officer told her that some repairs have been made to the clock from time-to-time and yet the clock had not been working for months.



Yadvendra Sharma
*Arbit Correspondent*

If one were to rewind the clock two-three years, one would realise that Jaipur in this short period has been the witness to quite a few momentous occurrences. One could argue that in the last 100 years no generation had encountered so many epochal events, in such a short span of time, as the present ones – some of these moments were dark, like outbreak of Covid 19 followed by the announcement of lockdown – first amongst Indian states. The other moments were a cause of celebration and pride; like the announcement by UNESCO that the densely packed walled city of Jaipur is a world heritage site – amongst the few cites that can be called a 'living heritage', where people coexist within and around structures and buildings that were built over hundreds of years and are considered cultural/ architectural heritage sites.

### Unexpected Visit

It was during these tumultuous time i.e. the beginning of 2020, when the pandemic has just struck the world, that Anjali Jain, a resident of Mumbai, working as the Chief Conservator with Maharaja Sawai Man Singh II Museum, at City Palace Jaipur, had to make an unexpected visit to the Jaipur Traffic Police's office at 'Yadgar, Ajmeri Gate', as her two wheeler had been impounded for wrong parking. It was during this fortuitous visit that Anjali had the chance to really see and soak in the architectural beauty of the clock tower, installed at Yadgar Traffic Police Station. She says that she had seen the clock tower many a time before on her daily visit to her office inside City Palace Museum, but she has never had the chance to lay her eyes of the structure and admire its architecture. "You can't blame yourself for not noticing it before... the structure is in dire need for some upkeep. One might see it every day and not think much of it," she adds.

But, perhaps due to the fact that Anjali is a professional conservator and is drawn to objects and structures of yore, she immediately developed a fascination and curiosity about the clock tower. "I requested a senior officer to let me have a closer look of the clock tower. I wanted to see when and who had built it... after much pursuance he reluctantly agreed to let me go inside. But only on the condition that a junior officer would accompany me," she says.

Inside, a winding old staircase leads to the third floor where the clock mechanism was placed. "The mechanism of the clock occupied the complete third floor of the tower, but it was in complete disarray. The clock had stopped functioning at some point in time," said Anjali adding, "most of the timekeeping mechanism including the time train, the escapement and tool (to run the clock) were kept enclosed in a rugged box." The officer told her that some repairs have been made to the clock from time-to-time and yet the clock had not been working for months.

"In spite of the dirt and all sorts of garbage that been stuffed inside the tower one could easily find the instruments that were originally used in the tower and could be used to restore it to its original glory," she says.

"The clock hands that were being used originally in the clock, in the present day were replaced; one could see that they were quite new. But I could see the original clock hands and also the bell that must have been used in the clock tower at the time of installation... kept among the trash... One could see that if someone at some-point wanted to restore the clock back to its original glory, it would be have been possible."

> Speaking to Arbit about the process of documenting all her research about the Ghanta Ghars (Clock towers) in Jaipur, Anjali says that she was in for quite a surprise, 'there isn't much information available'. For a city that pride itself on being adorned with the title of World Heritage Site.

### Harrowing Journey

Enthralled with her experience at Edward Memorial, Yadgar, at Ajmeri Gate, Anjali was motivated to research about these clock towers of Jaipur and publish her findings. She had even managed to secure funding for her research from Shahpedia.org, an organisation that calls itself an 'open online resource on the arts, cultures and heritage of India'. The timing of it all she thought could not be more serendipitous, as her contract with Maharaja Sawai Man Singh II Museum, was nearing completion.

However, she couldn't have assumed that her research work would entail an interesting yet harrowing journey; involving endless cycles of bureaucratic hurdles, which would force her to almost give up on her project.

Speaking to Arbit about the process of documenting all her research about the Ghanta Ghars (Clock towers) in Jaipur, Anjali says that she was in for quite a surprise, 'there isn't much information available'. For a city that pride itself on being adorned with the title of World Heritage Site – the city's government did very little to document its architectural heritage – especially its historic clock towers. Anjali says that she even talked to her peers at Maharaja Sawai Man Singh II Museum and tried to Google, read-up books or papers (that documented when and where the clock towers where built), but she couldn't make much head way.

Giles Tiliton, an author, scholar and historian, who also was Anjali's colleague at City Palace Museum – coincidently had written a couple of books which had passing references about the clock tower at City Palace and King Edward Memorial (about when and how they were built). But Anjali had to do most of her research sifting through public documents, whenever she could lay hand on them.

If one were to count, there are in fact quit a few clock towers in Jaipur, seven to be exact – and starting with the oldest – that would possibly be the clock tower at Mahila Chikitsalay, in front of Sanganeri Gate or the Mayo Hospital, as it was known during the British Raj (built around 1870-75); followed by the clock tower at The City Palace (built around 1874); then the clock tower at Edward Memorial Yadgar, at Ajmeri Gate (built between 1911-1915); then comes clock tower at St Andrew's Church, situated just outside Chandpole, the western gate of the walled city (unveiled in 1922); followed by the clock tower at Raja Ramdeo Poddar School (unveiled in 1963), and finally the clock towers at The Ram Mandir, in Bani and Jhulelal Mandir, unveiled in 1973 and 2006 respectively.

For the inveterate chronologists amongst us, it is easy to further divide these clock towers (according to the period in which they were built) into a pre-independence and post-independence list.

### Clock Towers Built by the Kings

And here in lies a story – Anjali says unlike the rest of India, clock towers in Jaipur were not built by the British. They were not built as an attempt to litter the Indian landscape with tall and imposing symbols of imperialism and British hegemony, says Anjali, adding that they were built or commissioned by the king's direct orders.

"In cities like Shimla (which was the summer home for British residents) or Bombay, Calcutta, Madras and Allahabad (Mumbai, Kolkata, Chennai and Prayagaraj; as it is called now), clock towers were built by the British Raj. But since Jaipur was a princely state only the king could order the construction of these structures," states Anjali.

"Most of the pre-independence clock towers were commissioned by Maharaja Sawai Ram Singh II, and were either completed during his reign or after his death."

Anjali says that it is unlikely that the king built these clock towers to appease the British stating that: "A lot has to do with the fact that Ram Singh had modern education, hence he wanted to build a modern city and had the money to do so. He was also an ardent admirer of art and architecture and wanted to bring to his kingdom the latest kinds of gadgets and instruments. These clock towers were not supposed to remind the common man of the time. Instead, I see them as structures that are built to decorate the city."

"Ram Singh also had an advisory role to the British Raj, and he would travel to Delhi, Calcutta and Bombay very often... Thus, he was exposed to the latest technologies and modern architecture. And he did had the funds to build modern architectures in Jaipur for his people to see."

***To be continued...***

writetoarbit@rashtradoot.com

(All photos by Anjali Jain)



The southeastern face of the octagonally symmetrical Yaadgar ghanta ghar at Ajmeri gate.



The Yaadgar ghanta ghar with its symmetrical overhanging balconies in rosy sandstone and two of the four clock faces visible behind them.



The driving weight comprises of two different sizes of separate cast iron weight plates. Back in the day, this led to the speeding up or slowing down of the escapement.



Details of an open-door lining one of the balconies of the Yaadgar ghanta ghar's clock room.



The setup of the mechanism indicates that the clock work once included a bell, most probably one that struck every hour.

#RESEARCH

The PHL7 enzyme disintegrated an entire piece of plastic in less than a day.



# Biodegradable Plastic

While scavenging through a compost heap at a Leipzig cemetery, Christian Sonnendecker and his research team found seven enzymes they had never seen before.

They were hunting for proteins that would eat PET plastic - the most highly produced plastic in the world. It is commonly used for bottled water and groceries like grapes.

The scientists weren't expecting much when they brought the samples back to the lab, said Sonnendecker when DW visited their Leipzig University laboratory.

It was only the second dump they had rummaged through and they thought PET-eating enzymes were rare.

But in one of the samples, they found an enzyme, or polyester hydrolase, called PHL7. And it shocked them. The PHL7 enzyme disintegrated an entire piece of plastic in less than a day.



### Two enzymes 'eat' plastic: PHL7 vs. LCC

PHL7 appears to 'eat' PET plastic times faster than LCC, a standard enzyme used in PET plastic-eating experiments today.

To ensure their discovery wasn't a fluke, Sonnendecker's team compared PHL7 to LCC, with both enzymes degrading multiple plastic containers. And they found it was true: PHL7 was faster.

"I would have thought you'd need to sample from hundreds of different sites before you'd find one of these enzymes," said Graham Howe, an enzymologist at Queens University in Ontario, Canada.

Howe, who also studies PET degradation but was not involved in the Leipzig research, appeared to be amazed by the study published in Chemistry Europe.

"Apparently, you go to nature and there are going to be enzymes that do this everywhere," said Howe.

### PET Plastic Is Everyone

Although PET plastic can be recycled, it does not biodegrade. Like nuclear waste or a nasty comment to your partner, once PET plastic is created, it never really goes away.

It can be refashioned into new products - it's not hard to create a tote bag from recycled water bottles, for example. But the quality of the plastic weakens with each cycle.

So, a lot of PET is eventually fashioned into products like carpets and – yes – an exorbitant number of tote bags that end up in landfill sites. There are two ways to look at solving this problem: The first is to stop production of all PET plastic.

But the material is so common that even if companies stopped producing it immediately, there would still be millions of empty soft drink bottles - or tote bags fashioned from those bottles - lying around for thousands of years.

The second way is to force the plastic to degrade. Scientists have been trying to find enzymes that will do that for decades and in 2012 they found LCC, or "leaf-branch compost cutinase."

LCC was a major breakthrough because it showed that PETase, a component of LCC, can be used to degrade PET plastic when it is combined with another enzyme known as an esterase.

Esterase enzymes are used to break chemical bonds in a process called hydrolysis.

Scientists working on LCC have found that the enzyme does not differentiate between natural polymers and synthetic polymers - the latter being plastic. Instead, LCC recognizes PET plastic as a naturally occurring substance and eats it like it would a natural polymer.

### Engineering the Enzyme

Since the discovery of LCC, researchers like Sonnendecker have been looking for new PET-eating enzymes in nature. LCC is good, they say, but it has limitations. It is fast for what it is, but it still takes days to break down PET and the reactions have to occur at very high temperatures.

Other scientists and researchers have been trying to figure out how to engineer LCC to make it more efficient.

A French company called Carbios is doing that. They are engineering LCC to create a faster, more efficient enzyme.

Elsewhere, researchers at the University of Texas in Austin have created a PET-eating protein using a machine learning algorithm. They say their protein can degrade PET plastic in 24 hours.

David Zechel, a professor of chemistry at Queen's University said these approaches always start with something that is known - the researchers don't necessarily find anything new, but work to improve what has already been discovered.

This type of engineering is important as researchers try to create the optimal enzyme to degrade PET, said Zechel.

Sonnendecker's work shows that 'we haven't even remotely scratched the surface' in terms of the potential of naturally occurring enzymes 'with respect to PET'.

### Bottles Still Don't Biodegrade

Sonnendecker's newly discovered enzyme has its limitations, too. It can break down the containers you buy your grapes in at the grocery store, but it can't break down a soft drink bottle. Not yet.

The PET plastic used in drink bottles is stretched and chemically altered, making it tougher to biodegrade than the PET used in grape containers.

In tests, Sonnendecker's team has developed a pre-treatment that is applied to PET bottles, making it easier for the enzyme to degrade the plastic. But that research has yet to be published.

With industry help, said the researcher, technology using PHL7 to break down PET at a large scale could be ready in around four years.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जेईई-मेन-2021: पहले अटेम्प्ट के प्रवेश पत्र जारी, परीक्षा से आधे घंटे पहले तक ही एंट्री

## 12 शिफ्टों में बीई-बीटेक परीक्षा, बी-आर्क 2 शिफ्टों में

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन का पहला सेशन 23 से 29 जून के मध्य आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा देश के 501 व विदेश के 22 परीक्षा शहरों में होगी। इस परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।

पहले दिन 23 जून को बी-आर्क व 24 से 29 जून के मध्य बीई-बीटेक परीक्षा होगी। कोटा में इस परीक्षा के लिए चार परीक्षा केंद्र बनाये गए है जिसमे गुरुकुल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रानपुर में दो परीक्षा केंद्र, बाल कृष्ण इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रानपुर, वेदांत कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जखमुंड बूंदी शामिल है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि बीई-बीटेक परीक्षा 12 शिफ्टों में 24 से 29 जून के मध्य होगी पहली बार एक अटेम्प्ट में इतनी शिफ्टों में बीई-बीटेक परीक्षा होने जा रही है क्योकि अभी तक गत वर्षो में बीई-बीटेक के लिए अधिकतम 10 शिफ्टों में ही परीक्षा हुई है। विद्यार्थी जेईई-मेन वेबसाइट पर अपना एप्लीकेशन नम्बर एवं जन्म दिनांक द्वारा प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड पर दिए गए स्वयं के रिपोर्टिंग टाइम पर रिपोर्ट करना है और परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले प्रवेश बंद कर दिए जाएंगे। विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र में दिए गए बार कोड रीडर के माध्यम से लैब आवंटित की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को थ्री-लेयर मास्क भी दिया जाएगा, जिसे विद्यार्थी को परीक्षा देते समय उपयोग करना अनिवार्य होगा। प्रवेश पत्र में सेल्फ डिक्लेरेशन प्रारूप में विद्यार्थी को बांये हाथ का अंगूठा का निशान एवं स्वयं की फोटो लगाकर ले जाना होगा।

विद्यार्थी को इस प्रारूप में स्वयं के हस्ताक्षर, परीक्षा केन्द्र में परीक्षक के सामने ही करने होंगे। विद्यार्थी अपने साथ आधार कार्ड या कोई आईडी प्रूफ सेल्फ डिक्लेरेशन भरा हुआ प्रवेश पत्र, पारदर्शी पेन, स्वयं का फोटो, सैनेटाइजर व पानी की पारदर्शी बोतल साथ में लाने होंगे। विद्यार्थियों को कोई भी इलेक्ट्रोनिक गैजेट साथ लाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही मोटे सोल के जूते व बड़े बटन वाले वस्त्रों की भी अनुमति नहीं होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर रफ कार्य हेतु 6 रफ शीट उपलब्ध करवाई जाएगी, जो नाम व रोल नम्बर लिखकर परीक्षा समाप्त होने पर लौटानी होगी। साथ ही विद्यार्थी को परीक्षा समाप्त होने पर प्रवेश पत्र एवं सेल्फ डिक्लेरेशन फार्म को भी दिए गए नियत स्थान पर छोड़ना होगा। शारीरिक विकलांग स्टूडेंट्स को परीक्षा के लिए एक घंटा अतिरिक्त दिया जायेगा साथ ही इन्हे स्क्राइब एंटीए द्वारा ही दिया जायेगा।

एक्सपर्ट आहूजा ने बताया इस वर्ष प्रथम बार जेईई-मेन आवेदन को आधार से लिंक किया गया था जिससे वे स्टूडेंट्स जिनका नाम?, जन्म दिनक व जेंडर आधार से आवेदन के दोरान वेरिफाई नहीं हुए थे। उन्हें प्रवेश पत्र के दिए गए अंडरटेकिंग को भरकर साथ में ले जाना होगा। साथ ही उन्हें ये अंडरटेकिंग परीक्षा के समय दिखाकर ही प्रवेश दिया जायेगा जिस पर एंटीए स्पेशल परीक्षक के सिग्नेचर कर वही जमा करवानी होगी।

# मामचारी बांध में डूबने से दो युवकों की मौत

## सूचना मिलते ही कलेक्टर ने सिविल डिफेंस टीम को मौके के लिए रवाना किया

**करौली,** (निंसं.)। करौली-कैलादेवी सड़क मार्ग स्थित मामचारी बांध में नहाने के दौरान दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। जिनके शव करौली चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिये।

सूचना मिलते ही कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने सिविल डिफेंस टीम को मौके के लिए रवाना किया। दोनों युवक गंगापुर सिटी निवासी थे जिनके शवों का करौली जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया।

■ **मृतक दोनों युवक अपने दो साथियों के साथ मामचारी बांध पर पिकनिक मनाने आए थे**



करौली अस्पताल में परिजनों ने पोस्टमार्टम कराया।

अस्पताल चौकी प्रभारी महेश शर्मा ने बताया की मृतक युवक मनोज कुमार बैरवा पुत्र रामखिलाडी बैरवा 28 निवासी त्रिलोक नगर गंगापुर सिटी और मौनू उर्फ विकास पुत्र मुरारी लाल जाटव 27 निवासी लेदिया हॉल निवासी त्रिलोक नगर गंगापुर सिटी हैं।

सदर थाना एएसआई गंभीर सिंह ने बताया कि मृतक दोनों युवक अपने दो साथियों के साथ मामचारी बांध पर पिकनिक मनाने आए थे। मृतकों के साथ आये युवकों ने बताया कि बॉध के पानी में नहा कर वापस आने के दौरान मनोज का पैर गड्ढे में फस गया। अन्य तीनों उसे निकालने का प्रयास करने लगे इस दौरान मोनू भी डूब गया। युवकों के डूबने के दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। और लोगों ने काफी मशक्कत कर दोनों को पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि दोनों मृतक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे।

# पहली बारिश ने नगरपरिषद के पानी निकासी प्रबन्धों की पोल खोली

## प्रगति नगर में नगरपरिषद का जनरेटर खराब होने से नही हो पाई पानी की निकासी

**सुजानगढ़,** (निसं)। शहर में मंगलवार अलसुबह हुई बारिश ने पानी निकासी के लिए नगरपरिषद द्वारा किए गए प्रंबधों की पोल खोल कर रख दी।

शहर के प्रगति नगर में प्रवेश करने वाले मुख्य मार्ग पर बरसाती पानी जमा होकर लोगों के घरों में घुस गया। जिस कारण वंहा के वाशिंदो को घर से बाहर निकलने में भी कठिनाई का सामना करना पडा। यंहा पर लगा जनरेटर भी खराब मिला। जिस कारण दोपहर तक पानी की निकासी नही हो पाई। प्रगति नगर निवासी नरेन्द्र भामूं ने बताया कि पानी निकासी के प्रंबध के लिए वे सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवा चुके है। लेकिन नगरपरिषद के अधिकारी पोर्टल पर गलत रिपोर्ट पेश करते है। जिस कारण 300 घरों की बस्ती को परेशानी का सामना करना पड रहा है। भामूं ने कहा कि उनके घर में भी बरसाती पानी घुस गया।



सुजानगढ़ शहर के प्रगति नगर में जमा बरसाती पानी।

इसी प्रकार शहर के नलिया बास, वाल्मिकी बस्ती, ईदगाह मस्जिद, नया बाजार, नया बास, गांधी चौक, दो नम्बर रेलवे फाटक, लाडनूं बस स्टैण्ड, सम्राट होटल के पास सहित शहर के अनेकों इलाकों में बरसाती पानी जमा हो गया। नगरपरिषद द्वारा बडे नालो की सफाई कराने के बावजूद भी मुख्य मार्गो पर पानी एकत्रित नजर आया। वंही नगरपरिषद के कमिश्नर कमलेश मीणा ने जलभराव वाले इलाकों का जायजा लिया। इसी प्रकार पारेवडा गांव में मूसलाधार बारिश से गांव की गुवाड व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में पानी इकठ्ठा हो गया। स्कूल में जमा हुए पानी को स्कूल स्टाफ ने निकालने का प्रयास किया। एनएसयूआई के नेता ओमप्रकाश दुसाद ने उपखण्ड प्रशासन से गांव की गुवाड में एकत्रित होने वाले पानी की समस्या के स्थाई समाधान की मांग की।

## लापता दो युवतियां दिल्ली से दस्तयाब

**उदयपुर,** (कासं)। अपने घरों से बिना बताए निकली दो युवतियों को न्यायालय के आदेश पर झाड़ोल थाना पुलिस ने दिल्ली से दस्तियाब किया। झाड़ोल थाना एएसआई इन्दरसिंह के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल रामनिवास व महिला कांस्टेबल मंजुला मय जाप्ता ने गत दिनों अपने घरों से लापता हुई दो युवतियों की तलाश के लिए उदयपुर न्यायालय द्वारा जारी सर्च वारंट की पालना करते हुए दिल्ली नारायणपुरा थाने से दोनों युवतियों को दस्तियाब कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों ने परिजनों के साथ जाने से इनकार कर दिया। इस पर न्यायालय ने उन्हें नारीनिकेत भेज दिया।

दोनों युवतियों एक ही समाज से होकर गत दिनों बिना बताए घर से चली गई थी। इस मामले में अजमेर गंज पुलिस थाना एवं रामगंज पुलिस थाने में दोनों युवतियों के परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। इस मामले में तलाशी के दौरान परिजनों को युवतियों के झाड़ोल कस्बा क्षेत्र में होने की जानकारी मिलने पर स्थानीय न्यायालय में परिवाद दिया था। इस पर न्यायालय ने दोनों की तलाश के लिए सर्च वारंट जारी किया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों युवतियां साथ में रहना चाहती है तथा अपने पिता के घर नहीं जाना चाहती । इससे पूर्व गंज एवं रामगंज थाना पुलिस नारयण थाना दिल्ली गई थी।

# लूट करने वाले बदमाश का नहीं लगा सुराग

**जोधपुर,** (कासं)। मंडोर मंडी व्यापारी के मुनीम से लूट करने वाले बदमाश का आज दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ नहीं लगे। मुनीम के साथ सोमवार की दोपहर में बालसमंद के पीछे रोड पर लूट हो गई। अज्ञात बाइक सवार दो युवकों ने मुनीम की गाड़ी को लात मारकर उसे गिराया और रूपयों से भरा बैग छीन कर भाग निकले। बैग में 45 हजार रूपए थे। घटना के एक घंटे बाद पुलिस तक सूचना पहुंची।

पुलिस ने नाकाबंदी के साथ सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। मंडोर थानाधिकारी मनीष देव ने बताया कि काली बेरी सूरसागर का रहने वाला धीरज राठी मंडोर मंडी के व्यापारी अपने चाचा के पास में मुनीम गिरी करता है। वह पिछले तीन चार साल से मुनीमगिरी कर रहा है। हमेशा की तरह वह रूपयों का कलेक्शन करता है। रविवार को भी उसने सूरसागर के कुछ इलाकों से कलेक्शन किया था। सोमवार को वह कलेक्शन के 45 हजार रूपए लेकर घर से बाइक पर निकला था। वह बालसमंद के पीछे वाली रोड से निकल रहा था तब एक बाइक पर दो युवक पीछे से आए और उसकी गाड़ी को लात मार कर उसे गिरा दिया। बाद में रूपयों से भरा बैग छीनक र भाग गए। वह चिल्लाया और पीछा भी किया।

मगर लुटेरों को पकडने में सफल नहीं हो सका। थानाधिकारी मनीष देव ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस वहां पहुंची। आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे गए। दो संदिग्ध युवक नजर आए है। युवकों ने हेलमेट पहन रखा था। घटना में मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। बैग में रूपयों के अलावा दस्तावेज रशीद बुकें आदि सामग्री थी।

## तीन माह बाद पकड़ा शातिर नकबजन

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने गत मार्च माह में हुई एक नकबजनी के प्रकरण में आज खुलासा करते हुए शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में पहले एक बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर सुधार गृह भिजवाया गया था।

एएसआई पप्पाराम ने बताया कि घटना में बिड़ला डे स्कूल के नजदीक आरके नगर निवासी संदीप जांगिड़ की तरफ से 18 मार्च को अपने घर में हुई चोरी का प्रकरण दर्ज करवाया गया था। उसके घर से रात्रि में अज्ञात चोर नगदी, सोने के जेवरात आदि चोरी कर ले गए थे। उन्होंने बताया कि प्रकरण में एक बालक को पहले पकड़ा गया था। उसकी जानकारी अब शातिर नकबजन कबीर नगर भेरिया भाखर भील बस्ती के अरबाज पुत्र मकसूद अली को गिरफ्तार किया गया है। उससे चोरी की अन्य वारदातें भी खुलने की संभावना है।

# पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। सराड़ा थाना पुलिस ने गला दबा कर पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 19 जून 2022 को पीड़ित गांधीपुरा सराड़ा निवासी प्रभु पुत्र भेरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 18 जून सवेरे मेरे दामाद दिनेश को फोन कर पूछा की आप डींगरी बावसजी जाने वाले थे गये या नहीं तो उन्होंने कहा मैं व मीरा दोनों घर से वहां जाने के लिए निकल गये है। अपरान्ह में पूछताछ तो बताया कि नाराज होकर मीरा बाइक से उतर कर चली गई है मैं चावण्ड में हूं। संदेश होने पर मै परिजनों के साथ गया मौके पर गया तो देखा दिनेश मीरा को लेकर केजड़ नदी के पुल बबूलों के पास बैठा है।

छोटे दामाद डिंगरी निवासी भेरा ने मुझे फोन पर मीरा को केजड निवासी भरत पिता डालू के घर लाने की बात कही। इस पर मैं परिवारजन रवाना हो भरत के घर पहुंचे। जहां मीरा को खाट पर सुला रखी थी। उपर से कपडा हटाकर देखा तो उसके गले मे रगड जैसे निशान हो गला दबाकर मारी हो इस तरह के निशान पडे हुए थे, मेरे दामाद दिनेश पिता अमरा निवासी पाण्डेर, कुई, सराडा ने मेरी पुत्री मीरा का गला दबाकर हत्या की है। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर एसपी मनोज, एएसपी ग्रामीण मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक सराड़ा राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में सराड़ा थानाधिकारी अनिल कुमार विश्नोई के नेतृत्व में एएसआई रतन, हेडकांस्टेबल रमेश कुमार, हिम्मत, कांस्टेबल शोभाराम, जगदीश, हितपाल, महेन्द्र, कालुलाल, मोतीलाल एवं साईबर सैल के लोकेश रायकवाल मय टीम ने तकनीकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर पाण्डेर कुई सराड़ा निवासी दिनेश पुत्र अमरा को डिंगरी के जंगल से गिरफ्तार किया।

# छत के रास्ते मकान में घुस चोरों ने जेवरात पार किए

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की वैभवनगर कॉलोनी में बीती रात छत के रास्ते मकान में घुसे चोरों ने मकान में रखी आलमारी से 15 तोला सोने के साथ ही चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार वैभव नगर में मकान संख्या 310 निवासी प्रकाशचंद्र पुत्र बालूराम खटीक परिवार के साथ बीती रात खाना खाने के बाद कमरे में सो गये। इसके बाद सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि को करीब 2.30 बजे एक चोर दीवार फांदकर छत के रास्ते प्रकाशचंद्र के मकान में आया। उसने एक कमरे को बाहर से कुंदी लगाकर बंद कर दिया। इस कमरे में गृहस्वामी परिवार सहित सोया हुआ था। इसके बाद चोर ने एक कमरे में रखी आलमारी में सार-संभाल कर 15 तोला सोने के आभूषण चुरा लिये और फरार हो गया।

मंगलवार सुबह परिवार के सदस्यों की नींद खुली तो दरवाजा बाहर से बंद था। यह देखकर पडोसी को सूचना दी। पडोसी ने आकर दरवाजा खोला। बाद में कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू की है।

# हाईवे पर युवक से बाइक लूट ले गए बदमाश

**डूंगरपुर,** (निसं.)। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बाइक सवार बदमाशों ने सुनसान जगह पर एक युवक के साथ मारपीट की। इसके बाद रुपए, मोबाइल और बाइक लूटकर भाग गए। पीडित ने बिछीवाडा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस हाईवे पर सीसीटीवी फुटेज खंगालने की कोशिश कर रही है, ताकि बदमाशों की पहचान हो सके।

■ **तीन युवकों ने की मारपीट, रुपए और मोबाइल भी छीना**

एएसआई ने बताया कि झिंझवा निवासी राजेन्द्रसिंह पुत्र भगवान सिंह चौहान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने रिपोर्ट में बताया कि वह उदयपुर के केशरियाजी में एक मिल में काम करता है। सोमवार को ड्यूटी के बाद रात करीब 8 बजे बाइक लेकर अपने घर झिंझवा जा रहा था। खेरवाडा के पास एक बाइक पर 3 बदमाश उसका पीछा करने लगे। सेरावडा बस स्टैंड के पास ओवर ब्रिज पर सुनसान जगह पर बदमाशों ने बाइक के आगे बाइक लगाकर उसको रोक लिया और पैसे मांगे। मना करने पर बदमाश मारपीट करने लगे। पीडित ने बताया कि बदमाशों ने उनकी जेब से करीब 1 हजार रुपए और मोबाइल निकाल लिया। इसके बाद बदमाश उसकी बाइक लेकर फरार हो गए।

बदमाशों के मोबाइल छीन कर ले जाने से युवक किसी को सूचना नहीं दे पाया। इसके बाद वह बिछीवाडा थाने पहुंचा और रिपोर्ट दी। राजेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों बदमाश काले रंग की पल्सर बाइक लेकर आए थे। पुलिस हाईवे पर सीसीटीवी फुटेज खंगालने की कोशिश कर रही है, ताकि बदमाशों की पहचान हो सके।

# किराना स्टोर में चोरी करने वाले सीसीटीवी कमरे में कैद





आरोपी पूर्व में भी चोरी की वारदात को दे चुके हैं अंजाम।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में दिनदहाडे चोरों ने परचूनी दुकान से तेल टीन चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई इस पूरी वारदात के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी अनुसार श्रम कल्याण केंद्र, लेबर कॉलोनी के पीछे पवन जैन की अरिहंत किराणा एंड जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। सोमवार दोपहर उसकी दुकान पर दो अज्ञात व्यक्ति आये। इनमें से एक बाइक पर बैठा था। दूसरा दुकान पर आया। उसने कुछ सामान खरीदा। इसके बाद वह दुकान से उतरकर बाइक तक गया, तब तक पवन अंदर की ओर घूम गया, तभी वही बदमाश दुबारा दुकान पर आया और बाहर रखा तेल का 15 किलो का टीन उठाकर अपने बाइक सवार साथी के साथ भाग निकला। यह वारदात दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जैन ने बताया कि यह वारदात 12.23 बजे हुई। इसकी रिपोर्ट मंगलवार को प्रताप नगर थाने में दी है।

## अजमेर डेयरी ने दूध की रेट दो रुपए बढ़ाई

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के ब्यावर रोड स्थित अजमेर डेयरी द्वारा डेयरी के दूध के विक्रय मूल्य में दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की है। डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने डेयरी के बढ़े विक्रय मूल्य में हुई वृद्धि का कारण बढ़ते पशु आहार व चारे के भाव को बताया है। डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने बताया कि अजमेर डेयरी द्वारा गत 2 वर्षो में दूध के विक्रय मूल्य में किसी प्रकार की कोई वृद्धि नहीं की थी, लेकिन गत छह माह में पशु आहार के भाव में 5 रुपए प्रति किलो एवं चारे में एक हजार रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि होने से पशुपालकों के दूध उत्पादन व्यवसाय पर संकट आ गया है।

चौधरी ने बताया कि इस संकट से बचने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिये जा रहे 2 रुपए प्रति लीटर मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना की अनुदान राशि को बढ़ाने हेतु फरवरी माह में जिला संघों के अध्यक्षों द्वारा प्री-बजट बैठक में इस योजना की राशि को 2 रुपए से बढ़ाकर 5 रुपए प्रति लीटर करने का अनुरोध किया गया, जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के कांठोसजनो की बजट में आमराय लेने हेतु बिरला ऑडिटोरियम जयपुर में प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन आयोजित किया गया था।

# अंडरपास में पानी भरे होने के कारण व्यस्त रेल पटरियों से जाना पड़ रहा हैं शव यात्रा को

## राहगिरों ने अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया, नहीं हो रही सुनवाई

**बयाना,** (निस) । बयाना कस्बे की गउघाट चौकी के पास बने रेलवे अंडरपास मार्ग में लबालब गंदापानी भरा होने से इस रास्ते से आने जाने वाले लोगों व शव यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को भी काफी परेशानीयों का सामना करना पड रहा है।

रेलवे का यह अंडरपास मार्ग बयाना कस्बे को एक दर्जन से अधिक गांवों से जोडता है। जिससे रोजाना हजारों ग्रामीणों का पैदल व विभिन्न वाहनों से आना जाना होता है। वहीं यह अंडरपास मार्ग कस्बे के मुख्य शमशान गृह जाने का एक मात्र रास्ता है। किन्तु इस अंडरपास मार्ग में गंदा व बरसाती पानी भरा रहने से अब शवयात्रा को भी जान जोखिम में डालकर रेलपटरियों के उपर होकर उन्हें पार करते हुए निकाल कर शमशान को जाना पडता है। जिससे वहां हादसे होने की संभावना बनी रहती है। नागरिकों की माने तो संबंधित रेलवे अधिकारीयों को भी इस समस्या से कई बार अबगत कराते हुए पानी निकासी के उचित प्रबंध किए जाने की भी मांग की गई है। किन्तु कोई सुनवाई नही हो सकी है। जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है।



बयाना कस्बे की गउघाट चौकी के पास बने रेलवे अंडरपास मार्ग में पानी भरा होने से शव यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त

### मुकेश बगड़ी को प्रदेश मंत्री बनाया



**लालसोट।** अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हरलाल सिंह डुकिया मे प्रदेश कार्यकारणी मे मुकेश सैनी बगडी को प्रदेश मन्त्री बनाया है। सैनी के प्रदेश मंत्री नियुक्त किए जाने के बाद संबंध संगठन के प्रबोधको में खुशी की लहर छा गई है। प्रबोधक संघ से जुडे रामजी लाल शर्मा, हनुमान पांचाल, रमेश सैनी खटवा, मोहनलाल बैरवा, राजेश्वरी शर्मा, रघुवीर व्यास परमानन्द शर्मा कजोड बैरवा रामभजन राडा सहित अनेक प्रबोधको के द्वारा बधाई दी गई।

### विभिन्न आसन एवं प्राणायाम करवाए

**अलवर।** अलवर जिले के बानसूर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चूला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दिवस का आयोजन भव्य एवं शानदार तरीके से किया गया। प्रधानाचार्य मेहताब सिंह चौधरी ने बताया कि आयोजन में 38 पुरुष एवं 20 महिला संभागीयों ने भाग लिया। जिसमें सुरेश चंद सैनी शारीरिक शिक्षक एवं भीमसेन सैनी सी एच ओ के निर्देशन में विभिन्न आसन एवं प्राणायाम के अभ्यास करवाए गए। प्रधानाचार्य ने भी शिविर का प्रारंभिक चरण करवाया। जिसमें सूक्ष्म व्यायाम एवं ध्यान की विधियां करवाई गई। शिविर के प्रारंभिक चरण में ऐडी से लेकर चोटी तक के समस्त अंगों को सक्रिय करने के लिए विभिन्न एक्सरसाइज करवाई गई।

### योग दिवस पर हुए कार्यक्रम

**थानागाजी, (निसं)।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपखंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यालय प्रांगण में योग किया। इस अवसर पर सरदार पटेल हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। वहीं कस्बे के आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार शर्मा जांगिड़ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने योग कर योग दिवस मनाया। योग के साथ शुद्ध पर्यावरण के उद्देश्य से निकटवर्ती ग्राम सालेटा में एल पी एस विकास संस्थान द्वारा संचालित पर्यावरण शिक्षा केंद्र पर योग दिवस के उपलक्ष में संस्थान प्रमुख व पर्यावरणविद् राम भरोस मीणा के निर्देशन में 31 पौधे लगाए गए।

### योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** कस्बे के खेल स्टेडियम में आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपखंड स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति बहरोड के तहसील प्रभारी योगाचार्य विद्यारत्न शास्त्री ने योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी सचिन यादव, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशि कपूर, आयुर्वेद अधिकारी डॉ गजराज सिंह यादव, चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र यादव ,सतीश शर्मा ,प्राचार्य महिपाल यादव व योगाचार्य विद्यारत्न शास्त्री ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# आजादी के 75 वर्षों बाद भी चौरू से मडावरा सड़क मार्ग खस्ताहाल

**उनियारा/चौरू, (निसं)।** उनियारा उपखंड के चौरू से मंडावरा जाने वाले आम रास्ते का आजादी के 75 वर्षों बाद भी डामरीकरण नहीं होना क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की उपेक्षा दर्शाता है। लोगों को बारिश के दिनों में यहां पर आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बारिश के मौसम में करीब तीन-चार माह के लिए रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है, इससे मंडावरा क्षेत्र के लोगों

> ■ **बारिश में करीब तीन-चार माह के लिए बंद हो जाता है यह आम रास्ता**

का संपर्क पूरी तरह से टूट जाता है। लोगों को निजी कार्यों के लिए एवं मंडावरा जाने के लिए भी करीब 15 किलोमीटर की दूरी तय करके जाना आना पड़ता है वहीं मंडावरा निवासियों के लिए तो यह मार्ग एक तरह से बंद होने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार क्षेत्रीय विधायक को भी सड़क मार्ग के डामरीकरण कराने की मांग की गई लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात रहा। किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा ध्यान नहीं दिया जाना एक तरह से जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा को दर्शा रहा है। प्रशासन गांव के संग अभियान में भी मंडावरा के ग्रामीणों ने चौरू से मडावरा सड़क मार्ग के डामरीकरण कराने की मांग की गई थी लेकिन अभी तक उस पर भी किसी तरह का कोई अमल होता दिखाई नहीं दे रहा है। यह मार्ग मंडावरा ग्राम वासियों के लिए काफी उपयोगी है इस मार्ग से मंडावरा ग्राम वासियों को सवाई माधोपुर, टोंक ,चौथ का बरवाड़ा ,अलीगढ़, उनियारा, जयपुर, शिवाड़ सहित दर्जनों गांवों आवागमन करने में काफी सुविधा रहती हैं। करीब 7 किलोमीटर का यह मार्ग पूरी तरह से ऊबर खाबड़ रास्तों में तब्दील हो गया है। बारिश का पानी भरा होने के कारण इस मार्ग पर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है।



**उनियारा उपखंड के चौरू से मंडावरा जाने वाले आम रास्ते पर बारिश के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।**

## श्री जीण माता मंदिर में वार्षिकोत्सव आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बामणवास स्थित श्री जीण माता मंदिर का वार्षिकोत्सव समारोह मंगलवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विशाल मेले का आयोजन भी हुआ। वहीं भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण कर श्री जीण माता के दर्शन किये।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने शिरकत करते हुए माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कसाना ने केंद्र व राज्य सरकार पर जमकर निशाने साधे। अग्निपथ योजना पर मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की सेवा व रक्षा का प्रण लेने वाले किसान पुत्रों व युवाओं के हितों पर अग्निपथ योजना कुठाराघात है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान जयराम ठेकला, लालचंद म्हासी एंड पार्टी द्वारा माता के भजनों की सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। मंदिर महंत मोहनदास महाराज द्वारा आशीर्वचन कहे गए। विशिष्ठ अतिथि के रूप में आरजेडी प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास यादव, भाजपा नेता मुकेश गोयल, विहिप प्रांत उपाध्यक्ष पूरणमल भरगड़ ने भी शिरकत की। अतिथियों का ग्रामीणों व समिति सदस्यों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

## सार-समाचार

### प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया



**फागी, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय के पंडो के मोहल्ले में संचालित माध्यमिक लक्ष्मी विद्या मंदिर के प्रतिभावान विद्यार्थियों का मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह विद्यालय संचालक रामेश्वर प्रसाद मानहाला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय संचालक मानहाला ने कहा कि धन्य हो ऐसे माता पिता को जिन्होंने अपनी कोख से ऐसे लाडलो को जन्म दिया, जिन्होंने अपनी कडी मेहनत से बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लेकर अपनी स्कूल,परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया। संस्था के प्रधानाध्यापक शंकरलाल गुर्जर ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2022 में राधिका शर्मा 88.67 , कोमल शर्मा 85.17 , ज्योति गुर्जर 84.17 , प्रिया चौधरी 82.17 , पूजा सैनी 80.83 अंक प्राप्त कर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया।

### नन्दघर पर योग दिवस मनाया



**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** आठवें विश्व योग दिवस के उपलक्ष पर डाबड़ी, भूरथल नन्द घर पर योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लस्टर कोऑर्डिनेटर खुशबू कुमावत, नीता पाठक, सुपरवाइजर कमल सिंह, विद्यालय स्टाफ, सरपंच, वार्ड पंच के द्वारा सभी को योग का इतिहास बताया। बतया कि वर्तमान में आठवां योग दिवस मनाया जा रहा है जिसकी थीम योगा फ़ॉर ह्यूमैनिटी रखी गई है योग के पिता महर्षि पतंजलि को कहा गया है जिन्होंने अष्टांग योग बताए हैं।

## माथोलाव बांध की नहरों के लिए 132.30 लाख की स्वीकृति

**निवाई, (निसं)।** राज्य सरकार ने निवाई उपखण्ड के माथोलाव बांध की नहरों की मरम्मत के लिए 132.30 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। जल संसाधन विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि विधायक प्रशांत बैरवा की अनुशंषा पर राज्य सरकार ने माथोलाव बांध की एलएमसी की लंबाई 1050 मीटर व आरएमसी की लंबाई 1025 मीटर तक नहर को पक्का किया जाएगा। इसके साथ ही झिलाई माइनर के किनारों को मजबूत कर कच्ची नहर का निर्माण किया जाएगा । इसके साथ ही चार पुलिया का निर्माण व दोनों नहरों के टेल कलस्टर को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नहरों के सर्विस रोड पर क्वारी रबिश बिछाया जाएगा। सारे कार्य पूर्ण होने पर नहर के अंतिम छोर तक के किसानों को पानी मिलेगा तथा पानी की बर्बादी भी नहीं होगी।

# चोरी की तीन बाइक बरामद, दो चोर गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** नौगावां थाना पुलिस ने चोरी की तीन बाइक बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

नौगावां थानाधिकारी सुनील टांक ने बताया कि सम्मनबास चौकी पर नाकेबंदी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल पर आ रहे हैं। सूचना अनुसार मोटरसाइकिल नम्बर आर जे 02 एम एस 7965 को रुकवाकर सवार व्यक्तियों से मोटरसाइकिल के कागजात मांगे तो उनके पास कोई कागजात नहीं मिले। पूछताछ करने पर दोनों ने मोटरसाइकिल को उधोग नगर थाना इलाके से चोरी करना स्वीकार किया तथा उक्त मोटरसाइकिल पर दूसरी मोटरसाइकिल की फर्जी नम्बर प्लेट लगाना बताया। पूछताछ में एक ने अपना नाम बूटा सिंह पुत्र महेंद्र सिंह जाति रायसिख निवासी अलापुर थाना मालाखेडा हाल निवासी नौगावां तथा दूसरे ने अपना नाम शमशेर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह जाति रायसिख निवासी अलापुर हाल निवासी नौगावां बताया। दोनो अभियुक्तों की निशानदेही पर तीन चोरी की बाइक बरामद की गई।



**नौगावां थाना पुलिस ने चोरी की तीन बाइक बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।**

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

**निवाई, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं इडी, इनकम टैक्स, सीबीआई का दुरुपयोग व युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड कर अग्निपथ योजना लागू करने के विरोध में अहिंसा सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री का पुतला फूंका । इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, सीताराम कटारा, पवन सांवलिया ,पारस पहाडी, प्रभु चौधरी, राजेश भट्ट, सुमेर सिंह राजावत, सुदामा चौधरी, जितेंद्र चौधरी, रामेश्वर तिवारी, कैलाश चौधरी, सरपंच सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि पप्पू लाल मीणा, चैनपुरा सरपंच मदन लाल मीणा, बस्सी सरपंच सांवरमल मीणा, सेदरिया सरपंच कानाराम गुर्जर, सीन्दरा सरपंच देवा लाल गुर्जर, नोहटा सरपंच पति मोहन बेरवा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पार्षदों ने आक्रोश जताया

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वार्ड पार्षदों द्वारा मंगलवार को पावटा स्थित खोस्या मंदिर में गिरधारी शर्मा व नरपत सिंह की अध्यक्षता मे एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सभी वार्ड पार्षदों ने सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुए बताया आज तक एक भी साधारण सभा का आयोजन नहीं किया गया। पहले साधारण सभा के लिए 18 मई तिथि घोषित की गई थी लेकिन उसे भी निरस्त कर दिया गया था। पार्षदों को उनका हक नहीं दिया जा रहा है जो कि उनके अधिकारों का हनन व अनदेखी है। नगर पालिका मे व्यापत भ्रष्टाचार व पट्टों में जमा खोरी से पूरी जनता परेशान है। इन सभी मांगों को लेकर पावटा प्रागपुरा नगर पालिका में सभी वार्ड पार्षदों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। सभी वार्ड पार्षदों द्वारा पावटा प्रागपुरा नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर पाव टा प्रागपुरा नगरपालिका के सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

डी.आर.एम./ बिजली, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** 12/2022-23 **कार्य का विवरण:** Electrical work in c/w (a) "Soft up gradation of stations including Provision of Platform shelter at Hanwant, Mandore & Osian station in the jurisdiction of Sr. DEN/Cent. (b) Provision of passenger amenities for Divyangjan including Raising of Existing PF of Tivari station in the section of RKB-JSM under ADEN JSM. (c) Provision of passenger amenities for Divyangjan including Raising of Existing PF of Maha Mandir station in the section of RKB-JSM under ADEN JSM (d) Provision of passenger amenities for Divyangjan including Raising of existing platform at Ajit station in the section of LN-SMR under ADEN Samdari. (e) Provision of passenger amenities for Divyangjan including raising of existing PF at Dudia station in the section of LN-SMR under ADEN/Samdari. (f) Provision of passenger amenities for Divyangjan including Raising of existing platform at Rohat station in the section of JU-MJ under ADEN/Line. **अनुमानित लागत:** ₹ 1,25,90,136.27/- **(2) निविदा संख्या:** 13/2022-23 **कार्य का विवरण:** Schedule maintenance of DG sets over Jodhpur Division for the period of two years. **अनुमानित लागत:** ₹ 38,66,370.20/- **(1) सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in **(2) ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 14.07.2022 को 15.00 बजे तक। **(3) ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 14.07.2022 को 15.00 बजे के बाद। विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें।

429-DP/22

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**लालसोट, (निसं)।** थाना क्षेत्र के शिवसिंहपुरा ग्राम के रहने वाले घर से लापता युवक पुखराज मीणा का पेड़ से लटका हुआ शव मिलने के बाद परिजनों द्वारा हत्या का मामला पुलिस थाने में दर्ज कराया है।

> ■ **तीन लोगों के खिलाफ हत्या का नामजद मामला दर्ज**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मृत अवस्था में चिमनपुरा के एक खेत में पेड़ पर लटके हुए मिलने के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा पूरा मामला हत्या से जुड़ा हुआ बताते हुए कोथून लालसोट हाईवे पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन कर हत्यारों को पकडने की मांग की गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर थानाधिकारी रिछपाल सिंह पुलिस जाब्ते के साथ पहुंचे। मामला बढ़ता देख मौके पर मंडावरी व रामगढ़ पचवारा थाना अधिकारियों सहित पुलिस जाब्ते को बुलाया गया। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक दोसा शहर कालूराम मीणा के नेतृत्व में जिस जगह संदिग्ध अवस्था में पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ था उस का जायजा लिया गया एव एफएसएल और एमोवी टीम द्वारा भी जांच की गई। इसके बाद तुरंत हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को अडे परिजनों एवं ग्रामीण बमुश्किल शव के पोस्टमार्टम को राजी हुए। मृतक के भाई ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके भाई पुखराज को करीब एक माह पूर्व बद्री लाल निवासी बालाजी ढाणी चिमनपुरा ने जान से मारने की धमकी दी थी। इस बात को मृतक भाई द्वारा उसको बताया गया था। जहां मृतक के भाई द्वारा भाई का बद्री लाल पुत्र कैलाश, राम भजन पुत्र मूल्या उर्फ जयराम रामकेश पुत्र मूल्या उर्फ जयराम जाति मीना निवासी बालाजी वाली ढाणी चिमनपुरा थाना लालसोट में डेयरी की दुकान से अपहरण कर हत्या कर उसकी लाश को पेड़ से लटका देने का नामजद मामला दर्ज कराए।

## 'योग से निरोगी रहती है काया'

**निवाई।** स्थानीय पार्श्वनाथ उद्यान में उपखंड प्रशासन के तत्वावधान में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में दक्ष प्रशिक्षिकों द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। जिसमें हजारों कर्मचारियों एवं जनप्रतिधियों ने योगाभ्यास किया गया। समारोह में मुख्य अथिति उपखण्ड अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने कहा कि हर व्यक्ति को रोज योगा करना चाहिए। योगा से काया निरोगी रहती है एवं मानसिक तनाव दूर होता व मन शान्ति मिलती है। इस दौरान दक्ष प्रशिक्षक रामकिशन गुर्जर, बाल योगी जयश्री शर्मा एवं रमेश घायल ने विभिन्न प्रकार के योग करवाएं। इसी प्रकार सभी ग्राम पंचायतों और सभी सरकारी स्कूलों में भी योग दिवस मनाया गया। ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में अपर जिला एवं न्यायाधीश तोषिता मलानी, एसडीएम त्रिलोकचंद मीणा, विकास अधिकारी डॉ. सरोज बैरवा, मंडी सचिव कांतिलाल मीणा, प्रधानाचार्य देवेन्द्रपाल चौधरी, प्रधानाचार्या मंजू मीणागणमान्य नागरिकों व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों उपस्थित थे।

# 'स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन में अपनाएं'

**किशनगढ़बास, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आदर्श विद्या मंदिर, कृषि महाविद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय के प्रांगण में आयोजित योग अभ्यास शिविर का पूर्व विधायक रामहेत यादव ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कहा निरोगी शरीर रखने के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और 30 मिनट प्रतिदिन योग करें। शिविर में चेयरमैन पति सतीश सिंघल भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ सहित पार्षद कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी व सेवकों ने योगासन कर योग को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय

> ■ **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया**

योग शिविर तहसीलदार पुरुषोत्तम दास की देखरेख में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधान बद्रीप्रसाद सुमन ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कृषि महाविद्यालय बास कृपाल नगर के सहायक निर्देशक छात्र कल्याण डॉक्टर लक्ष्मण सिंह बलाई ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास शिविर का आयोजन कर सूर्य नमस्कार कपालभाति प्राणायाम अनुलोम विलोम शीर्षासन हास्य वियाम आदि आसनों का योगासन कराया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा पंचायत समिति सांगानेर जयपुर**

कमांक/ ग्रा.पं./117/2022-23 दिनांक:- 10.06.2022

**निविदा सूचना संख्या 1-2/2022-23**

ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज तथा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत इच्छुक वाणिज्य कर विभाग में जी एस टी पंजीकृत फर्मो/ संवेदको से निर्माण सामग्री आपूर्ती एवं हैण्डपंप/ सिंगल पोईट निर्माण का दर अनुबंध पंचायतवार करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेंट प्रकिया से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 04.07.2022 समय सांय 5 बजे तक ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड/ अपलोड की जा सकती है।

**सामग्री आपूर्ती** NIB No PEZ2223A0027 UBN NO PEZ2223GLRC00031

**हैंडपंप/ सिंगल पॉईट** NIB NO PEZ2223A0028 UBN NO PEZ2223GLRC00032

**नीम लाल शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा**

**लाली देवी, सरपंच**
**ग्राम पंचायत सरपंच, जगन्नाथपुरा**



**राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर**
**कार्यालय विश्वविद्यालय अभियन्ता**

**ई-निविदा सूचना संख्या 09/2022-23**

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में निम्नलिखित कार्यों के लिये राजकीय/अर्द्ध-राजकीय विभागों के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से कार्यों की **कुल संख्या 01** हेतु कुल राशि रुपये 2.68 लाख की सील बन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, निविदा देने एवं प्राप्त करने की दिनांक, समय, एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** एवं **http://sppp.raj.nic.in** पर उपलब्ध है, जिनका यूबीएन नम्बर **URA2223WSOB00044 and URA2223A0015** है।

**विश्वविद्यालय अभियन्ता**


## कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री का पुतला जलाया

**उनियारा, (निसं)।** उनियारा में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देहलवालजी के मंदिर में एक मीटिंग का आयोजन किया। बैठक का आयोजन कर सामूहिक रूप से जमकर नारेबाजी के साथ रैली निकालते हुए बस स्टैंड सरदार सिंह सर्किल पर पहुंचे। जहां पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर अध्यक्ष दिनेश पाटोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका।

वहीं भाजपा सरकार पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने तथा उनके इशारे पर ईडी का भी दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष दिनेश पाटोदी,प्रधान प्रतिनिधि गुलाब मीणा, हेमराज मंगल, चेतन भट्ट, इशाक मोहम्मद, हनीश लोहार, जगदीश बेरवा, भवानी मीणा, तेजकरण मीणा ,फोरूलाल मीणा, फूलचंद बाबा, लाडले मियां ,चेयरमैन पति नरेश गुर्जर ,पार्षद धर्म प्रकाश शर्मा, बहादुर सिंह गौड ,इमरान खान,सत्यनारायण जैन, गणेश जोशी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है केंद्र सरकार: खैरिया

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** केंद्र सरकार की नीतियों एवं अग्निपथ योजना व कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर मनगढ़ंत आरोप लगाए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं विधायक दीपचंद खैरिया के नेतृत्व में शहर के तोप सर्किल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंक कर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम गंगाधर मीणा को ज्ञापन सौंपा है।

मीडिया प्रभारी सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि मंगलवार को विधायक दीपचंद खैरिया के नेतृत्व में शहर के तोप सर्किल पर भाजपा की केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों एवं अग्नि पथ योजना व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को परेशान किए जाने के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी की गई।

इस अवसर पर विधायक दीपचंद खैरिया ने कहा केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगातार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को बिना सबूत व तथ्यों के निराधार मनगढ़ंत आरोपों में नेशनल हेराल्ड मामले में राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित होकर तलब किया जा रहा है। विधायक ने कहा 15 जून को पुलिस ने जबरदस्ती एआईसीसी मुख्यालय में घुसकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व कांग्रेस नेताओं पर लाठीचार्ज किया। संवैधानिक संस्था ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं को परेशान किया जा रहा है। भारतीय सेना के गौरव व युवाओं के भविष्य के साथ अग्निपथ योजना को लागू कर भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रधान बीपी सुमन, नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका उमेश यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव गिरीश डाटा, पूर्व सरपंच भोलाराम शर्मा नवीन अग्रवाल पूर्व सरपंच अजय चौधरी किसान नेता शेर सिंह चौधरी महेश गुप्ता जगदीश गुप्ता पूर्व प्रधान सुंदर बसवाल धीरूभाई, शिवचरण गुप्ता, दिलीप झालानी, पवनवासु, मनोज बुराडिया, जसमेर सरपँच, जैकम खान, नारायण छंगाणी, अबरार सरपँच, भागेन्द्र खैरिया, जे पी गुर्जर, सुनील सांवरिया, जतिन लालवानी, संस्कार अग्रवाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**किशनगढ़ बास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक दीपचंद खैरिया के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका।**

> ■ **राष्ट्रपति के नाम एसडीएम गंगाधर मीणा को ज्ञापन सौंपा**

## सामूहिक योग शिविर लगाये

**फुलेरा, (निसं)।** विश्व योग दिवस पर फुलेरा कस्बे में जगह-जगह पर सामूहिक योग शिविर का आयोजन किया गया। इस क्रम में कस्बे की सांभर बाईपास सड़क स्थित गार्डन में भाजपा मण्डल फुलेरा के तत्वावधान एवं स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत के मुख्य आतिथ्य एवं मण्डल संयोजक बी.सी. माली, योग शिक्षक अनिल सोनी, सह संयोजक रिध्दकरण वर्मा, यादराम गौड़ के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार कस्बे के ढाणी नागान में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र तृतीय काचरोदा में भी विश्व योग दिवस पर योग शिविर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमला मैसी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। क्षेत्र की मातृ शक्तियों और बच्चो ने भाग लिया। सभी को सहायिका सीता चौधरी ने योगाभ्यास करवाया। संतोष सैन ने प्राणायाम और विभिन्न आसनों की जानकारी प्रदान की। सेवा भारती समिति की संयोजिका सन्तोष कुमावत ने भी योग करने के फायदे बताये। वहीं कस्बे की नरैना सड़क स्थित उपकारागृह परिसर में उपकारागृह प्रभारी रामेश्वर लाल चौधरी ने बन्दियों को योगाभ्यास करवाया साथ ही इसे नियमित रूप से करने के लिए प्रेरित किया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

प.सं. 98 Med/Pathological Investigation/ Empanelment/ Pt-2/2022-23,

दिनांक: 20.06.2022

मण्डल रेलवे अस्पताल जोधपुर में Pathological Lab Special Investigation हेतु नीजि डाईग्नोस्टिक केन्द्रों से सूचीबद्ध करने के लिये अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु सी.जी.एच.एस. जयपुर की दरों पर अथवा यदि किसी विशेष जांच हेतु सी.जी.एच.एस. जयपुर की दर उपलब्ध न हो तब अ.भा.आ.स. (एम्स) दिल्ली या जोधपुर की दरों पर या सभी प्रतिभागी डाईग्नोस्टिक केन्द्रो द्वारा प्रस्तावित दरों पर 10 प्रतिशत छूट के साथ रेलवे के मरीजों को जांच सुविधाएं देने हेतु अभिरूचि व्यक्त करने हेतु आमंत्रित करता है। उक्त पात्रता संबंधी मानदण्ड (कसौटी) पूरा करने वाले डाईग्नोस्टिक केन्द्र/अस्पताल ही इस ई.ओ.आई. का उत्तर दिये गये अभ्यावेदन के फार्मेट में भरकर, चेक लिस्ट में दिये गये सम्पूर्ण विवरण के अनुसार दस्तावेजों सहित सलंग्न कर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ.प. रेलवे अस्पताल, जोधपुर को सम्बोधित कर मोहरबन्द लिफाफे में दिनांक 04.07.2022 को 16.00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ. प. रेलवे अस्पताल, जोधपुर में पूर्ण विवरण सहित प्रस्तुत करना होगा। ई.ओ.आई. हेतु अभ्यावेदन का फॉर्मेट, चेक लिस्ट तथा नियम व शर्तें दिनांक 02.07.2022 को 16.00 बजे तक रेलवे के अधिकारिक वेबसाइट www.nwr.indianrailways.gov.in पर डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

426-DP/22

रेल सुरक्षा संबंधी शिकायत हेतु हैल्पलाइन नं. 182 पर सम्पर्क करें



**राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड,**
**(राजस्थान सरकार का उपक्रम)**
**खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र**
**सेक्टर 4 किरण पथ, मध्यम मार्ग, मानसरोवर, जयपुर**

कमांक: खा.ग्रा.प्र.के.सा/2022-23/12 दिनांक: 18.06.2022

**वित्तिय निविदा सूचना**

राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र सांगानेर पर संविदा आधार पर निम्नानुसार वर्णित पदों हेतु वितिय वर्ष 2022-23 हेतु राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित श्रम विभाग की दरों पर पंजीकृत/सेवा प्रदाता ऐजेन्सीयों से निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है।

| क.सं. | पद नाम | पदों की संख्या | अनुमानित लागत(लाख) | धरोहर राशि | निविदा | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चौकीदार | तीन पद | 3.04 | 12,260/- | 200/- | |
| 2. | कम्प्यूटर आपरेटर | एक पद | 1.07 | | | |
| 3. | सहायक कर्मचारी | दो पद | 2.02 | | | |

इच्छुक निविदादाता फर्म उपरोक्त वर्णित कार्य हेतु कार्यालय खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र सेक्टर 4 किरण पथ, मध्यम मार्ग मानसरोवर से निविदा फार्म एवं शर्ते आदि प्राप्त कर सकते है निविदा जमा कराने की अन्तिम तिथि दिनांक 29.06.2022 को दोपहर 12 बजे तक जमा की जावेगी तथा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जोवगी।

आज्ञा द्वारा,
प्रभारी

## संक्षिप्त

### सुनील प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**टोंक, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष एन. के. गुप्ता, महामंत्री गोपाल लाल गुप्ता की सहमति से अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के युवा प्रदेशाध्यक्षी जे. डी. माहेश्वरी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए टोंक जिले से युवा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट सुनील कुमार जैन कर सलाहकार एवं युवा प्रदेश मंत्री पद पर वीरेंद्र कुमार संघी को नियुक्त किया है। टोंक जिला वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय एवं जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद खंडेलवाल ने बताया कि इन नियुक्तियों से युवाओं में वैश्य समाज के लोगों में काफी उत्साह है।



### विश्वयोग दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**डिग्गी, (निसं)।** धार्मिक नगरी डिग्गी के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में विश्व योगा दिवस समस्त स्टाफ व आशासहयोगिनी के द्वारा मनाया गया। वहीं डिग्गी अस्पताल में वैद्य सूरेश कुमार शर्मा के द्वारा समस्त स्टाप एवं आशासहयोगिनी व एएनएम को योगा अभ्यास करवाया गया। डिग्गी कस्बे के कल्याण माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में भी समस्त स्टाफ ने योगाभ्यास किया।

### 2200 लीटर वास व 4 ड्रम भट्टियां नष्ट की

**डिग्गी, (निसं)।** प्रहराधिकारी रामसहाय नारेडा ने बताया कि सहायक आबकारी अधिकारी टोंक महावीर सिंह के निर्देशन पर की गई कार्यवाही में ग्राम चावण्डिया के जंगल में दबिश देकर 2200 लीटर वॉस व 4 ड्रम भटियां मौके पर नष्ट की गई। वहीं मौके से किसी भी प्रकार की गिरप्तारी नहीं की गई। कार्रवाई से शराब माफिया में हडकंप मच गया। प्रहराधिकारी रामसहाय नारेडा ने बताया कि क्षेत्र में कार्रवाही लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान सहायक आबकारी अधिकारी टोंक महावीर सिंह, निर्मला चौधरी आबकारी निरीक्षक मालपुरा, प्रहराधिकारी रामसहाय नारेडा सहित मालपुरा आबकारी मय जाब्ता मौके पर मौजूद रहा।

### योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया

**बोराज, (निसं)।** विश्व योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक प्रांगण में नोडल एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीरा देवी शर्मा के नेतृत्व में अलग-अलग तरह के योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. मीरा देवी शर्मा ने बताया कि जीवन में स्वस्थ्य बने रहने के लिए योग का काफी महत्व है। योगों के अभ्यास से जटिल बीमारियों का इलाज भी संभव है। इस अवसर पर सरपंच सुरेन्द्र सिंह मीणा, स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

### एसडीपीआई का स्थापना दिवस

**मालपुरा।** शहर के टोडारोड पर मंगलवार को सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया शाखा मालपुरा की ओर से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। नगर अध्यक्ष एडवोकेट अय्युब नैब, उपाध्यक्ष इस्हाक शेरा, सचिव अल्ताफ नदाफी, जावेद हाशमी, दिलदार मास्टर, महफुज, सलीम नीर, फिरोज सहित मौजूद कार्यकर्ताओं ने पार्टी की स्थापना दिवस पर एक-दूजे को बधाई दी।

# धूमधाम से मनाया योग दिवस, जगह-जगह आयोजित हुए शिविर

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे सहित उपखण्ड क्षेत्र में मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर योग शिविर का आयोजन हुआ।

निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट लि. युनिट कोटपूतली सीमेंट संयंत्र के अभिनन्दन स्टाफ क्लब परिसर में युनिट हैड नितिन दुराफे के मुख्य आतिथ्य में योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य ने निरंजन कुमार मिश्रा ने योग क्रियायें करवाकर लाभ बतायें। इस दौरान उपाध्यक्ष नवनीत जेटली, योगेश मल्होत्रा, भूपेन्द्र खोरपिया, शुभा राव, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. रेणू वर्मा, डॉ. महिपाल शर्मा, सीएसआर उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह समेत महिलाओं व बच्चों ने भी भाग लिया।

इसी प्रकार वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में निकटवर्ती ग्राम अमाई स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय व अशोका छात्रावास में योग शिविर का आयोजन हुआ। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ सदस्यों व छात्रों को फलों का वितरण किया गया। इस दौरान राजेश चौधरी, विक्रम कसाना, योगेश चौधरी समेत विधालय स्टॉफ सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। इसी प्रकार बीसीएमओ डॉ. रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत संचालित हैल्थ वैलनेस सैन्टरों पर योग दिवस मनाया गया। कोटपूतली में कुल 1743 आमजन ने शिविरों में भाग लिया। बीपीएम विजय तिवाड़ी ने बताया कि वैलनेस सैन्टरों पर सीएचओ ने घर-घर जाकर योग गतिविधियों की जानकारी दी।



कोटपूतली में शिविर के दौरान योगा करते छात्र।

कस्बा स्थित राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में एनएसएस, एनसीसी व स्कॉउट गाईड के संयुक्त तत्वाधान में योग दिवस मनाया गया। ग्राम रामसिंहपुरा स्थित उपकारागृह में समाजसेवी रतनलाल शर्मा के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य रमेश कुमार ने बंदियों को विभिन्न योग करवायें। ग्राम पवाना अहीर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में योग प्रशिक्षक शिवपाल यादव ने योग करवायें। कस्बा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविधालय सेवा केन्द्र पर प्रभारी बीके लक्ष्मी बहन ने योग के उद्धेश्य व महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्था से जुडे लोग मौजूद रहे। आर्य समाज द्वारा डाबला रोड़ पर विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में कस्बा स्थित राजकीय सरदार विधालय में आयोजित किये जा रहे कौशल विकास व अभिरूचि शिविर में पीटीआई हरिप्रसाद व ललित के निर्देशन में योग शिविर का आयोजन हुआ।

## विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित

**चाकसू, (निसं)।** मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विश्व योग दिवस पर सरकारी एवं निजी संस्थानों संगठनों ने योग प्रदर्शन शिविर का आयोजन कर योग के माध्यम से निरोगी रहने का संदेश दिया।

भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बे के निजी गार्डन में सामूहिक योगाभ्यास कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। योगाचार्य अनिल गौतम ने कई आसनों के माध्यम से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए जिसमें नगर अध्यक्ष केदार शर्मा, कार्यक्रम संयोजक रामबाबू गोडीवाल, देहात मंडल अध्यक्ष भूणाराम गुर्जर, फूलचंद महावर, लाला सैनी, पार्षद दिनेश शर्मा, पंडित रामदयाल शर्मा, रामअवतार सैनी, सूरज राणावत, नंदकिशोर सैनी, भारती स्वामी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रा.बा.उ.मा.विद्यालय में प्रधानाचार्य हेमलता सत्तावन की अध्यक्षता में आयोजित योग शिविर में विद्यालय स्टाफ के साथ बालिकाओं ने योगाभ्यास किया। कस्बे के निजी शिक्षण संस्थान आदर्श विद्या मंदिर में योग प्रशिक्षिका तरूषि करनानी एवं अपनत्व फ्यूचर जॉन एकेडमी में प्रधानाचार्य सुनैना कवर एवं अध्यापिकाओं द्वारा बालक बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के योग, व्यायाम का अभ्यास कराय। कोटखावदा सामुदायिक केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.हनुमान मीणा एवं डॉ हंसराज मीणा के सानिध्य में योग शिविर आयोजित किया गया।

## सार-समाचार

### उत्साह के साथ योग दिवस मनाया



**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा में को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सरकारी व गैर सरकारी संस्थान व संस्थाओं ने पूरे मनोयोग से इसे मनाया और जगह जगह सामूहकि योग कार्यक्रम आयोजति किए गए, जहां कई लोगों ने हिस्सा लिया। मंगलवार सुबह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में प्रधानाचार्य जयसिंह यादव के नेतृत्व व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरलीधर यादव की अध्यक्षता एवं योग गुरु पूरण मल द्वारा 110 छात्र व 85 छात्राओं सहित 80 पुरुष व 30 महिलाएं, नर्बदा देवी बालिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में प्रधानाचार्या विजया कौशिक के नेतृत्व व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरलीधर यादव की अध्यक्षता एवं शारीरिक शिक्षिका लक्ष्मी चन्द्रोह द्वारा, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम प्रागपुरा इंडोर स्टेडियम में प्रधानाचार्या शिवानी शर्मा के नेतृत्व में व पावटा प्रागपुरा नगर पालिका वाइस चेयरमैन अशोक सैनी की अध्यक्षता में योग गुरु पूरणमल व बद्री सैनी द्वारा व संत निरंकारी मिशन पावटा में जोनल इंचार्ज वैध बनवारी लाल निरंकारी के नेतृत्व व योग गुरु पूरणमल द्वारा योगायास करवाया गया। वही पावटा सहित आस पास के क्षेत्रों में सरकारी व गैर सरकारी संस्थान व संस्थाओं में योग गुरु पूरणमल द्वारा योगायास करवाया गया।

### डिप्टी सीएमएचओ ने निरीक्षण किया

**टोंक, (निसं)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने और चिरंजीवी योजना के सीएचसी बनेठा पर क्रियान्वयन की स्थिति जानने के लिए डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महबूब खान व डीपीसी चिंरजीवी अजय सिंह ने सीएचसी बनेठा व पीएचसी ककोड का निरीक्षण किया। डॉ. खान द्वारा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी बनेठा को इलाज के लिए आईपीडी मरीजों की संख्या बढ़ाकर क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने ने इनडोर वार्ड और डीडीसी का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों गर्भवती महिला की अनिवार्य जांच समय रहते कराने, टीकाकरण करने और पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में समय पर एंट्री करवाने के भी निर्देश दिए। डिप्टी सीएमएचओ द्वारा चिकित्सा संसथान के समस्त स्टाफ के साथ समीक्षा बैठक की गई।

### अविकानगर टोल प्लाजा का विरोध आज

**मालपुरा, (निसं)।** नगरपालिका सीमा में लगे जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के अविकानगर टॉल प्लाजा के विरोध में बुधवार को प्रात: 11 बजे टॉल प्लाजा पर क्षेत्रवासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। पूर्व उपजिला प्रमुख अवधेश शर्मा ने बताया कि स्टेट हाईवे के नियमों के बावजूद आरएसआरडीसी द्वारा जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर नगरपालिका की सीमा में शहर से महज 5 किमी. की परिधि में अविकानगर के पास टोलनांका लगा स्थानीय वाहन चालकों से भी भारी भरकम टोल राशि वसूली जा रही है जो कि न्याय संगत नहीं है। अविकानगर टोल प्लाजा को पालिका की सीमा से बाहर स्थानान्तरित किये जाने तथा नियमों के विपरीत वसूले जा रहे टोल को बंद करने की मांग को लेकर टोल नांके पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

### कार्यकारिणी का विस्तार किया

**टोंक, (निसं)।** भीमसेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कुलदीप बैरवा मोरडा मोरभाटियान व मनीष बडगोती मोरडा मोरभाटियान को भीम सेना कमांडर नियुक्त किया है। जिला प्रवक्ता बंशी लाल बैरवा व रमेश बैरवा (डीडी सिंह) ने बताया कि संगठन के प्रति कर्तव्य निष्ठावान सामाजिक सेवाओं एवं डॉक्टर भीमराव अंम्बेडकर के मिशन के प्रति सच्ची लगन को देखते हुए आपको देश के सबसे बड़े समाज सेवी संगठन सामाजिक न्याय, संविधान राष्ट्रहित को समर्पित टोंक भीम सेना जिला स्तरीय भीम सेना कमांडर पद की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। भीम सेना जिलाध्यक्ष ने बताया कि भीमसेना का मतलब किसी जाति विशेष से नहीं, बल्कि समाज पर हो रहे अत्याचार, अन्याय एवं शोषण के खिलाफ आवाज एवं शिक्षा के लिए संघर्ष हैं।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**अचरोल, (निसं)।** जयपुर देहली राजमार्ग स्थित महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जनसंपर्क अधिकारी शंकर लाल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन के.एल. मीना, राजस्थान स्टेट डेन्टल कौंसिल के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. विकास जैफ एवं वाईस चेयरपर्सन डॉ. विशाल जैफ ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### 'करो योग रहो निरोग' का संदेश दिया

**मालपुरा, (निसं)।** मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर के सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान पर उपखण्ड स्तरीय योग दिवस का आयोजन किया गया। वहीं सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में तथा गांव के सार्वजनिक स्थानों पर योग दिवस मनाया गया। खेल मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक ज्ञानेन्द्र दत्त रावत द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं में योग कराते हुए आमजन को करो योग रहो निरोग का संदेश दिया। एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने स्वस्थ जीवन व स्वस्थ मस्तिक निर्माण के लिए योग को दिनचर्या का पाठ बनाने की अपील की।

## 'अग्निपथ' योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज

- राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, प्रधानमंत्री का जलाया पुतला

**पावटा, (निसं)।** अग्निपथ योजना के विरोध में सत्ताईसा क्षेत्र पावटा के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोलते हुए देश की सेना के स्वाभिमान के साथ खिलवाड न करने की चेतावनी दी। किसान बिल की ही तरह अग्निवीर योजना लाकर जवानों के साथ विश्वासघात किया जा रहा है। इस योजना को लाने से पहले केंद्र सरकार ने न तो देश की लोकतांत्रिक प्रणाली के अहम सदनों लोकसभा और राज्यसभा में इस प्रस्ताव को पारित करवाया साथ ही न ही कोई बाहर चर्चा हुई। रातों रात इस योजना को देश पर थोपने का काम कर दिया। उसके बाद सत्ताईसा क्षेत्र पावटा के कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने पावटा सुभाष चौक पर इकट्ठे होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पिछले सप्ताह फौज में अग्निवीरों की भर्ती की नई योजना लेकर आई है। जिससे देश के नौजवान फौज में भर्ती किए जाएंगे। 4 साल बाद केवल 25 प्रतिशत युवाओं को रखकर बाकियों को निकाल दिया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार की यह योजना देश के नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड है। वहीं विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का पुतला जलाया। इस मौके पर सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनखड, नगर कांग्रेस कमेटी पावटा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा ,पूर्व जिला पार्षद, जगदीश मीणा, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज अग्रवाल, सुनील बिडला, वेद प्रकाश बाकोलिया, राजीव डेहरवाल, विनोद यादव सहित अन्य सैकडो कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरसात का पानी भरने से सड़क तलाई में तब्दील

- मोहल्ले वासियों को पानी से होकर गुजरना पड़ रहा

**पावटा, (निसं)।** मानसून अभी शुरू भी नहीं हुआ उससे पहले हल्की बारिश में ही जलभराव के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बडनगर वार्ड 7 नाईयों के मोहल्ले में बरसात का पानी भरने से मोहल्ले वासियों व राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड रहा है। कमल सैन व हेमराज सैन ने बताया कि मोहल्ले की सड़क अन्य सडकों से करीब एक फीट तक नीचे बनीं हुई है जिसके चलते बरसात के मौसम में आसपास का सारा पानी सडक पर भर जाता है पानी निकासी की माकूल व्यवस्था नहीं होने के चलते बरसाती पानी कई दिनों तक जमा रहता है जिससे आमजन को पानी से होकर गुजरना पडता है तथा मच्छरों का प्रकोप बना रहता है जिसके चलते मौसमी बीमारियों का खतरा बना रहता है। जलभराव की समस्या के चलते मोहल्ले वासियों में रोष व्याप्त है बताया कि पंचायत प्रशासन को अनेक बार अवगत कराने के बाद भी समस्या का कोई हल नहीं निकला। बडनगर सरपंच रामकरण यादव का कहना है कि पानी निकासी के लिए भूमिगत पाइप-लाइन दबाई जाएगी 15 दिनों के अन्दर ही वार्ड वासियों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।



वार्ड 7 नाईयों के मोहल्ले में भरा गंदा पानी।

# एसडीएम कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद खेल मैदान पर जड़ा ताला

- एसडीएम ऋषभ मण्डल ने थानाधिकारी को दिये कार्यवाही के निर्देश
- राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शुक्लावास के खेल मैदान की भूमि को खुर्द-बुर्द करने का मामला

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत शुक्लावास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान की करीब 12 बीघा भूमि को खुर्द-बुर्द करने के मामले में विगत 10 जून को एसडीएम न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किये जाने के बावजूद भी भू-माफियाओं द्वारा दबंगई दिखाते हुए खेल मैदान पर जबरन ताला जड़ कर युवाओं को खेलने से रोक दिया गया था।

इस सम्बंध में ग्रामीणों ने शुक्लावास सरपंच सचिन यादव की अगुवाई में उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम ऋषभ मण्डल को ज्ञापन सौंपकर स्कूल खेल मैदान का शीघ्र ताला खुलवाने की मांग की थी। मामले में सुनवाई करते हुए एसडीएम ऋषभ मण्डल ने सरूण्ड थाना पुलिस को नियमानुसार कार्यवाही करने एवं खेल मैदान के तालाबंदी खुलवाने के निर्देश दिये हैं। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास, पूर्व सरपंच ओंकार सिंह यादव समेत ग्रामीणो का कहना है कि घटनाक्रम को लेकर लोगों में आक्रोश का माहौल है। अगर जल्द ही इस सम्बंध में सुनवाई नहीं हुई तो शुक्लावास स्टैण्ड पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

भूमि खुर्द बुर्द करने का प्रयास करने वाले भू माफिया गिरोह द्वारा बदमाशों को साथ लेकर ग्रामीणों पर दबाव बनाकर लोगों में भय व्याप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व अशांति का माहौल व्याप्त है। साथ ही गाँव की कानून व्यवस्था भी बिगड़ सकती है। समाजसेवी राधेश्याम शुक्लावास व दिलीप सिंह यादव ने सरूण्ड एसएचओ इन्द्राज सिंह से मुलाकात कर जल्द से जल्द ताला खोले जाने की माँग की। एसडीएम द्वारा एसएचओ को स्टे की पालना के लिए निर्देशित किया है।

## योग दिवस पर दिखा अव्यवस्थाओं का आलम

- कार्यक्रम निर्धारित समय से करीब 20 मिनट देरी से शुरू हुआ

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान विभाग द्वारा काफी लापरवाही देखने को मिली योग कार्यक्रम निर्धारित समय से करीब 20 मिनट देरी से शुरू हुआ।

योगाचार्य डॉ.रविकांत घिलोटिया और पीटीआई सुमेर सिंह मीणा द्वारा कर्मचारी और अधिकारियों को योगाभ्यास स्कूल कमरों के बरामदों में कराया गया। जिससे योग करने वाले कार्मिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। विभाग द्वारा व्यवस्थाओं के नाम पर काफी अनियमितता मिली जहां बैठने के लिए महिला कर्मचारियों के लिए दरी की व्यवस्था नहीं थी। जबकि विभाग द्वारा व्यवस्थाओं के नाम पर काफी बजट उठाया जाता है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी एसडीएम सुनीता मीणा स्वयं आधा घंटा देरी से योग स्थल पहुंची। कई कर्मचारी योग कार्यक्रम में काफी देरी से पहुंचने के बाद भी उपस्थिति रजिस्टर में साइन करते हुए नजर आये। इधर एसडीएम सुनीता मीणा ने बताया कि अचानक बारिश आने से अव्यवस्था हुई है। योग स्थल पर देरी से पहुंचने वाले सवाल पर उन्होंने संतुष्ट पूर्ण जवाब नहीं दिया। इस मौके पर तहसीलदार रामचन्द्र गुर्जर, प्रधानाचार्य राजकुमार यादव, डॉ.तिलकराज अरोड़ा, ग्राम विकास अधिकारी बंशीधर गुर्जर, कालू राम शर्मा, डॉ.भीमसिंह जाट, निरुपमा शर्मा, पिंकी मीणा सहित कर्मचारी और अधिकारी मौजूद थे।

# 'ईडी' व 'अग्निपथ' के विरोध में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

**चाकसू, (निसं)।** मंगलवार को विधायक वेद प्रकाश सोलंकी के निर्देश से कृषि मंडी चेयरमैन हरि नारायण चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चल रही प्रवर्तन निदेशालय की जांच और केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में कोटखावदा मोड अंबेडकर सर्किल पर सैकड़ों कांग्रेसियों ने जमकर धरना प्रदर्शन और नारेबाजी की

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई, बेरोजगारी, विकास जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए सत्ता के मद में चूर होकर राजनीतिक द्वेष भावना दिखाने के लिए सरकारी एजेंसियों को हथियार बनाकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेसियों के खिलाफ वर्षों पूर्व बंद हुए मामलों को खोलकर राई का पहाड़ बना रही है एजेंसियों का का दुरुपयोग कर भाजपा सरकार षड्यंत्र के तहत कांग्रेसियों को बिना वजह तंग कर रही है।

अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेसियों का कहना है कि केंद्र सरकार 4 साल रोजगार देकर युवाओं को फिर से बेरोजगार करके क्या साबित करना चाहती हैं योजना के खिलाफ देश में युवा सड़क पर हैं युवाओं की सुनने की बजाय उनके खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व पीसीसी सदस्य सीताराम नैनीवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल हमीद खोखर, पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन चौधरी, वरिष्ठ नेता शिवप्रताप हरसाना, लक्ष्मण चोपड़ा, नगर पालिका वाइस चेयरमैन सीताराम गुर्जर कृषि मंडी वाइस चेयरमैन अवध शर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सीताराम गुर्जर, राडोली सरपंच रमेश मीणा ,शिवराज गुर्जर थली, भरत मीणा पूर्व सरपंच देहलाला, भगवान सहाय यादव, भरत मीणा रलावता, पूर्व सरपंच पीपला मोहन गुर्जर, भरत बासड़ा, जी एल मांड्या झापदा सिटी, शंकर शर्मा श्यामपुरा, रजत सांवरिया, पंडित रामेश्वर शर्मा सहित सैकडों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।



ईडी और अग्निपथ मामले में चाकसू में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया।

## 'जुल्म के खिलाफ दलित समझौता नहीं करें'

**अलवर।** बढ़ते दलित उत्पीड़न के खिलाफ दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के जागरूकता अभियान के तहत गांव चोरोटी पहाड़ के बावड़ी के बास में जनसंपर्क के लिए सभा की।

मीटिंग में मुख्य वक्ता डीएसएमएम के प्रदेश सह संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है लेकिन दलितों पर अत्याचार तेजी से बढ़ रहे हैं। छुआछूत की घटनाएं आज भी हो रही हैं। दलित महिलाओं की स्थिति तो और भी बदतर है। समतामूलक भारत के निर्माण के लिए हमें जाति व्यवस्था को ध्वस्त करना होगा। जुल्म करने वालों के खिलाफ समझौता किए बिना मजबूती से कानूनी लड़ाई लड़नी होगी।

मंच सह संयोजक एडवोकेट श्यामसुंदर जाटव ने बताया कि दलित शोषण मुक्ति मंच दलितों पर अत्याचार एवं भेदभाव की घटनाओं के प्रति सचेत एवं सक्रिय साझा नागरिक मंच है। मीटिंग का संचालन शेरसिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन विनोद कुमार ने किया।

# कलेक्टर ने दूसरे दिन भी सघन निरीक्षण किया

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने मंगलवार को दूसरे दिन भी टोंक शहर के नालों की साफ-सफाई, सड़कों पर बड़े गड्ढों की मरम्मत, जल भराव के स्थानों एवं सीवरेज एवं जल वितरण कार्यों के कारण अधूरे कार्यों की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी टोंक गिरधर, सब रजिस्ट्रार प्रहलाद सिंह, नगर परिषद एवं आरयूआईडीपी के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने पुराने बस स्टैण्ड पर नाले की सफाई, हीरा चौक व पुरानी टोंक में कचरे व नाली की सफाई, राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय सआदतगंज में नाले की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मोहम्मद खां का पुल, मोतीबाग रोड से बस स्टैण्ड तक इन्टरलोकिंग टाइल, काटें वाली गली में रोड निर्माण कार्य, हाउसिंग बोर्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समीप सडक निर्माण, एपीआरआई एवं किसान भवन के सामने इंटरलोकिंग टाइल, टोंक शहर की मुख्य सडकों के गढ्ढों का रिपेयर कार्य, शहर के मुख्य बाजारों में सफाई एवं कचरा उठाव नियमित कराने एवं चतरा खटीक के नाले की साफ-सफाई एवं सुरक्षा सुनिष्चित करने के लिए नगर परिषद आयुक्त पूजा मीणा को निर्देष दिए। जिला कलेक्टर ने शहर में आरयूआईडीपी द्वारा चल रहे सीवरेज एवं जल वितरण के अधूरे कार्यों को तेजी से पूरा करें। उन्होंने अधीक्षण अभियंता नेमी चंद पंवार को हीरा चौक, माणक चौक, रीछडी का चौराहा एवं बनवारी जी के चौराहे पर सडक मरम्मत एवं मलबा उठाने का कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए।



जिला कलेक्टर चिन्मयी ने शहर में साफ-सफाई का निरीक्षण किया।



व्हाइट बॉल क्रिकेट में अभी उनकी जगह पक्की नहीं है। वर्ल्ड कप टीम में अगर उन्हें शामिल होना है तो उन्हें अभी काफी मेहनत करनी पड़ेगी। सिर्फ चार ही तेज गेंदबाज वर्ल्ड कप के लिए चुने जाएंगे और पांचवे तेज गेंदबाज के रूप में हार्दिक पांड्या एक विकल्प हो सकते हैं। –आशीष नेहरा

**पूर्व भारतीय गेंदबाज, भारतीय गेंदबाज, भुवनेश्वर कुमार के बारे में।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**पुर्तगाल** और मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो स्पेन के मल्लोर्का में अपने परिवार के साथ छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। इस बीच इस दिग्गज खिलाड़ी की एक महंगी सुपरकार हादसे का शिकार हो गई। मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्री-सीजन खेलों के लिए यूनाइटेड किंगडम लौटने से पहले रोनाल्डो को एक बड़ा नुकसान हुआ है, क्योंकि उनकी 17 करोड़ रुपये की सुपरकार बुगाटी वेरॉन मल्लोर्का के एक घर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। एल रिपोर्ट के अनुसार, बुगाटी वेरॉन को पुर्तगाली सुपरस्टार का एक कर्मचारी चला रहा था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 34 रन से जीता था।

## अगस्त तक के लिये स्थगित हुई ग्रां प्री बैडमिंटन लीग

बेंगलुरू, 21 जून। कर्नाटक की बहुप्रतीक्षित बैडमिंटन लीग ग्रां प्री बैडमिंटन लीग स्थगित कर दी गयी है। लीग कमिश्नर प्रशांत रेड्डी ने मंगलवार को इसकी सूचना दी। कर्नाटक बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही लीग 1-10 जुलाई के बीच आयोजित होने वाली थी, मगर अब इसे अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन कैलेंडर और पंचकुला में जूनियर राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट के कारण अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। रेड्डी ने कहा कि जीबीपीएल का आयोजन जुलाई में करने से हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के रैंकिंग पॉइंट्स प्रभावित हो सकते थे, इसलिये इसे 12-21 जुलाई के बीच आयोजित किया जाएगा। रेड्डी ने कहा, ''रैंकिंग अंक हासिल करने वाले खिलाड़ियों के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए, हमने जीपीबीएल को अगस्त में स्थानांतरित कर दिया है जिससे यह किसी प्रमुख बैडमिंटन टूर्नामेंट से न टकराये।'' उन्होंने कहा, ''यह अवधि आयोजन समिति और फ्रेंचाइजी को वित्तीय रूप से अपनी स्थिति मजबूत करने और टीमों को शारीरिक रूप से तैयार करने के लिए कुछ और समय देगी।''

## स्थालकर बनीं एफआईसीए की पहली महिला अध्यक्ष

न्योन, 21 जून। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी लिज़ा स्थालकर फ़ेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेटर्स एसोसियेशन (एफआईसीए) की पहली महिला अध्यक्ष बन गयी हैं। स्विट्ज़रलैंड के न्योन में एफआईसीए की कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान स्थालकर की नियुक्ति की पुष्टी की गयी। स्थालकर से पहले इस पद पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज़ बैरी रिचर्ड्स, पूर्व कैरिबियाई ऑल-राउंडर जिम्मी एडम्स और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज़ विक्रम सोलंकी रह चुके हैं। 42 वर्षीय स्थालकर 187 अंतरराष्ट्रीय मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। 2010 टी20 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने में स्थालकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। उन्हें 2007 और 2008 में प्रतिष्ठित बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार से भी नवाज़ा जा चुका है, जो ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी को दिया जाता है। अध्यक्ष चुने जाने के बाद स्थालकर ने कहा, ''एफआईसीए की नयी अध्यक्ष बनकर बेहद सम्मानित और उत्साहित हूं। हम खेल के एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं जिसमें हमारे पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए पहले से कहीं अधिक क्रिकेट शामिल है। पहले से ज्यादा देश इस खेल को खेल रहे हैं जो दर्शाता है कि क्रिकेट निश्चित रूप से एक वैश्विक खेल बनता जा रहा है।''

## रामबाई ने 105 साल की उम्र में दौड़ स्पर्धा में भाग लेकर मान कौर का रिकॉर्ड तोड़ा

नयी दिल्ली, 21 जून। अगर हौसले बुलंद हों और कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो उम्र बाधा नहीं बनती और हरियाणा की 105 साल की धाविका रामबाई ने 100 और 200 मीटर की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर इसे सही साबित कर दिया। चरखी दादरी जिले के कदमा गांव की रामबाई ने वडोदरा में आयोजित राष्ट्रीय ओपन मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के शुरुआती दिन 100 और 200 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित करने के साथ उम्र को बौना साबित किया। उन्होंने इसके साथ ही दिवंगत मान कौर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया जिन्होंने 101 साल की उम्र में इस तरह की दौड़ में हिस्सा लिया था। अपनी इस उपलब्धि के बाद रामबाई ने कहा, '' अब मुझे कोई रोक नहीं सकता।' इस स्पर्धा में सब की नजरें रामबाई पर ही थी और उन्होंने 100 मीटर की दौड़ को 45.40 सेकंड और 200 मीटर दौड़ को एक मिनट 52.17 सेकंड में पूरा कर 'गोल्डन डबल' हासिल किया। उनसे पहले मान कौर ने 2017 में 101 साल की उम्र में 100 मीटर की दौड़ को 74 सेकंड में पूरा किया था।

## सीओए ने एआईएफएफ के संचालन में सहायता के लिए सलाहकार समिति बनाई

नयी दिल्ली, 21 जून। उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संचालन में मदद करने के लिए उद्योगपति रंजीत बजाज के नेतृत्व में 12 सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन किया है। यह समिति महासंघ के दैनिक कार्यों की देखरेख करने के साथ सीओए को नियमित रिपोर्ट भेजेगी और अगर जरूरत हुई तो उनसे अनुमोदन भी लेगी। बजाज आई-लीग क्लब मिनर्वा पंजाब को 2020 में राउंड ग्लास को बेचे जाने से पहले इसके मालिक थे। न्यायालय द्वारा समय पर चुनाव नहीं कराने पर प्रफुल्ल पटेल के नेतृत्व वाले पदाधिकारियों को हटाने के बाद सीओए ने पिछले महीने एआईएफएफ का कार्यभार संभाला था। पटेल ने एआईएफएफ प्रमुख के रूप में अपने 12 साल के कार्यकाल को पार कर लिया था। सीओए को राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुरूप एआईएफएफ संविधान में संशोधन करने और चुनाव कराने का काम सौंपा गया है। विश्व फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा और इसकी एशियाई इकाई एएफसी की सात सदस्यीय संयुक्त टीम गतिरोध का समाधान खोजने में मदद करने के लिए भारत के दौरे पर है।

## तोक्यो खेल अब तक का सबसे खर्चीला ओलंपिक

तोक्यो, 21 जून। कोरोना वायरस महामारी के कारण एक साल के विलंब से हुए तोक्यो खेल अब तक के सबसे महंगे ओलंपिक साबित हुए हैं जिसमें 2013 में मेजबानी के मिलने के समय लगाए गए अनुमान से लगभग दोगुना खर्च हुआ है। तोक्यो खेलों के आयोजन में लगभग 1.42 ट्रिलियन येन खर्च हुए। तोक्यो ओलंपिक अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी बैठक की जिसमें इन खेलों के जुड़े खर्च के अंतिम विवरण को रखा गया।

# पहले रणजी खिताब के लिए मध्य प्रदेश तैयार, मुंबई की नजर 42वीं बार चैम्पियन बनने पर

बेंगलुरु,21 जून। 41 बार के चैंपियन मुम्बई और पहले खिताब की तलाश में लगे मध्य प्रदेश के बीच बुधवार से होने वाले रणजी ट्रॉफी फ़ाइनल से पहले मुंबई के एक पूर्व खिलाड़ी ने चुटकी लेते हुए कहा, ''कोई भी जीते, शिवाजी पार्क विजेता होगा।'' वह शुरुआती दिनों का जिक्र कर रहे थे कि कैसे मुंबई के दो बेहतरीन खिलाड़ी अमोल मुज़ुमदार और चंद्रकांत पंडित, जिन्होंने दिवंगत रमाकांत आचरेकर के प्रसिद्ध नर्सरी में अपने कौशल को निखारा। वे दोनों अब कोच के रूप में आमने-सामने हैं। जैसा कि बुधवार से बेंगलुरु में रणजी ट्रॉफ़ी फ़ाइनल में मुंबई और मध्य प्रदेश का मुक़ाबला होने वाला है।

मुज़ुमदार और पंडित केवल विपक्षी टीमों के दो कोच नहीं हैं। मुज़ुमदार ने पंडित के नेतृत्व में अपने करियर के आख़िरी दिनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। 2003-04 में जब मुज़ुमदार क्रिकेट छोड़ना चाहते थे, उस समय पंडित के नेतृत्व में अपने सबसे सफल सीज़न में से एक का आनंद लिया, और उस सीज़न मुंबई के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

दोनों एक सरल कोचिंग फिलॉसफी को मानते हैं: यह खिलाड़ियों के संबंध में है और एक ख़िताब जीतने के अलावा कुछ भी सफलता नहीं है। यह ऐसा मनोभाव है जो मुंबई के अधिकांश खिलाड़ियों में अंतर्निहित हो जाती है जब वे खेलते हैं। पंडित कोच के रूप में छह ख़िताबी जीत का हिस्सा रहे हैं; मुज़ुमदार अपने पहले सीज़न में मुंबई को अपने नेतृत्व में पहला ख़िताब और कुल 42वां ख़िताब दिलाने की कोशिश करेंगे।

धवल कुलकर्णी को छोड़कर, जो 2015-16 में मुंबई के पिछली ख़िताबी जीत का हिस्सा थे, मुंबई के अन्य खिलाड़ियों में से कोई भी रणजी ट्रॉफ़ी नहीं जीता है। मध्य प्रदेश के ख़ेमे में भी पंडित को छोड़कर, जो कप्तान थे, जब मध्य प्रदेश ने आख़िरी बार फ़ाइनल में जगह बनाई थी, सभी खिलाड़ी पहली बार फ़ाइनल खेलेंगे। मुंबई के पास प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज़ी क्रम है, जिसकी कमान पृथ्वी शॉ के हाथों में है, जो इस सीज़न शतक नहीं बनाने वाले बड़े नामों में से एकमात्र हैं। यशस्वी जायसवाल ने लगातार तीन शतक जड़े हैं। सुवेद पारकर ने डेब्यू पर ही दोहरा शतक जड़ा और अरमान जाफ़र और सरफ़राज़ ख़ान सेमीफ़ाइनल में बड़ा योगदान देकर आ रहे हैं।

मध्य प्रदेश के पास तुलना में एक अघोषित बैटिंग लाइन-अप है। आईपीएल में कमाल दिखाने के बाद नज़रें रजत पाटीदार पर होंगी। यश दुबे और हिमांशु मंत्री की फ़ॉर्म और 18 वर्षीय युवा अक्षत रघुवंशी का उपक्रम उन्हें मज़बूत देगी।

कुमार कार्तिकेय और पुनीत दाते की अगुवाई में मध्य प्रदेश की गेंदबाज़ी आक्रमण घातक दिखती है, जो पेस और स्पिन का ज़िम्मा बखूबी संभाल रहे हैं। सारांश जैन के रूप में उनके पास एक सक्षम दूसरा स्पिनर है, जबकि अनुभव अग्रवाल और गौरव यादव, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में अहम भूमिका निभाई थी।

## क्रिकेट और जीवन में हमेशा उतार-चढ़ाव आते है : पृथ्वी शॉ



बेंगलुरू, 21 जून। पांच रणजी ट्रॉफी मैच में तीन अर्धशतक के साथ मुंबई के कप्तान पृथ्वी साव मौजूदा सत्र में उन मानकों पर खरे नहीं उतरते जो उन्होंने तय किए हैं लेकिन इस युवा खिलाड़ी को पता है कि क्रिकेट भी जीवन की तरह है जहां लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। घरेलू क्रिकेट की दिग्गज टीम मुंबई को रणजी ट्रॉफी फाइनल में मध्य प्रदेश का सामना करना है और पृथ्वी नहीं चाहते कि इंग्लैंड दौरे पर या आयरलैंड जाने वाली भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलने के बारे में सोचकर उनका ध्यान भटके। मुंबई के कप्तान पृथ्वी ने फाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, ''मैंने कुछ (तीन) अर्धशतक जड़े हैं लेकिन निश्चित तौर पर यह मेरे लिए पर्याप्त नहीं हैं और यहां तक कि अर्धशतक जड़ने के बाद किसी ने मुझे बधाई भी नहीं दी और आपको भी बुरा लगता है (मजाकिया लहजे में कहा)। उन्होंने कहा, ''कभी कभी ऐसा होता है लेकिन मुझे खुशी है कि मेरी टीम अच्छा कर रही है।

## मुझे नहीं लगता धवन टी-20 विश्व कप खेलेंगे : गावस्कर



नयी दिल्ली, 21 जून। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अनुभवी बल्लेबाज़ शिखर धवन इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप में जगह नहीं बना पाएंगे।

धवन इससे पहले 2014 और 2016 टी20 विश्व कप में टीम का हिस्सा रह चुके हैं। इस साल आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में उनकी वापसी पर चर्चा शुरू हो गयी थी, लेकिन उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज़ के लिये टीम में शामिल नहीं किया गया। आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 श्रंखलाओं के लिये भी धवन का चयन नहीं किया गया है।

गावस्कर ने टीम में धवन की वापसी की संभावनाओं को नकारते हुए स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ''मुझे नहीं लगता उनका नाम ऊपर आएगा। यदि ऐसा होना होता तो वह आयरलैंड दौरे के लिये टीम में होते।'' उन्होंने कहा, ''इंग्लैंड के लिये कई खिलाड़ी रवाना हुए हैं, वह उस टीम में भी हो सकते थे। अगर वह इस टीम में नहीं हैं, तो मुझे नहीं लगता कि वह टी20 विश्व कप के लिये चुने जाएंगे।''

अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू श्रंखला में केएल राहुल और रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में इशान किशन और रुतुराज गायकवाड़ को बतौर सलामी बल्लेबाज़ टीम में शामिल किया गया था, और दोनों बल्लेबाज़ों ने इस अवसर का फायदा उठाया।

गावस्कर ने कहा, ''मेरे अनुसार विश्व कप में पारी की शुरुआत रोहित शर्मा और केएल राहुल को करनी चाहिये, अगर वह फिट हैं।'' आईसीसी टी20 विश्व कप 16 अक्टूबर को शुरू होगा, जिसमें भारत का पहला मुकाबला 23 अक्टूबर को धुर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होना है।

# अपनी ही टीम के खिलाफ खेलेंगे नीदरलैंड के माइकल रिपन

ऑकलैंड, 21 जून। नीदरलैंड के पूर्व लेग-स्पिन गेंदबाज़ माइकल रिपन को न्यूज़ीलैंड के सफेद-बॉल दौरे के लिये 15 सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया है। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। इस दौरे पर न्यूज़ीलैंड क्रिकेट टीम आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। 30 वर्षीय रिपन 2013 में दक्षिण अफ्रीका से न्यूज़ीलैंड आये थे। वह नीदरलैंड के लिये 31 मैच खेल चुके हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ हुए मुकाबले में भी नीदरलैंड का प्रतिनिधित्व किया था। आईसीसी नियमों के अनुसार, एक खिलाड़ी किसी पूर्ण सदस्य राष्ट्र के लिये उपलब्ध होते हुए भी एक संबद्ध या सहयोगी राष्ट्र के लिये खेल सकता है। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''आईसीसी पात्रता नियम एक खिलाड़ी को किसी पूर्ण सदस्य राष्ट्र के लिये उपलब्ध होते हुए भी किसी संबद्ध या सहयोगी राष्ट्र के प्रतिनिधित्व की अनुमति देते हैं, हालांकि यदि उन्हें पूर्ण सदस्य राष्ट्र की टीम शीट में शामिल कर लिया जाता है, तो वह सहयोगी राष्ट्र के लिये अगले तीन साल तक नहीं खेल सकते।'' रिपन के अलावा अनकैप्ड विकेटकीपर डेन क्लीवर को भी पहली बार टीम में शामिल किया गया है। इस दौरे पर न्यूज़ीलैंड आयरलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मुकाबले खेलेगी। इसके बाद कीवी टीम एडिनबर्ग में दो टी20 और एक एकदिवसीय मुकाबले में स्कॉटलैंड का सामना करेगी, और अंततः वे डच टीम के खिलाफ दो टी20 खेलेंगे।

## भारतीय महिला कुश्ती टीम ने 8 स्वर्ण के साथ जीता एशिया खिताब

बिश्केक, 21 जून। भारतीय महिला कुश्ती टीम ने आठ स्वर्ण पदकों के साथ अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में खिताब जीत लिया। भारत ने आठ स्वर्ण पदकों के अलावा एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारत ने 235 अंकों के साथ खिताब जीता। जापान को 143 अंकों के साथ दूसरा और मंगोलिया को 138 अंकों के साथ तीसरा स्थान मिला। प्रतियोगिता में दूसरे दिन महिला वर्ग के शेष पांच मुकाबले हुए जिनमें भारत ने चार स्वर्ण और एक रजत जीता। रितिका ने 43 किग्रा, अहिल्या शिंदे ने 49 किग्रा, शिक्षा ने 57 किग्रा और प्रिया ने 73 किग्रा में स्वर्ण जीते।

# कोविड पॉजिटिव होने की वजह से इंग्लैंड नहीं जा सके अश्विन



मुम्बई, 21 जून। भारतीय हरफ़नमौला रविचंद्रन अश्विन कोविड पॉज़िटिव पाए गए हैं, जिसकी वजह से वह अभी तक इंग्लैंड नहीं जा पाए हैं। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ भारत को एक से पांच जुलाई तक पांचवां टेस्ट खेलना है। अश्विन अभी क्वारंटीन हैं और सभी प्रोटोकॉल पूरे करने के बाद ही वह टीम के साथ जुड़ पाएंगे। बाक़ी भारतीय टीम के सदस्य 16 जून को इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। अश्विन बाक़ी टीम के सदस्यों के साथ इंग्लैंड नहीं जा सके हैं, क्योंकि वह रवाना होने से पहले कोविड पॉज़िटिव पाए गए हैं।

हालांकि उम्मीद है कि वह एक जुलाई से शुरू होने वाले टेस्ट से पहले ठीक हो जाएंगे। लेकिन , वह लीस्टरशायर के ख़िलाफ़ होने वाले अभ्यास मैच में नहीं खेल पाएंगे। भारतीय टीम के बाक़ी सदस्य लीस्टरशायर में ही मौजूद हैं और गेंदबाज़ी कोच पारस म्हांब्रे और बल्लेबाज़ी कोच विक्रम राठौड़ के नेतृत्व में अभ्यास कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ ख़त्म होने के बाद राहुल द्रविड़, ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर लंदन पहुंच चुके हैं और मंगलवार को लीस्टरशायर के लिए निकलेंगे।

वीवीएस लक्ष्मण के निर्देशन में आयरलैंड जाने वाली टीम के सदस्य 23 या 24 जून को डबलिन के लिए निकलेंगे। भारत को आयरलैंड के ख़िलाफ़ 26 और 28 जून को दो टी20 मैच खेलने हैं। पिछले साल पांच मैचों की सीरीज़ का पांचवां टेस्ट नहीं हो पाया था। इस सीरीज़ में भारत 2-1 से आगे है। यही पांचवां टेस्ट भारत एक जुलाई से खेलेगा, इसके बाद तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज़ खेली जाएगी।

# टी-20 एकादश में पंत के लिये जगह बनाना मुश्किल : जाफर



नयी दिल्ली, 21 जून। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज़ वसीम जाफ़र ने कहा है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे ऋषभ पंत के लिये भारत के सर्वश्रेष्ठ टी20 एकादश में जगह बनाना मुश्किल है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की ओर से सोमवार को जारी एक वीडियो में जाफ़र ने कहा, ''मेरा मानना है कि दिनेश कार्तिक टीम में आपकी पहली पसंद होंगे। सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के वापस आने के बाद ऋषभ पंत के लिये टीम में जगह बनाना मुश्किल है।'' उन्होंने कहा, ''यह इस पर निर्भर करता है कि टीम प्रबंधन उनसे क्या चाहता है। अगर आप उनका मनोबल बढ़ाना चाहते हैं, अगर वे ऋषभ को टीम में रखना चाहते हैं तो वे उनके लिये जगह बनाएंगे, लेकिन मेरे अनुसार एक आदर्श टीम में उनका होना मुश्किल है।

रोहित शर्मा, इशान किशन, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रविंद्र जडेजा और दिनेश कार्तिक आपके शुरुआती सात बल्लेबाज़ होंगे। अगर आप पंत को रखते हैं, तो पता नहीं किसे टीम से बाहर निकालेंगे। एक आदर्श टीम में उनके लिये जगह ढूंढना मुश्किल है।'' दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 श्रंखला में वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में पंत को टीम की कप्तानी सौंपी गयी थी।

इस श्रंखला में पंत का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और उन्होंने पांच मैचों में 105.45 के स्ट्राइक रेट से 58 रन बनाये। जाफ़र ने कहा कि पंत को अपनी बल्लेबाज़ी में सुधार करने के लिये ऑफ साइड से बाहर की गेंदों पर बेहतर शॉट खेलने होंगे, साथ ही टीम को उन्हें पांचवे या छठे स्थान पर बल्लेबाज़ी करवानी होगी। जाफ़र ने कहा, ''पंत को पांचवे या छठे स्थान पर बल्लेबाजी करनी चाहिये। उन्हें पहली गेंद से हमला करना चाहिये। इससे वह कुछ पारियों में जल्दी आउट हो जाएंगे, लेकिन उनके लिये यही तरीका हमेशा से कारगर रहा है। टीम को उन्हें यह भूमिका सौंपनी चाहिये।'' उन्होंने कहा, ''उन्हें बाहर की गेंदों को खेलने पर मेहनत करनी चाहिये। सबसे पहले उन्हें इसपर काम करना चाहिये। उसके बाद वह पांचवे-छठे स्थान पर आकर पारी को समाप्त कर सकते हैं। यह भूमिका उनके लिये सटीक है।''

## जोकोविच और नडाल विंबलडन में शीर्ष दो वरीयता, सेरेना गैरवरीय

विंबलडन (इंग्लैंड), 21 जून। नोवाक जोकोविच और रफेल नडाल को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष दो वरीयता दी गई हैं जिससे ये दोनों स्टार खिलाड़ी इस बार पुरुष एकल ड्रॉ के अलग अलग हाफ में होंगे। विंबलडन के लिए वरीयता की घोषणा मंगलवार को की गई। दानिल मेदवेदव और एलेक्सांद्र ज्वेरेव की गैरमौजूदगी में जोकोविच को शीर्ष वरीयता दी गई है जबकि नडाल दूसरे वरीय हैं। आल इंग्लैंड क्लब ने यूक्रेन पर हमले के कारण रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को प्रतिबंधित किया है जिससे दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मेदवेदेव विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे। दूसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव टखने की चोट के कारण बाहर हैं। शीर्ष दो वरीय खिलाड़ी होने के कारण जोकोविच और नडाल फाइनल से पहले आमने सामने नहीं होंगे। महिला एकल ड्रॉ में 23 बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सेरेना विलियम्स भी शामिल हैं लेकिन उन्हें कोई वरीयता नहीं दी गई है। टूर्नामेंट का ड्रॉ शुक्रवार को होगा जबकि मुकाबले सोमवार को शुरू होंगे। वर्ष 2021 से पुरुष और महिला एकल में वरीयता विश्व रैंकिंग के आधार पर दी जाती हैं। महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक को शीर्ष वरीयता दी गई है।

## चाहर को फिट होने में और पांच सप्ताह का समय लगेगा, वांशिंगटन लंकाशर के लिए खेलेंगे

बेंगलुरू, 21 जून। भारत के टी20 विशेषज्ञ तेज गेंदबाज दीपक चाहर को हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में और चार से पांच सप्ताह का समय लगेगा। वह इस चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूरे सत्र से बाहर हो गए थे। चाहर और एक अन्य केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर वाशिंगटन सुंदर हाथ की चोट से उबर रहे हैं। ये दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में टी नटराजन के साथ रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन इंग्लैंड की काउंटी टीम लंकाशर के प्रतिनिधित्व के लिए इंग्लैंड जाने के लिए तैयार हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, '' वाशिंगटन पूरी तरह से फिटनेस हासिल करने के करीब है और उसे लय हासिल करने के लिए मैदान में समय देना होगा, जो उसे केवल लाल गेंद के क्रिकेट में मिलेगा। वह लंकाशायर के लिए खेलने जा रहा है। इससे वह बेहतर स्थिति में रहेगा। ''

## चेन्नईयिन एफसी में शामिल हुए आकाश सांगवान, सजल बाग

चेन्नई, 21 जून। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब ने आईएसएल के आगामी सीज़न से पहले डिफेंडर आकाश सांगवान और मिडफील्डर सजल बाग के साथ दो साल का अनुबंध किया है। एक तरफ जहां 26 वर्षीय सांगवान इस सीज़न में चेन्नईयिन में शामिल होने वाले चौथे डिफेंडर हैं, वहीं पश्चिम बंगाल के युवा बाग क्लब में शामिल होने वाले सातवें मिडफील्डर बन गए हैं। दोनों खिलाड़ी आईएसएल में पहली बार खेलने जा रहे हैं। सांगवान इससे पहले राउंडग्लास पंजाब में थे, जिसे पहले मिनर्वा पंजाब के नाम से जाना जाता था।

## इटली के खिलाफ किस्मत आजमाने उतरेगी भारतीय अंडर-17 महिला टीम

जमशेदपुर, 21 जून। भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम बुधवार को शुरू होने वाले छठे टोर्नेयो फीमेल फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में मेज़बान इटली का सामना करेगी। जमशेदपुर में टीम के तैयारी कैंप के बाद यह टूर्नामेंट अक्टूबर में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की तैयारी के लिये टीम को एक मंच देगा। टीम के हेड कोच थॉमस डेनर्बी ने इटली के ग्रेडिस्का डीसोंज़ो स्टेडियम में होने वाले मैच से पहले कहा कि उन्हें अपनी टीम पर भरोसा है और लड़कियां अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

डेनर्बी ने कहा, ''तैयारी अच्छी रही है। हमने अपनी मजबूती और कंडिशनिंग के साथ-साथ तकनीक पर भी काम किया है। हम कदम-कदम करके सुधार कर रहे हैं। खिलाड़ी हर दिन के साथ परिस्थितियों के अनुरूप ढल रहे हैं, और वे समझते हैं कि हमें कैसे और विभिन्न शैलियों के खिलाफ खेलने की जरूरत है।

यह पहला वास्तविक मैच है जो लड़कियां खेलेंगी। उम्मीद है, यह हमारे लिये अच्छा मैच होगा।'' उन्होंने कहा, ''मैं कुछ समय के लिए टीम के साथ रहा हूं, और हम अच्छी गति से प्रशिक्षण ले रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हम एक व्यक्ति के बजाय एक टीम के रूप में हर स्थिति को संभालने का एक अच्छा तरीका निकालेंगे।''

विपक्ष के बारे में डेनर्बी ने कहा, हम इटली से खेल रहे हैं, और यह एक कठिन मैच होना तय है। हम सिर्फ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। मैं परिणाम के बारे में नहीं सोच रहा हूं, मैं देखना चाहता हूं कि टीम कैसा प्रदर्शन करती है।'' उन्होंने कहा, ''मैं विरोधियों का सम्मान करता हूं, और यह टीम के लिए वास्तव में अच्छी शुरुआत है। इससे हमें पता चलेगा कि अक्टूबर में विश्व कप शुरू होने तक हमें किन पहलुओं पर काम करने की जरूरत है।

# गोलकीपर सविता महिला विश्व कप टीम की कप्तान



नयी दिल्ली, 21 जून। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिये गोलकीपर सविता की कप्तानी में 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। नीदरलैंड और स्पेन में एक से 17 जुलाई तक होने वाले विश्व कप में भारत को इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और चीन के साथ पूल बी में रखा गया है।

गोलकीपर सविता को टीम का कप्तान चुना गया है जबकि दीप ग्रेस एक्का टीम की उपकप्तान हैं। सविता के अलावा बिछू देवी खरीबम को गोलकीपर की भूमिका के लिये स्क्वाड में शामिल किया गया है। डिफ़ेंडर दीप ठोस एक्का के साथ गुरजीत कौर, निक्की प्रधान और उदिता को टीम में जगह दी गयी है। इसके अलावा मिडफ़ील्डर निशा, सुशीला चानू पुखरमबम, मोनिका, नेहा, ज्योति, नवजोत कौर, सोनिका और सलीमा टेटे को भी विश्व कप के लिये नामित किया गया है।

फॉरवर्ड लाइन में अनुभवी वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर और शर्मीला देवी को शामिल किया गया है जबकि युवा प्रतिभा अक्षता अबसो धेकले और संगीता कुमारी को प्रतिस्थापन खिलाड़ी चुना गया है। लंदन में आयोजित पिछले महिला विश्व कप में भारत ने शीर्ष आठ में जगह बनायी थी लेकिन क्वार्टरफाइनल में आयरलैंड से शूटआउट में 3-1 से हारने के बाद भारत का सफर समाप्त हो गया था। आयरलैंड ने इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। टीम चयन के बारे में मुख्य कोच जैनेक शॉपमैन ने कहा, ''हमने विश्व कप के लिये सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। यह अनुभव और उस युवा प्रतिभा का मिश्रण है जिसने एफआईएच प्रो लीग में बड़ी टीमों के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया है।''

ज्योति और सोनिका को टीम में शामिल किया गया है, जिन्होंने मौका मिलने पर अपनी भूमिकाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमारे साथ संगीता और अक्षता भी होंगी, जो प्रतिस्थापन खिलाड़ियों के रूप में टीम के साथ यात्रा करेंगी। टीम अपने विश्व कप अभियान को शुरू करने के लिए पूरी तरह से उत्साहित और उत्सुक है और हम अगले दस दिनों का उपयोग प्रो लीग प्रदर्शनों से अपने खेल के आधार विश्लेषण को बेहतर बनाने के लिए करेंगे।'' भारत को अपने ग्रुप स्टेज मुकाबले नीदरलैंड के एम्सटलवीन में खेलने हैं।

# भारत के खिलाफ सीरीज के लिए श्रीलंकाई दल की हुई घोषणा

कोलम्बो, 21 जून। इस हफ़्ते भारत के ख़िलाफ़ हो रही सीरीज़ के लिए श्रीलंका ने अपने 19 सदस्यीय दल में छह नए चेहरों को जगह दी हैं। यह छह खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान के दौरे का हिस्सा नहीं थी। 21 वर्षीय बाएं हाथ की तेज़ गेंदबाज़ तारिका सिवंदी,16 वर्षीय ऑलराउंडर विश्मी गुणारत्ना, 22 वर्षीय सत्या संदीपनी, मल्शा शेहनी के अलावा अनकैप्ड लेग स्पिनर रश्मि डिसिल्वा और विकेटकीपर कौशनी नुत्यांगना को टीम में शामिल किया गया है।

पाकिस्तान दौरे पर अंतिम समय बतौर रिप्लेसमेंट टीम में शामिल की गई हंसिमा करुणारत्ना अपनी जगह बरक़रार रखने में सफल हुई हैं। इस टीम में अनुभवी विकेटकीपर प्रसादिनी वीराकोड़ी और बाएं हाथ की युवा स्पिनर सचिनी निसंसला को जगह नहीं मिल पाई हैं।

सभी अनकैप्ड खिलाड़ियों में रश्मी के पास डेब्यू करने का अच्छा मौक़ा होगा क्योंकि श्रीलंका क्रिकेट लंबे समय से एक दाएं हाथ की लेग स्पिनर की तलाश कर रहा है। युवा विश्मी ने स्ट्रोक लगाने की अपनी क्षमता से सभी को प्रभावित किया हैं लेकिन कोचिंग स्टाफ़ उन्हें राष्ट्रीय टीम का नियमित सदस्य बनाने में समय ले रहा है। इतने सारे युवा खिलाड़ियों को टीम में जगह देने के पीछे का मुख्य कारण यह है कि बोर्ड अपनी टीम की औसतन आयु को कम करने का प्रयास कर रहा है। टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी आयु 30 वर्ष से ज़्यादा है। चमारी अटापट्टू इस टीम का नेतृत्व करेंगी जिसमें उदेशिका प्रबोधनी और ओशादी रनासिंघे तेज़ गेंदबाज़ी का भार संभालेंगी।



*रुस में ज़ारशाही का शासक पीटर द ग्रेट यूरोपियन मानदंडों के अनुरुप रुस का आधुनिकीकरण करने पर इस कदर आमादा था कि उसने सभी पुरुषों को लम्बे ओवरकोट नहीं पहनने और दाढ़ी कटवाने के आदेश जारी कर दिए थे। जब उसके कठोर आदेश पर काफी हंगामा हुआ तो उसने एक ''बिअर्ड टैक्स'' का आदेश जारी किया, जिसके अनुसार, जो भी पुरुष दाढ़ी रखना चाहता था उसे टैक्स देना पड़ता था। दाढ़ी रखने की रुस के इतिहास की पुरानी और गौरवमयी परम्परा थी। दाढ़ी -मूंछ इतनी महत्वपूर्ण हुआ करती थी कि, 12 वीं सदी में ऐसे कई कानून थे जिनमें दाढ़ी -मूंछ के साथ छेड़छाड़ करने पर जुर्माना देना पड़ता था, और यह जुर्माना घोड़ा चुराने या उंगली काटने से भी चार गुना अधिक था। दाढ़ी -मूंछ आदमी की प्रतिष्ठा और मर्दानगी का प्रतीक मानी जाती थी, इसका सम्बंध धर्म से था तथा दाढ़ी -मूंछ कटवाने को ईशनिंदा के समकक्ष माना जाता था। जब पीटर द ग्रेट ने रुसी समाज को यूरोपियन तर्ज पर बदलने की कोशिश की तो उसने विरोध की संभावना को कम आंका। शायद उसकी शुरुआती सोच ने उसे कठोर कानून बनाने को प्रेरित किया था। यूरोप के दौरे से लौटने के बाद ज़ार के सम्मान में समारोह आयोजित हुआ। ज़ार ने समारोह में आए मेहमानों की दाढ़ी खुद काट दी। दाढ़ी प्रतिबंध लागू करने के लिए उसने पुलिस को अधिकार दिया कि, जो लोग दाढ़ी नहीं काट रहे हैं उनकी जबर्दस्ती दाढ़ी काट दी जाए। पर पीटर को जल्दी ही एहसास हो गया कि उसकी नीति किसी को पसंद नहीं। सामन्तों, किसानों व रुसी ऑर्थोडॉक्स चर्च ने जब इसका भारी विरोध किया तो उसे पीछे हटना पड़ा और तब उसने बिअर्ड टैक्स चालू किया। टैक्स की राशि व्यक्ति की स्थिति के अनुसार होती थी। अमीर व्यापारी को 100 रुबल सालाना, शहर के आम लोगों को 60 रुबल सालाना तथा किसानों को शहर आने पर शुल्क देना पड़ता था। जो लोग टैक्स देते थे उन्हें बिअर्ड टोकन साथ रखना पड़ता था। सामान्तों को सिल्वर टोकन, आम लोगों को तांबे का टोकन दिया जाता था। यह टैक्स काफी अलोकप्रिय हुआ, जिसे 1722 में कैथरीन द ग्रेट ने रद्द कर दिया।*

# 'राजस्थान में भी 10-10 करोड़ रूपए तो बंट चुके थे, पता नहीं क्या हुआ बाद में'

## मु.मंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर सचिन पायलट पर कटाक्ष किया

दिल्ली/जयपुर, 21 जून (का.प्र.)। मंगलवार को महाराष्ट्र में शुरू हुई सियासी उठापटक के बहाने एक बार फिर सियासी संकट को याद करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर विधायकों की खरीद के रेट बताए। राजस्थान के सियासी संकट पर उन्होंने कहा कि राजस्थान में 10-10 करोड़ रुपए तो बंट चुके थे। पता नहीं क्या हुआ बाद में फिर। मुझे गर्व है ये कहते हुए कि राजस्थान के हमारे विधायक 34 दिन तक मेरे साथ रहे। अंदर थे, कुछ नहीं मिला। बाहर निकलते ही 10 करोड़ रुपए की ऑफर थी। तब भी कोई नहीं गया। अभी राज्यसभा चुनाव के अंदर भी आपने देखा कि तीनों सीटें हम जीते हैं।

दिल्ली से जयपुर लौटते समय मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने कहा कि हम जो बार-बार कह रहे हैं कि संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं, लोकतंत्र खतरे में है। इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि मध्य प्रदेश की सरकार कब्जा कर लिया। एक-एक विधायक को 35-35 करोड़ रुपए का ऑफर हम सुनते हैं। एक-एक विधायक से 25 करोड़ रुपए, 30 करोड़ रुपए, 35 करोड़ रुपए के सौदे हुए। हर राज्य की अलग-अलग परिस्थितियां होती हैं। वो एक नया प्रयोग था उनका। उसमें उन्होंने कामयाबी हासिल कर ली। मध्य प्रदेश में इन्होंने जो कुकर्म किया, उसको हम समझ गए थे टाइमली। हमने पूरा उसी ढंग से बिहेव किया। उससे बाद में हम कामयाब हो गए।

महाराष्ट्र के सियासी संकट पर बात करते हुए गहलोत ने कहा कि महाराष्ट्र के अंदर जो षड्यंत्र किया गया, मैं सुन रहा हूं। विधायकों को सूरत लेकर चले गए हैं। आप सोच लीजिए कि ये क्या गवर्नेंस कर रहे हैं देश के अंदर ? अब

- **गहलोत के अनुसार मध्य प्रदेश में तो एक-एक विधायक से 25-30-35 करोड़ तक में सौदे हुए।**
- **''ई.डी. और इनकम टैक्स का मिसयूज़ हो रहा है, न्याय के लिए कहां जाएं, जुडिशिअरी खुद दबाव में है।''**

महाराष्ट्र का देखिए आप। पता नहीं मालूम करेंगे कि क्या हो रहा है वहां पर। ये उनका जो प्रयास है सरकार गिराने का ये तो एक प्रकार से दुनिया के सामने ओपन हो गया है। इतना बड़ा षड्यंत्र इन्होंने किया है, कैसे किया गया, कैसे हॉर्स ट्रेडिंग हो रही होगी, क्या सौदे हो रहे होंगे, वो तो वो जानें और उनकी आत्मा जाने।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में उस वक्त में भी जो तमाशा हुआ था, वो सबके सामने है। अचानक सुबह साढ़े छह बजे शपथ करवा दी गई। बधाइयां मिलने लग गईं। जो शपथ लेने वाले थे मिस्टर फडणवीस, उन्होंने वापस ट्वीट किया कि मोदी है तो मुमकिन है।

मतलब मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है। जुर्म भी है, अन्याय भी है, अत्याचार भी है, उत्पीड़न भी है, सब कुछ संभव है। बाद में उनको मुंह की खानी पड़ी। तब से ही उनके दिल में ये टीस थी कि कब हमें मौका लगे, कब हम ईडी का उपयोग करें, डराएं - धमकाएं सीबीआई से, इनकम टैक्स से और वो ही देख रहे हैं आप। 2-2 मंत्री जेल में बैठे हुए हैं। जमानत तक नहीं होने दी जा रही है, तो ये तमाम षड्यंत्र हैं। लोकतंत्र को नष्ट करने का, खत्म करने का।

गहलोत ने कहा कि पहले मध्य प्रदेश में हुआ, फिर राजस्थान में हुआ। अब महाराष्ट्र में कर रहे हैं। सरकारें गिराने के षडयंत्र चल रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ईडी और इनकम टैक्स का मिसयूज हो रहा है। जब न्याय नहीं मिलता है तो आदमी जूडिशियरी में जाता है। अब जूडिशियरी खुद दबाव में है।

अगर वही दबाव में हो तो आदमी कहां जाए ? यह बहुत खतरनाक खेल हो रहा है। ये फासिस्ट लोग हैं। केवल लोकतंत्र का मुखौटा पहने हुए हैं। इनका लोकतंत्र में यकीन नहीं है। केवल लोकतंत्र का मुखौटा पहनकर राजनीति कर रहे हैं।

## शिव सेना नेता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राउत को ठाकरे का मुख्य सहयोगी माना जाता है। आज भी राउत ने सेना की तरफ से पी.आर अभियान संभाला और कहा कि शिंदे शिव सेना के प्रति निष्ठावान है और संकट को जल्दी ही हल कर लिया जाएगा। विधानसभा में अगर विश्वास कांत हुआ तो ठाकरे को हटाने के लिए भाजपा को 37 विधायक और चाहिए उसके पास अपने 106 विधायक है। जी-22 के बिना ठाकरे की सरकार बहुमत के एकदम करीब आ गई है जी-22 असल में कांग्रेस के असंतुष्टों के प्रयुक्त शब्द है, पर सेना के जी-22 में मंत्री हैं।

शिंदे ठाणे के एक जन नेता हैं और नगर विकास एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री है।

## यशवंत सिन्हा राष्ट्रपति पद...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संरक्षित सिन्हा पार्टी के महासचिव तथा प्रवक्ता बन गये थे। राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के लिए सिन्हा के नाम की घोषणा होने के बाद, उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टी.एम.सी. में मुझे जो प्रतिष्ठा एवं सम्मान दिया, उसके लिये मैं उनका ''आभारी'' हूँ। उन्होंने ट्वीट में कहा कि अब एक बड़े राष्ट्रीय हित के लिये काम करने का समय आ गया है तथा ''मुझे विपक्ष की एकता के एक बहुत बड़े काम की खातिर, पार्टी से हटकर काम करना होगा।'' उन्होंने कहा कि ''मुझे पूरा यकीन है कि वे (बनर्जी) इस कदम का समर्थन करेंगी।''

एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार द्वारा संसद के उप भवन में बुलाई गई एक मीटिंग में एकत्रित हुये विपक्ष के नेता सिन्हा के नाम पर एकमत से तैयार हो गये। विपक्ष के चयन की सुई सिन्हा तक तक पहुँची, जब तीन हस्तियों ने राष्ट्रपति चुनाव के लिये विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार बनने से इनकार कर दिया। ये तीन हस्तियाँ थीं- पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद पवार, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला तथा पूर्व राज्यपाल एवं महात्मा गांधी के पौत्र एवं देश के गवर्नर जनरल रहे सी. राजगोपालाचारी के दोहिते, गोपाल कृष्ण गांधी।

विपक्ष के संयुक्त बयान का वाचन करते हुये, कांग्रेस के मीडिया प्रमुख जयराम रमेश ने कहा, ''हमने निर्णय लिया है कि आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिये (विपक्ष के) एक साझा प्रत्याशी का चयन किया जाये तथा मोदी सरकार को और अधिक नुकसान करने से रोका जाये। आज यहाँ हुई मीटिंग में, हमने साझा उम्मीदवार के रूप में यशवंत सिन्हा का चयन किया है। हम सभी विपक्षी दलों से यशवंत सिन्हा को वोट देने की अपील करते हैं।''

इस साझा बयान में भाजपा तथा उसके मित्र दलों से भी सिन्हा की उम्मीदवारी का समर्थन करने की अपील की गई, जिससे देश को ''निर्विरोध निर्वाचित योग्य राष्ट्रपति मिल सके।'' यशवंत सिन्हा के प्रचार के संचालन के लिये एक कमेटी गठित कर दी गई है।

रमेश ने कहा, ''हमें दुख है कि मोदी सरकार ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिये सर्वसम्मति की दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया।''

साझा बयान को पढ़ते हुये, उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रपति चुनाव के लिये बनी विपक्षी एकता आने वाले महीनों में और भी मजबूत होगी। पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी नैशनलिस्ट पार्टी प्रमुख शरद पवार तथा जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होने से पहले ही इनकार कर चुके थे। भाजपा भी आज अपने संसदीय दल की बैठक करेगी, जिसमें राष्ट्रपति चुनाव के लिये उसके चयन को अंतिम रूप दिये जाने की संभावना है।

अपनी आत्मकथा ''रिलेन्टलैस'' में, सिन्हा लिखते हैं कि ''मेरे जन्म की तारीख और वर्ष तो समय की भूलभुलैयों में कहीं खो गये'', लेकिन मेरे बड़े भाई टुनटुन भैया, जो 1944 में स्कूल में दाखिल कराने के लिये मुझे ले गये थे, ने इसकी प्रविष्टि 6 नवम्बर, 1937 के रूप में करा दी'' और यही रिकॉर्डों में उनकी प्रामाणिक जन्म तिथि हो गई। सिन्हा ने स्कूली तथा विश्वविद्यालयी शिक्षा पटना से ली। 1958 में, उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एम.ए. किया तथा अपने उसी कॉलेज में 1958 से 1960 तक राजनीति विज्ञान विषय का अध्यापन किया। 1960 में वे आई.ए.एस. अधिकारी बन गये तथा 24 साल के अपने कार्यकाल में विभिन्न पदों पर रहे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण से प्रेरित होकर सिन्हा ने 1984 में आई.ए.एस. की नौकरी से इस्तीफा दे दिया तथा पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की जनता पार्टी के सदस्य के रूप में सक्रिय राजनीति में उतर गये। वे 1986 में अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त कर दिये गये तथा 1988 में राज्यसभा के लिये चुन लिये गये। जब वी.पी. सिंह के नेतृत्व में जनता दल का गठन हुआ तो सिन्हा उसके महासचिव बना दिये गये। वे नवम्बर 1990 से जून 1991 तक चन्द्रशेखर, जिन्होंने जनता दल को तोड़कर, समाजवादी जनता पार्टी बना ली थी, के मंत्रिमण्डल में पहली बार देश के वित्त मंत्री बने।

वे अपने हजारी बाग लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ा करते थे, जो इस समय झारखंड में हैं। लेकिन 2014 में, भाजपा ने उन्हें हजारी बाग से टिकट देने से इनकार कर दिया। भाजपा ने इस सीट से सिन्हा के पुत्र जयन्त को चुनाव में उतारा था। सिन्हा ने 2018 में पटना के एक समारोह में, सक्रिय राजनीति को छोड़ देने की घोषणा कर दी थी। लेकिन 2021 में पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले, वे ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये तथा पार्टी के उपाध्यक्ष बन गये। मंगलवार को उन्होंने पार्टी से यह कहते हुये इस्तीफा दे दिया कि अब उनके लिये विपक्ष की महान एकता के लिए काम करने का समय आ गया है।

वाजपेयी मंत्रिमण्डल में, वे 1998 से 2002 तक दो बार वित्त मंत्री रहे। 2002 में, उनके और विदेश मंत्री जसवंत सिंह के पदों में अदला-बदली कर दी गई। संयोग देखिये, सिन्हा के पिता ने उनका नाम प्रसिद्ध राजपूत योद्धा जसवंत सिंह मारवाड़ के नाम पर ही रखा था। अपने छोटे से कार्यकाल के बारे में बात करते हुये, वे प्रायः पूर्व अमेरिकन सैक्रेटरी ऑफ स्टेट कॉलिन पोवेल के साथ रहे अपने बहुत अच्छे तालमेल का जिक्र करते हैं। सिन्हा कहते हैं कि वे ऐसे एकमात्र भारतीय विदेश मंत्री रहे हैं जिन्हें अमेरिकन राष्ट्रपति (उस समय जॉर्ज बुश) से मिलने के लिए ओवल ऑफिस में आमंत्रित किया गया था।

जहाँ सिन्हा भाजपा और सक्रिय राजनीति से परे हो गये, उनके पुत्र जयंत भाजपा में ही हैं तथा अपने पिता के पूर्व चुनाव क्षेत्र हजारी बाग से सांसद हैं। पिछली मोदी सरकार में, जयंत केन्द्रीय राज्य मंत्री थे। सिन्हा का विवाह नीलिमा से हुआ था तथा उनके दो पुत्र एवं एक पुत्री है। जहाँ एन.डी.ए. के समक्ष इस चुनाव में छोटी-मोटी मुश्किल के अलावा कोई परेशानी नहीं है, वहीं सिन्हा विपक्ष- दोनों के लिये बहुत बड़ा प्रतीकात्मक महत्व है। विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ एक नैतिक रूख प्रदर्शित करते हुये यह चुनाव लड़ रहा है। राष्ट्रपति चुनाव का परिणाम कुछ भी क्यों न रहे, लेकिन यह बड़ा रोचक रूप लेने जा रहा है।

इस तथ्य के बावजूद कि संख्या बल सत्तारूढ़ एन.डी.ए. के प्रत्याशी के पक्ष में ही है, सिन्हा जो लोकतंत्र एवं संविधान के सुस्पष्ट प्रवक्ता तथा उनके घोर समर्थक हैं, अगले राष्ट्रपति के लिये इस चुनावी लड़ाई में जान डाल देंगे। नये राष्ट्रपति के निर्वाचन की प्रक्रिया 15 जून को शुरु हो गई थी। नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29 जून है। अगर जरूरी हुये तो चुनाव 18 जुलाई को होंगे तथा मतगणना 21 जुलाई को होगी।

# थानाधिकारी-कांस्टेबल के बीच समलैंगिक संबंध बने

## फिर संबंध ब्लैक मेलिंग में तब्दील हुए

नागौर, 21 जून (निसं)। नागौर जिले की खाकी को शर्मसार करने का मंगलवार को मामला सामने आया है। रोजमर्रा की जिंदगी में महिला एवं पुरुष के बीच प्रेम संबंध होना आम बात हो गई है मगर दो पुरुष एक दूसरे के प्रति आकर्षित होकर इस हद तक पहुंच जाए की परिणाम शर्मसार कर देने वाले हो जाए।

मामला खींवसर थानाधिकारी और कांस्टेबल के बीच का है और फिर दोनों के बीच समलैंगिक संबंध तक बन गए मगर कांस्टेबल ने जब थानाधिकारी को ब्लैकमेल करना शुरू किया तो मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आ गया।

खींवसर थानाधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया। उधर नागौर एसपी राममूर्ति जोशी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच नागौर वृत्ताधिकारी को सौंपी गई है।

- **खीवसर एस.एच.ओ. ने डेगाना में तैनात कांस्टेबल के खिलाफ कराई एफ.आई.आर.।**
- **नागौर एस.पी. ने तुरंत कार्यवाही कर कांस्टेबल को गिरफ्तार किया ।**

प्रकरण के अनुसार डेगाना थाने में तैनात एक कांस्टेबल की खींवसर थानाधिकारी से फेसबुक पर दोस्ती हुई और दोस्ती प्रेम में बदल गई।

दोनों के बीच न्यूड चैटिंग होने लगी और फिर समलैंगिक संबंध बन गए। बाद में कांस्टेबल थानाधिकारी को ब्लैकमेल करने लगा। बताया जा रहा है कि, उसने थानाधिकारी से ढाई लाख रुपए ऐंठ लिए और लाखों रुपयों की डिमांड व एक कार तक मांगने लगा। इससे परेशान खींवसर थानाधिकारी एसपी के समक्ष उपस्थित हुए और लिखित शिकायत पेश की।

बताया जाता है कि कांस्टेबल ने वीडियो चैटिंग को रिकॉर्ड कर लिया तथा उसके पास दोनों के कई अश्लील वीडियो थे और वो उसे वायरल करने की धमकी देकर थानाधिकारी से रूपए ऐंठने लगा।

इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर डेगाना थाने में तैनात कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया है।

उधर पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने इस प्रकरण की गंभीरता को समझते हुए तुरंत प्रभाव से खींवसर थानाधिकारी व डेगाना कांस्टेबल दोनो को निलंबित कर दिया है। अब इस पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है।

## अग्निपथ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कहा कि, मुझे लगता है कि विरोध करना अपनी आवाज़ उठाना न्यायोचित है और लोकतंत्र में इसकी अनुमति है लेकिन यह गुंडागर्दी, हिंसा इसकी ना तो अनुमति है और ना ही बर्दाश्त की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया ''जहां तक रेजीमेंटों का प्रश्न है, दो बातें समझना जरुरी है। रेजीमेन्टों की अवधारणा से कोई छेड़खानी नहीं कर रहा है। --- वे (रेजीमेन्ट) बनी रहेंगी।-- रेजीमेन्ट व्यवस्था समाप्त नहीं हुई है।---''

इस बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री एम.एल. खट्टर ने कहा: ''वे अग्निवीर (4 साल की सेवा के बाद लौटने वाले 75 प्रतिशत अग्निवीर), जो हरियाणा सरकार की नौकरियों पाना चाहेंगे, को गारंटी शुदा नौकरियाँ दी जायेंगी। जो अग्निवीर चाहेंगे, वे ग्रुप सी की नौकरियों के किसी भी केडर में जा सकेंगे। अन्यथा स्थिति में, हमारे पास पुलिस की नौकरी हैं, जो उन्हें दे दी जायेंगी।

## राष्ट्रपति पुतिन की बेशुमार सम्पत्ति व धन?

लंदन, 21 जून (वार्ता)। रूस के ईमेल में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जुड़ी साढ़े चार अरब डॉलर से अधिक की संपत्तियों के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। द गार्जियन के अनुसार एक डिजिटल पेपर के सबूतों से पता चलता है कि रूसी राष्ट्रपति द्वारा कथित तौर पर उपयोग किए जाने वाले हॉलिडे होम और अन्य संपत्तियों की एक लम्बी सूची मिली है। जो उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार अलग-अलग व्यक्तियों, कंपनियों और धार्मिक संस्थायें के स्वामित्व में हैं वह सभी एक ही एल.एल.सी.आई.एन. वेस्ट डॉट आर.यू. नाम के एक ही ईमेल डोमेन से जुड़ी है। जानकारी में आये ईमेल एक्सचेंजों से पता चलता है कि इन संपत्तियों को रखने और प्रबंधित करने वाली अलग-अलग संस्थाओं के निदेशक और प्रशासक दैनिक व्यावसायिक मामलों पर उसी तरह चर्चा करते है जैसे कि वे एक ही संगठन का हिस्सा हों।

## 'हमें भी सुनें'...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राजस्थान सरकारों को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे हिंसक प्रदर्शनों पर एक स्टेटस रिपोर्ट पेश करें।

सुप्रीम कोर्ट में दायर एक अन्य याचिका में आरोप लगाया गया है कि केन्द्र सरकार सेना में चयन की 100 साल पुरानी प्रक्रिया को खत्म कर दिया है जो कि संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है तथा इस पर संसद की अनुमति भी नहीं ली गई है।

## कमलनाथ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मंगलवार को जोर देते हुये कहा कि महाराष्ट्र सरकार अपना पंचवर्षीय कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने इस बात को सिरे से खारिज कर दिया कि अगर गठबंधन टूटता है तो उनकी पार्टी एन.सी.पी. भाजपा के साथ चली जायेगी।

## नक्सली हमले में 3 सी.आर.पी.एफ. जवान शहीद

रायपुर, 21 जून। छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर सी.आर.पी.एफ. टीम के ऊपर बड़ा नक्सली हमला हुआ है। इस हमले में तीन जवान शहीद हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक हमला सी.आर.पी.एफ.-19 बटालियन की आर.ओ.पी. पार्टी पर किया गया है। हमले में कई जवानों के घायल होने की भी खबर है। यह हमला ओडिशा के नौपाड़ा जिले में हुआ है। नक्सलियों ने हमले को उस वक्त अंजाम दिया जब सी.आर.पी.एफ. जवान सड़क बनाने के काम में लगे लोगों को सुरक्षा देने के लिए निकले थे।

इसी दौरान नक्सलियों ने घात लगाकर सुरक्षा जवानों के ऊपर हमला कर दिया। सी.आर.पी.एफ. से मिली सूचना के मुताबिक जवानों के ऊपर यह हमला दोपहर करीब 2.30 बजे हुआ। इस हमले में शहीद हुए सी.आर.पी.एफ. जवानों की पहचान हो गई है।

# प्रदेश में एक जुलाई से स्कूल शुरु

## माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने यह कैलैण्डर जारी किया

बीकानेर, 21 जून (कासं)। राज्य के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल 24 जून से शुरू हो जायेंगे लेकिन रैगुलर क्लासेज़ एक जुलाई से शुरू होंगी। टीचर्स को 24 जून से स्कूल पहुंचना होगा। वहीं सभी स्कूलों में एडमिशन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की गई है। शिक्षा विभाग ने सत्र 2022-23 का कलैण्डर जारी करते हुए इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल की ओर से जारी ईयर कलैण्डर के अनुसार नया सत्र 2022-2023 24 जून से आरम्भ होगा तथा सामान्य प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ होगी। प्रवेशोत्सव दो चरणों में चलाया जायेगा। प्रथम चरण 24 जून 2022 से प्रारम्भ होगा। प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई अथवा परीक्षा परिणाम घोषित होने के 10 दिन बाद तक रहेगी। वहीं व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों में योजना का प्रचार प्रसार एवं नये विद्यार्थियों के लिए प्रवेश हेतु काउंसलिंग कार्य 21 से 30 जून तक की जायेगी।

- **24 जून से आना होगा टीचर्स को, एडमिशन की लास्ट डेट्स 15 जुलाई।**

इस स्कूलों में मध्यावधि छुट्टियां 19 से 31 अक्टूबर 2022 तक होगी। जबकि सर्दी की छुट्टियां 25 दिसम्बर, 2022 से 5 जनवरी 2023 तक होंगी। वार्षिक व बोर्ड परीक्षा में अंतिम परीक्षा के उपरान्त विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में अस्थाई प्रवेश दिया जायेगा। अगला नया सत्र 1 मई 2023 से प्रारम्भ होगा तथा 1 मई से 16 मई, 2023 तक प्रवेशोत्सव का प्रथम चरण का आयोजन होगा। गर्मी में एक अप्रैल से तीस सितम्बर तक सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक स्कूल खुलेंगे। कुल साढ़े पांच घंटे स्कूल लगेगी और 35 मिनट का एक पीरियड होगा।

सर्दियों में एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह दस बजे से चार बजे तक स्कूल लगा करेंगे। कुल छह घंटे पढ़ाई होगी। एक अप्रैल से तीस सितम्बर तक सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक स्कूल लगेंगे। 22 अगस्त से 24 अगस्त तक फर्स्ट टेस्ट होंगे। 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर के बीच सैकंड टेस्ट होंगे।

10 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा होगी। 20 फरवरी से 22 फरवरी तक थर्ड टेस्ट होंगे। 6 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच फाइनल एग्ज़ाम होंगे।

## महाराष्ट्र में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नारायण राणे पार्टी से उस समय निकाल दिये गये थे, जब उन्होंने उद्धा ठाकरे के नेतृत्व को उस समय चुनौती दी थी, जब उद्धव 2003 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बना दिये गये थे। जहाँ शिवसेना इन सब बगावतों को सफलतापूर्वक झेल चुकी है, वहीं शिन्दे का विरोध, एम वी ए सरकार के सम्भावित पतन का कारण बन सकता है।

# ईस्टर्न कैनाल प्रोजैक्ट पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत व पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट आमने-सामने

## सचिन पायलट से चूक हो गई, मध्यप्रदेश जैसा फैसला हो गया होता तो ईस्टर्न कैनाल प्रोजैक्ट पर काम चालू हो चुका होता- गजेन्द्र सिंह

- **पायलट ने पलटवार किया- ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजैक्ट में बीजेपी ने राजस्थान से वादाखिलाफी की, वो अपनी विफलता का ठीकरा जनता पर फोड़ रहे हैं।**
- **सरकार की कमी को दूर करने के बजाय गलती छिपाने के लिए मंत्री जुटे, गलती तो जनता से हो गई कि, वह भाजपा के झूठे वादों में फंस गई- पायलट।**

जयपुर, 21 जून (का.प्र.)। जुलाई 2020 के दौरान राजस्थान में पैदा हुए राजनीतिक संकट पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सचिन पायलट के मौका चूकने की बात की और कहा कि उस समय सचिन पायलट से चूक हो गई, उस समय राजस्थान के विधायक मध्यप्रदेश जैसा फैसला ले लेते तो ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजैक्ट पर काम चालू हो गया होता केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से दिए गए इस बयान पर सचिन पायलट ने कहा कि जनता समझ गई है, अब वह आपको चुनने की चूक नहीं करेगी और झूठे वादों में नहीं फंसेगी।

गजेंद्र शेखावत के आरोपों पर सचिन पायलट ने कहा कि ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ई.आर.सी.पी.) में बीजेपी ने राजस्थान के साथ वादाखिलाफी की है। वे अपनी विफलता का ठीकरा जनता पर फोड़ रहे हैं। पायलट ने कहा कि राजस्थान के मंत्री होने के बावजूद शेखावत अपने गृह राज्य की मांग पूरी नहीं कर पा रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री ने मंच से घोषणा की थी कि एनईआरसीपी प्रोजैक्ट शुरू किया जाएगा। सरकार की कमी को दूर करने की बजाय मंत्री उस गलती को छिपाने में जुटे हुए हैं। गलती तो जनता से हो गई कि वह बीजेपी के झूठे वादों में फंस गई।

पायलट ने कहा कि केंद्र के मंत्री तोते की तरह झूठा प्रचार करने में लगे हैं। पहले किसान कृषि बिल की पूरी सरकार ने तोते की तरह प्रशंसा की और बाद में माफी मांग कर बिल वापस ले लिया, लेकिन हमने इतने किसानों को खोया, इसे देश माफ नहीं करेगा। अब अग्निपथ योजना में केंद्र सरकार ने जिस तरह से नौजवानों के साथ छल किया है, उससे पूरे देश का मनोबल कम हुआ है। भारत माता की सेवा करने वाले नौजवान पूरे देश में आक्रोशित हैं तो केंद्र के सभी मंत्री और नेता फिर तोते की तरह योजना का झूठा प्रचार करने में लगे हैं।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने चौमूं कस्बे में हुई एक सभा में कहा था कि राजस्थान में सचिन पायलट से चूक हो गई। यदि 2020 में मध्यप्रदेश के विधायकों ने जैसा फैसला किया, उसी तरह राजस्थान में हो गया होता तो आज 13 जिले प्यासे नहीं होते और ईस्टर्न कैनाल प्रोजैक्ट पर काम चालू हो चुका होता। शेखावत ने कहा कि गहलोत ईआरसीपी पर केवल राजनीतिक फायदे के लिए कुंडली मारकर बैठे हैं। राजस्थान सरकार को 13 जिलों के प्यासे कंठो की प्यास बुझाने के लिए प्रोजैक्ट में संशोधन करके भारत सरकार को भेजना है। शेखावत ने कहा कि सरकार संशोधन करके आज भेज दे, तो 2 महीने में इस योजना को लागू करवा दूंगा। अगर ये सरकार दो महीने में संशोधन नहीं भेजे तो आप 2023 में इनको भेज देना। उसके बाद में अपनी बीजेपी सरकार आएगी, वो इसको लागू करवा देगी। इन 13 जिलों के लोगों को मैं कहना चाहता हूं कि ये सरकार केवल राजनीति करना चाहती है। शेखावत ने कहा कि गहलोत जब मुख्यमंत्री बने और ईआरसीपी पर चर्चा की, तो सबसे पहली आपत्ति मध्य प्रदेश के तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने की थी। 2019 में जब मैं जलशक्ति मंत्री बना तो राजस्थान और मध्य प्रदेश के मंत्रियों-अधिकारियों की बैठक बुलाई। अधिकारी तो आए, लेकिन गहलोत सरकार के मंत्रियों को शायद मेरे ऑफिस में आने में डर लगता है।

शेखावत ने कहा कि राजस्थान का कोई मंत्री और संतरी मेरे ऑफिस में नहीं आता है। मैंने 7 बार मीटिंग बुलाई, मंत्री नहीं आए। सातों बार अधिकारियों के साथ चर्चा की कि इसका रास्ता निकलना चाहिए। मध्यप्रदेश को सहमत किया और राजस्थान सरकार को चिट्ठी भेजी कि आप 75 प्रतिशत डिपेंडेबिलिटी पर इस योजना को बनाकर भेजो। मैं तुरंत ही इसको स्वीकृत कर दूंगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908